स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, शनिवार
23 अगस्त, 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2082 वि.
वर्ष 37, अंक - 07 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

एलावेनिल वालारिवन ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता



BALAJI WAFERS
MD. QASIM
To ensure you are dealing directly with Balaji Wafers
please visit our official website at https://www.balajiwafers.com
BALAJI WAFERS

# राष्ट्रपति ने दी दो नए कानूनों को मंजूरी

## नया आयकर विधेयक 1 अप्रैल 2026 से देश में होगा लागू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयकर विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है, यह पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। आयकर अधिनियम, 2025, अगले वित्तीय वर्ष, 1 अप्रैल, 2026 से लागू होगा। नया अधिनियम कर कानूनों को सरल बनाएगा और कानून में शब्दों की अधिकता को कम करेगा, जिससे इसे समझना आसान हो जाएगा। आयकर विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आयकर अधिनियम, 2025 को 21 अगस्त, 2025 को माननीय राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह 1961 के अधिनियम का स्थान लेने वाला एक ऐतिहासिक सुधार है, जो एक सरल, पारदर्शी और अनुपालन-अनुकूल प्रत्यक्ष कर व्यवस्था की शुरुआत करता है। आयकर विधेयक, 2025, 12 अगस्त को संसद की पारित किया गया। नया अधिनियम कोई नई कर दर लागू नहीं करता है और केवल भाषा को सरल बनाता है, जो जटिल आयकर कानूनों को समझने के लिए आवश्यक था। नया कानून अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटाता है तथा आयकर अधिनियम 1961 में धाराओं की संख्या 819 से घटाकर 536 कर देता है तथा अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर देता है। नये आयकर अधिनियम में शब्दों की संख्या 5.12 लाख से घटाकर 2.6 लाख कर दी गई है, तथा पहली बार इसमें स्पष्टता बढ़ाने के लिए 1961 के कानून के सघन पाठ के स्थान पर 39 नई सारणियां और 40 नए सूत्र शामिल किए गए हैं।



## ऑनलाइन 'गेम ओवर', निर्देश न मानने पर 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब कानून का रूप ले चुका है। इस कानून के लागू होते ही भारत के ऑनलाइन गेमिंग परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ गया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद से पारित इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। इससे पहले लोकसभा से गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा से पारित कर दिया गया था। वहीं, बुधवार को इस बिल को लोकसभा ने अपनी हरी झंडी दिखाई थी। नए कानून में ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को तो राहत दी गई है, लेकिन ऑनलाइन मनी गेम्स पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। इसे लेकर गेमिंग उद्योग जगत और सरकार के मत बंटे हुए हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं। ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग उन डिजिटल प्लेटफॉर्म को संदर्भित करता है जहां खिलाड़ी खेलों में भाग लेने के लिए भुगतान करते हैं और नकद पुरस्कार जीत सकते हैं। इनमें नकद दांव और मौद्रिक जीत वाले सभी ऑनलाइन गेम शामिल हैं। मनी गेम्स ऑफर करने पर अधिकतम 3 साल की जेल और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना। विज्ञापन करने पर 2 साल की जेल और 50 लाख रुपये जुर्माना। दोहराने पर 3 से 5 साल की जेल और दो करोड़ रुपये तक का जुर्माना। प्रमुख अपराधों को गंभीर और गैर-जमानती श्रेणी में रखा गया है। केंद्र सरकार या नए प्राधिकरण के निर्देशों का पालन न करने पर ?10 लाख का जुर्माना, पंजीकरण निलंबन या रद्दीकरण, और संचालन पर प्रतिबंध लग सकता है। मेजबानी और वित्तीय सुविधा से संबंधित अपराधों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के तहत स्पष्ट रूप से संज्ञेय और गैर-जमानती घोषित किया गया है।

# 'विपक्ष के उम्मीदवार ने की नक्सलवाद की मदद'

**कोच्चि।** उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जुबानी बयानबाजी तेज हो गई है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नीत गठबंधन के

- अमित शाह ने जस्टिस सुदर्शन रेड्डी पर साधा निशाना

उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी ने नक्सलवाद की मदद की है। यदि उन्होंने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं सुनाया होता तो देश में चरमपंथी वामपंथी आंदोलन 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता। अमित शाह ने शुक्रवार को कोच्चि में एक मीडिया समूह के आयोजन में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चुनाव किया है, उससे केरल में उसकी जीत की संभावना और कम हो गई है। अमित शाह ने कहा कि केरल ने नक्सलवाद का दंश झेला है। केरल की जनता निश्चित रूप से देखेगी कि कांग्रेस पार्टी, वामपंथी दलों के दबाव में, एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतार रही है, जिसने नक्सलवाद का समर्थन किया और सुप्रीम कोर्ट जैसे पवित्र मंच का इस्तेमाल किया।

### बिहार में बोले पीएम मोदी - ये नहीं तय करेंगे देश का भविष्य

# हर हाल में देश से बाहर होंगे घुसपैठिये

**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में घुसपैठियों की बढ़ती हुई संख्या पर चिंता व्यक्त की और कांग्रेस तथा राजद जैसी पार्टियों पर घुसपैठियों के जरिए बिहार की जनता का हक छीनने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि घुसपैठियों को हर हाल में देश से बाहर किया जाएगा।

बिहार के गयाजी में शुक्रवार को विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस तथा राजद अपने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों का इस्तेमाल कर रहे हैं और उन्हें संरक्षण भी दे रहे है। कांग्रेस और राजद को देश के अंदर बैठा घुसपैठिया बताते हुए उन्होंने लोगों से ऐसे दलों से सतर्क और सावधान रहने को कहा। पीएम मोदी ने कहा कि घुसपैठियों को देश से बाहर करने के लिए डेमोग्राफी मिशन बनाया गया है जो बहुत जल्द इस दिशा में अपना काम प्रारंभ करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि घुसपैठियों की बढ़ती हुई संख्या देश के लिए एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बिहार के सीमावर्ती जिलों की डेमोग्राफी में इसकी वजह से तेजी से बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने यह तय किया है कि देश का भविष्य घुसपैठियों को नहीं तय करने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार और देश के नागरिकों के हक, रोजगार और उनके अधिकारों पर घुसपैठियों को डाका डालने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डेमोग्राफी मिशन इस दिशा में बहुत जल्द तेजी से काम करेगा और किसी भी कीमत पर स्थानीय नागरिकों के हक और जमीन को छीनने नहीं दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में घुसपैठियों की बढ़ती हुई संख्या पर चिंता व्यक्त किया और कांग्रेस तथा राजद जैसी पार्टियों पर घुसपैठियों के जरिए बिहार की जनता का हक छीनने का आरोप लगाते हुए कहा कि घुसपैठियों को हर हाल में देश से बाहर किया जाएगा। देश के बाहर के घुसपैठियों से सावधान रहने के साथ-साथ राजद और कांग्रेस जैसी अंदरुनी घुसपैठियों से सतर्क रहने का लोगों से आह्वान करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस राजद जैसे दल बिहार के लोगों का घुसपैठियों के जरिए हक छीन रहे हैं। उन्होंने कहा कि वोट बैंक के लिए ये दल किसी भी स्तर तक जा सकते हैं इसलिए बिहार के लोगों को ऐसे दलों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों का सपना साकार हो और राज्य को नई उड़ान मिल सके इसके लिए उनकी सरकार बिहार की नीतीश कुमार की सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। वर्तमान समय को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इस समय लोगों को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है ताकि बिहार के विकास की गति बनी रहे।



**बिहार में एक कर्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी को मकान की चाभी सौंपते पीएम नरेन्द्र मोदी, सीएम नीतीश कुमार व अन्य**

# बेहतरीन नगरीय अवस्थापना का मानक होंगी नगर पालिकाएं : योगी

## इन्हें स्मार्ट व विकसित बनाने की योजना शीघ्र क्रियान्वित हो

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाएं बेहतरीन नगरीय अवस्थापना का मानक बनेंगी। योगी ने जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित नगर पालिका के रूप में विकसित करने की योजना का शीघ्र क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं।



नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट-विकसित नगर पालिका योजना का उद्देश्य जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिक-केंद्रित नगर पालिका के रूप में विकसित करना है। बैठक में अधिकारियों ने योगी को बताया कि योजना के तहत नगर पालिकाओं में गौरव पथ, पिंक टॉयलेट, शहरी सुविधा केंद्र, स्मार्ट कक्षा एवं आंगनबाड़ी, थीम पार्क, ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण, जलाशयों का जीर्णोद्धार, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन और डिजिटल सेवाओं जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सूचित किया कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए उत्सव भवन, सामुदायिक केंद्र और 'एक जिला, एक उत्पाद' आधारित ढांचे भी स्थापित किए जाएंगे। योगी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक नगर पालिका में परियोजनाओं का चयन स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर किया जाए और वित्तीय संसाधनों का आवंटन नगर निकायों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के अनुसार हो। अधिकारियों ने बताया कि नगर निकायों को चार करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक का अनुदान उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है, जो उनकी जनसंख्या और कार्यदक्षता पर आधारित होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्देश में मुख्यमंत्री ने सभी नगर निगमों में निवासियों के कर बकाये में विसंगतियों के तत्काल समाधान पर बल दिया।

# अब गांव का डाकघर भी होगा स्मार्ट!

## इंडिया पोस्ट ने शुरू की 5800 करोड़ की नई एडवांस्ड पोस्टल तकनीक

**नई दिल्ली।** भारतीय डाक ने घोषणा की कि उसने आईटी 2.0 उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) के राष्ट्रव्यापी शुभारंभ के साथ डिजिटल परिवर्तन के एक नए युग में प्रवेश किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के मार्गदर्शन में शुरू की गई इस पहल को डिजिटल इंडिया की दिशा में भारतीय डाक की यात्रा में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। यह उन्नत डाक प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म देश के 1.65 लाख डाकघरों में से प्रत्येक में तेज़, अधिक विश्वसनीय और नागरिक-अनुकूल डाक और वित्तीय सेवाएँ लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। डाक प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह प्रणाली सरकार के मेघराज 2.0 क्लाउड पर चलती है और बीएसएनएल की राष्ट्रव्यापी कनेक्टिविटी द्वारा समर्थित है। सिंधिया ने कहा कि यह परियोजना भारतीय डाक को एक विश्वस्तरीय सार्वजनिक रसद संगठन में बदल देगी। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत का एक उदाहरण बताया - जो अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों के निर्माण में भारत की आत्मनिर्भरता को दर्शाता है।

# संसद की सुरक्षा में फिर चूक

**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा में गुरुवार को सेंध का मामला सामने आया। एक व्यक्ति दीवार कूदकर संसद भवन में घुस गया और गरुड़ द्वारा तक पहुंच गया। सुरक्षा कर्मियों ने उसे तुरंत दबोच लिया। अब उससे पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी सुबह 6.30 बजे रेलभवन के पास पेड़ की मदद से दीवार पर चढ़ा और कूदकर अंदर घुसा। हालांकि, घटना के समय संसद में कोई सांसद मौजूद नहीं था। संसद का मानसून सत्र गुरुवार को खत्म हो गया था और राज्यसभा और लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था।

# कश्मीर में लश्कर के मददगार दो सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को आतंकवादी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया।

यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई है, जो राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में बिना जांच के कर्मचारी को बर्खास्त करने का अधिकार देता है। जांच एजेंसियों के अनुसार, दोनों कर्मचारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहे थे। कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों ने इनके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए हैं, जिनमें आतंकियों को सहायता पहुंचाने, आतंकी गतिविधियों में शामिल होने और देशविरोधी तत्वों के साथ संपर्क होने जैसी गंभीर बातें सामने आई हैं। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में शामिल हैं : खुर्शीद अहमद राथर-करनाह, कुपवाड़ा में कार्यरत एक शिक्षक तथा सियाद अहमद खान- केरन, कुपवाड़ा में भेड़ पालन विभाग में सहायक स्टॉकमैन।

# खुलासा : अमेरिकी दूतावास ने खोली ट्रंप के दावे की पोल

**नई दिल्ली।** भारत में चुनावों को प्रभावित करने के उद्देश्य से अमेरिकी फंडिंग को लेकर ट्रंप के दावों पर भारत में अमेरिकी दूतावास

- यूएसएआईडी ने भारत में चुनावों के लिए नहीं दिए 21 मिलियन डॉलर

ने बड़ा खुलासा किया है। अमेरिकी दूतावास ने विदेश मंत्रालय को बताया है कि यूएसएआईडी ने भारत में चुनीवों को लेकर कोई भी फंड नहीं दिया है। अब विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास के इस बयान को संसद में साझा किया है।




माकपा सांसद जॉन ब्रिटास के सवाल के जवाब में सरकार द्वारा संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक, अमेरिकी दूतावास ने बताया है कि यूएसएआईडी को वित्तीय वर्ष 2014 से 2024 तक भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर की धनराशि न तो मिली और न ही प्रदान की गई। साथ ही दूतावास ने यह भी कहा है कि यूएसएआईडी ने भारत में मतदान को प्रभावित करने के उद्देश्य से कोई भी गतिविधि नहीं की है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारतीय चुनावों में मतदान बढ़ाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) की धनराशि का प्रयोग हुआ है।

# 'यूएन मिशन में महिलाओं की भागीदारी का भारत प्रबल समर्थक'

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र की महिला सैन्य अधिकारियों से मुलाकात के दौरान यूएन मिशन में में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की

- महिला सैन्य अधिकारियों से बोले रक्षा मंत्री

सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत, संयुक्त राष्ट्र मिशन में महिलाओं की भागीदारी का प्रबल समर्थक है। संयुक्त राष्ट्र की महिला सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज यहां संयुक्त राष्ट्र के 15 देशों की सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति संयुक्त राष्ट्र की एकता और सहयोग की उसकी भावना को दर्शाती है। संयुक्त राष्ट्र ने शांति अभियानों में महिला



अधिकारियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। महिला अधिकारी शांति अभियानों में बहुमूल्य दृष्टिकोण लाती हैं। वे अक्सर स्थानीय समुदायों के साथ गहरा विश्वास बढ़ाने में सक्षम होती हैं और उनकी उपस्थिति यौन हिंसा को रोकने, मानवीय सहायता तक पहुंच में सुधार और लैंगिक समानता को बढ़ाने में मददगार साबित हुई है। महिला शांति सैनिक रोल मॉडल के रूप में काम करती हैं, स्थानीय महिलाओं और लड़कियों को प्रेरित करती हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता होने के नाते, भारत महिलाओं की भागीदारी और मिशनों में एकीकरण का प्रबल समर्थक रहा है। हमारी विरासत 1960 के दशक में कांगो में महिला चिकित्सा अधिकारियों के साथ शुरू हुई, और आज भी हम लैंगिक असमानताओं को पाटने के लिए ठोस कदम उठा रहे हैं। हम महिला अधिकारियों को शांति अभियानों के लिए तैयार करते हैं, और हम अपने सशस्त्र बलों और शांति अभियानों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियों को भी मजबूत कर रहे हैं, ताकि महिलाओं को नेतृत्व और सेवा के समान अवसर मिलें।

# उच्चतम न्यायालय ने कई अहम मुद्दों पर सुनाए फैसले

## डॉग लवर्स की जीत : आवारा कुत्तों की नसबंदी-टीकाकरण कर छोड़ें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन कर दिया।

- सिर्फ खूंखार-रेबीज संक्रमित कैद में रहें
- सार्वजनिक जगहों पर खाना न दें

कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी जगह पर छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने साफ किया कि कुत्तों को छोड़े जाने वाला आदेश रेबीज से संक्रमित या रेबीज से संक्रमित होने की आशंका वाले या फिर आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों पर लागू नहीं होगा। सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं होगी न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारैया की पीठ ने कहा कि डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले 11 अगस्त के निर्देश को फिलहाल स्थगित रखा जाएगा।

## संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संभल मस्जिद विवाद में 25 अगस्त तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। उन्होंने हिंदू याचिकाकर्ताओं को नोटिस भी जारी किया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत मस्जिद समिति की ओर से दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल की एक अदालत की ओर से दिए गए सर्वेक्षण के खिलाफ उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी और सर्वेक्षण के लिए सिविल अदालत के निर्देश को बरकरार रखा गया था।



## मतदाता सूची से बाहर लोग आधार कार्ड समेत 11 दस्तावेजों से कर सकते हैं आवेदन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं, वे ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आवेदनकर्ताओं को आधार कार्ड के साथ ही 11 अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की मंजूरी दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने बताया कि 85 हजार नए मतदाता वोटर लिस्ट में जोड़े गए हैं। साथ ही चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स के जरिए अभी तक सिर्फ दो आपत्ति दर्ज कराई गई हैं।

# उन्नाव समाचार

## युवक व महिला के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**स्वतंत्र भारत उन्नाव-** सदर कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर नहर पर एक महिला के साथ हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में एक युवक महिला को बेल्ट से लगातार पीटता नजर आ रहा है, वहीं महिला और उसकी बेटी भी युवक पर पत्थर से हमला कर रही है। फिलहाल मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। आदर्श नगर नहर के पास दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, विवाद बढ़ने पर एक युवक ने महिला को बेल्ट से मारना शुरू कर दिया। महिला और उसकी बेटी ने बचाव के लिए ईंट मारा लेकिन युवक के नहीं लगा। वहीं आसपास मौजूद लोग बीच-बचाव की कोशिश करते दिखे। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## सोते समय जहरीले कीड़े के काटने से बालिका की मौत

**स्वतंत्र भारत पुरवा उन्नाव-** भोर पहर सोते समय 10 वर्षीय बच्ची की उंगली में जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिससे उपचार के दौरान बच्ची की मौत हो गई ।कोतवाली छेत्र के पासा खेड़ा निवासी दीपक साहू की 10 वर्षीय बेटी गौरी शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे अपने माता-पिता और बडे भाई आनंद के साथ कमरे में सो रही थी। रात में करवट लेते समय उसका हाथ बेड से नीचे लटक गया। इसी दौरान किसी जहरीले कीड़े ने उसकी अंगुली में काट लिया,खून बहने और दर्द होने पर गौरी ने अपनी मम्मी को जगाया। जिसके बाद परिजनों ने आसपास देखा तो जहरीला करेट सर्प दिखाई दिया। परिवार वाले तुरंत उसे पहाड़पुर ले गए, वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी आराम नहीं मिला। इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।गौरी उच्च प्राथमिक विद्यालय पासा खेडा कम्पोजिट में कक्षा 5 की छात्रा थी। बच्ची की मौत से पिता दीपक साहू मां आरती भाई आनंद बाबा रूपम साहू रो रो कर बुरा हाल है।


## अज्ञात चोरों ने दो भाइयों के घर को बनाया निशाना, नगदी व कीमती सामान लेकर फरार

स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव- बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव में अज्ञात चोरों ने दो सगे भाइयों के सूने मकानों की कुंडी लोहे की आरती से काट दी और घरों के अंदर दाखिल हो गए, चोर कमरों के अंदर संदूकों में रखा नगदी और सोने चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गए। ग्राम आशायस निवासी रामनरेश पुत्र छोटेलाल फरीदाबाद हरियाणा में रहकर मेहनत-मजदूरी करता है। जबकि उसका भाई भी पंजाब प्रांत के लुधियाना में रोजी-रोटी कमाता है। अभी कुछ महीने पहले दोनों भाई अपने-अपने मकानों में ताला बंद कर परिवार सहित कमाई करने चले गए थे। बीते बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने दोनों मकानों की कुंडी लोहे की ब्लेड से काट डाली और घरों के अंदर घुस गए। चोर दोनों मकानों के अंदर बने कमरों की भी कुंडी किसी वजनी औजार से उखाड़ दी और संदूकों में रखा नगदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी कर भाग निकले। बीते गुरुवार को पड़ोसी तुलसी की पत्नी ने दोनों मकानों की कुंडी टूटी देखकर घटना की सूचना दोनों भाइयों को दी। सूचना मिलते ही आज शुक्रवार की सुबह एक भाई रामनरेश यहां अपने घर आ पहुंचा और घर के अंदर जाकर देखा तो माल-जेवर और नगदी गायब देखकर उसके होश उड़ गए। उसने बताया कि उसकी संदूक तोड़कर 40 हजार रुपए नगदी और करीब 4 लाख रुपए कीमत का सोने-चांदी का जेवर चोरी हुआ है। दूसरा भाई सुंदरलाल अभी तक लुधियाना से यहां पहुंच नहीं पाया है। गृहस्वामी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच की। बेहटा थाने के प्रभारी ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## उन्नाव में जिला बदर की कार्रवाई अपराधियों पर कसा शिकंजा

**स्वतंत्र भारत उन्नाव-** मा0 न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट उन्नाव द्वारा वाद संख्या 206।25 धारा 3 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम में विपक्षी अंशू गुप्ता उर्फ अमित कुमार गुप्ता को 6 महीने के लिए जिला बदर किया गया है। इस अवधि में वह बिना पूर्व अनुमति के जनपद उन्नाव की सीमाओं में प्रवेश नहीं कर सकता है।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर अजय कुमार सिंह द्वारा विपक्षी के निवास स्थान पर उपरोक्त आदेश की उद्घोषणा डुग्गी पिटवा कर की गई। यह कार्रवाई उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।जिला बदर की कार्रवाई से अपराधियों में डर का माहौल है और आम जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और कानून व्यवस्था मजबूत होगी। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, जिसमें अपराधियों को किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी।

## नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे कार्यों के खिलाफ सभासदों ने खोला मोर्चा



स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव- नगर पालिका के अधिकांश सभासदों ने भ्रष्टाचार को लेकर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बीते दिनों तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपे जाने के बाद अब सभी सभासदों ने प्रदेश के लोकायुक्त से पालिका प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार और पालिका निधि में भारी घपलेबाजी की जांच की मांग उठाई है।

बीते तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर सोमवार को पालिका बोर्ड के हरिओम तिवारी, इसरार, गुड़िया बानो, कृष्णा, सूरज बली, प्रियंका गौतम, राहुल शुक्ला, आशीष कुमार व वीरपाल आदि अधिकांश सभासदों ने उपजिलाधिकारी नवीन चन्द्र को अलग-अलग विंदुओं के तीन शिकायती पत्र सौंपे गए थे। इन शिकायती पत्रों में आरोप लगाया गया है कि बोर्ड के प्रस्ताव के बगैर पालिका प्रशासन द्वारा नागरिकों के ऊपर अवैधानिक ढंग से तीन गुना गृहकर और जलकर थोपने की तैयारी की जा रही है। जिसकी विज्ञप्ति भी अखबारों में प्रकाशित कराई जा चुकी है। इसके अलावा पालिका द्वारा आर्यन ग्रुप आफ गार्ड सर्विसेज के सफाई कर्मचारियों को सफाई हेतु समुचित संसाधन मुहैया नहीं कराए गए हैं। जबकि पालिका निधि से संसाधनों के लिए धन लगातार आहरित कर नागरिकों की गाढ़ी कमाई का बंदरबांट किया जा रहा है और नगर की सफाई के नाम पर फर्ज अदायगी की जा रही है। नगर का कूड़ा सड़कों के किनारे जमा किया जा रहा है। जिससे नगर में किसी भी समय संक्रामक रोगों के फैलने की प्रबल संभावना है।

शिकायती पत्रों में यह भी आरोप लगाया लगाया गया है, कि पालिका प्रशासन द्वारा जलकल पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई कार्य का टेंडर जारी किया गया। किंतु खुदाई का कार्य पालिका की पोकलैंड मशीन से कराई जा रही है और पाइपलाइन डालने का काम पालिका के कर्मचारी कर रहे हैं। सभासदों ने नाली खुदाई और पाइपलाइन बिछाने के कार्य में पालिका निधि का भारी बंदरबांट किया जा रहा है। साथ ही वाटर कूलर की मरम्मत के नाम पर भी फर्जी तरीके से धन हड़पा जा रहा है। सभासदों द्वारा एसडीएम से पालिका प्रशासन द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई गई थी। सभासदों का आरोप है कि शिकायती पत्रों के आधार पर अभी तक उनसे अथवा पालिका चेयरमैनध्अधिशासी अधिकारी से पूछताछ करने कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं आ सका है। आज शुक्रवार को सभासदों ने पालिका प्रशासन द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की लिखित फेहरिस्त जांच एवं कार्यवाही हेतु प्रदेश के लोकायुक्त को प्रेषित की है। साथ ही शिकायती पत्रों की प्रतियां प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित राज्यपाल, नगर विकास विभाग के निदेशक स्थानीय निकाय और जिलाधिकारी को भी भेजी गई हैं।

## डाकघर में एक माह से खराब कंप्यूटर व् कर्मचारियों से ग्राहक परेशान



स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव- डाकघरों में करीब एक माह से कंप्यूटर सिस्टम खराब है। जिससे ग्राहकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं डाकघर के कर्मचारियों द्वारा सीधे मुंह बात न करने से ग्राहकों मे आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कस्बा बांगरमऊ व गंजमुरादाबाद में स्थित डाकघरों में पिछ्ले करीब एक माह से कंप्यूटर सिस्टम खराब होने से रजिस्ट्री , स्पीड पोस्ट आदि का काम नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्राहक एक डाकघर से दूसरे डाकघर के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन अभी तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है। डाकघर में मौजूद ग्राहकों ने बताया कि वह काफी दिनों से चक्कर लगा रहे हैं। परंतु रजिस्ट्री , स्पीड पोस्ट आदि का काम बंद होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक ग्राहक ने बताया कि कुछ भी पूछने पर डाकघर के कर्मचारी सीधे मुंह बात नहीं करते हैं। जिससे ग्राहकों में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। डाकघर के कर्मचारी ने बताया की नया सिस्टम अपलोड होने के चलते यह दिक्कत आ रही है। नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है, कि अतिशीघ्र डाकघर की कंप्यूटर व्यवस्था सही कराई जाए। जिससे रजिस्ट्री , स्पीड पोस्ट आदि के आवश्यक कार्य हो सकें।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रति किया निर्देशित

स्वतंत्र भारत उन्नाव- जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा की पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय और दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की और प्राथमिकता से के साथ सभी निर्देशों के अनुपालन के प्रति सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 स्थित बंथर कट व आजाद मार्ग कट के सम्बंध में गंभीरता से विस्तार से चर्चा कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा हाइवे पर अनावश्यक अवैध कट को बंद कराया जाए।कहा उचित जगह पर ही कट की सुविधा दी जाय।ट्रैफिक की व्यवस्था ठीक होनी चाहिए सुरक्षित व सुगम यातायात सुनिश्चित हो इसके लिए आवश्यक कार्यवाही अधिशासी अभियंता पी डब्लू डी व सम्बंधित विभाग द्वारा कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटनाओं में कमी लाना प्राथमिकता समझी जाए। आये दिन सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। कहा यह सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक जगह पर साइन बोर्ड लग जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटना ओं में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाया जाए इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें। बैठक के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट सौर, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज उपजिलाधिकारी सदर अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रशासन सहित अन्य संबंधित अधिकारी और सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

## जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की गोष्ठी एवं बैठक का आयोजन

**स्वतंत्र भारत उन्नाव-** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल(पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद उन्नाव की शिक्षा उन्नयन गोष्ठी एवं संयुक्त बैठक अध्यक्ष अनुपम मिश्र की अध्यक्षता में प्रकाश गेस्ट हाउस उन्नाव में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन एवं बच्चों की विद्यालय में अधिकतम उपस्थिति पर जोर देने को कहा गया। इसके पश्चात समस्याओं पर विचार किया गया जो प्रमुख है। 1 - प्रथम चरण में जो विद्यालय मर्ज हुए हैं और उनमें से जो विद्यालय शासनके वर्तमान मानक के विपरीत है उनका मर्जर निरस्त कर आदेश जारी किया जाए तथा नया कोई भी मर्जर ना किया जाए। 2- जनपद के तमाम शिक्षकों को कई माह से चयन वेतनमान नहीं प्राप्त हुआ है। ऑनलाइन पोर्टल चालू हो गया है अब तक लंबित सभी शिक्षक ध् शिक्षिकाओं का चयन वेतनमान अभियान चलाकर तत्काल स्वीकृत कर आदेश जारी किया जाए। 3-वित्तीय वर्ष 2024 -25 समाप्त हो चुका है ,किंतु लेखा पर्चियां अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। शीघ्र लेखा पर्ची वितरित कराई जाए। 4- मार्च 25 में सेवानिवृत हुए तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं को पांच माह होने को हैं, किंतु अभी तक पीपीओ नहीं प्राप्त हुआ है अतः पेंशन भी नही मिली है। 5- जनपद के सभी शिक्षकों का 52-55ः डीए एरियर का भी भुगतान शीघ्र कराया जाए। 6- गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को अभियान चलाकर तुरन्त बंद कराया जाए तथा अमान्य कक्षाएं भी बंद कराई जाए। 7-निर्धारित मानकों के विपरीत जाकर परिषदीय विद्यालयों के पास मान्यता प्रदान की गई है, तो ऐसे विद्यालयों की जांच कर दोषियों को दंडित किया जाए तथा वह मान्यताएं निरस्त की जाएं। 8- वरिष्ठता सूची शीघ्र बनाई जाए तथा प्रोन्नति वेतनमान वर्षवार शीघ्र स्वीकृत किए जाएं ।9- शासन विभाग द्वारा भविष्य निधि ऑनलाइन करने के आदेश हैं किन्तु जनपद में ऑनलाइन नहीं है। कृपया शीघ्र ऑनलाइन कर पासबुक जारी की जाए।10- निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन तब तक न काटा जाए जब तक उसके अवकाश शेष हैं तथा जिन शिक्षकों का काटा गया है, तत्काल बहाल किया जाए। 11- तमाम शिक्षकों के कटे वेतन बहाली हेतु आवेदन संस्तुति सहित महीनों से कार्यालय में पड़े हैं किंतु अभी तक बहाली नहीं हुई है ।शीघ्र बहाल कर आदेश जारी किए जाएं। 12- 2016 तक सेवा निवृत्त सभी शिक्षकों को शासन के आदेश के बावजूद एक नोशनल वेतन वृद्धि अभी तक स्वीकृत नहीं हुई है। जो फाइले अपर निदेशक पेंशन लखनऊ जानी है ,शीघ्र भेजी जायें। यहाँ स्वीकृत होने वाली शीघ्र स्वीकृत की जाए। 13-शिक्षकों की आफ लाइन सेवा पुस्तिकाएं अद्यतन की जाए ।उनमें तमाम कमियां है। 14-शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त रखा जाए , जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित न हो।15- 03 दिसंबर 1999 में एक साथ नियुक्त हुए शिक्षकों के भविष्य निर्वाह निधि खाते में विसंगतियां हैं उनको सुधार कराया जाए और लेखा पर्ची जारी की जाए। 16-कुछ ब्लाकों में सेवा पुस्तिकाएं पोर्टल पर अभी तक अपलोड ही नहीं की गई हैं कृपया शीघ्र अपलोड कराई जाए। 17- शिक्षकों के लंबित समस्त एरियरों का भुगतान शीघ्र किया जाए। 18- विद्यालयों में सफाई नियमित नहीं होती है।सफाई कर्मी कभी आते हैं कभी नहीं।विद्यालय-शौचालय आदि गंदे पड़े रहते हैं। नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। अध्यक्ष अनुपम मिश्र ने कहा कि विभाग शासन मनमाना रवैया अपना रहा है। शिक्षकों की समस्याओं को हल करने पर कोई कार्य नहीं हो रहा है,समस्यायें ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। शासन के निर्देशों के बावजूद संगठन के साथ जनपद में कोई बैठक नहीं बुलाई जाती है ।महामंत्री रामजन्म सिंह ने कहा कि यदि शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं होता है तो संगठन बाध्य होकर लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष करने को विवश होगा। बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक राघवेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष सरल कुमार, अनिल शुक्ल, सुमन्त, राजनी वर्मा ,उमेश मिश्र ,अनूप शुक्ल, अरविन्द शुक्ल ,मोतीलाल, रामबाबू सिंह, सुरेश कुमार, राजकिशोर, चन्द्र किशोर, कर्मवीर प्रताप सिंह, संदीप द्विवेदी, गोविन्द मिश्र, तौसीफ अली खान, अजय पाटिल, अनिल दिवाकर, प्रदीप मिश्र ,कमलेश कुमार आदि पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मेले में आयोजित दंगल में पहुंचकर विधायक ने किया उत्साहवर्धन



स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव- क्षेत्र के ग्राम रूरी सादिकपुर के मेले में आयोजित दंगल में क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार कुश्ती देखने पहुंचे। उन्होंने पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराई। परंपरागत तौर पर आयोजित मेला और दंगल में मौजूद आम जनता से विधायक श्री कटियार ने कहा कि गांव में मेला व दंगल कराकर राजेश सिंह ने वर्षों की परम्परा को जीवंत रखा है। मेला जहां भाईचारा बरकरार रखने का माध्यम है , वहीं प्रमुख भारतीय खेल की विधा कुश्ती से स्वास्थ्य दुरुस्त रहता है। उन्होंने कहा कि दंगल में एक पहलवान तो कुश्ती जीतता है और दूसरा पहलवान लोगो का दिल जीतता है। उन्होंने आयोजकों सहित सभी पहलवानो का उत्साहवर्धन किया। दंगल में उनके साथ भाजपा नेता राजीव कुमार सिंह,विकास गुप्ता, पूर्व प्रधान राकेश रावत,राकेश सिंह,पूतू गुप्ता,जयपाल पटेल,अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# कानपुर देहात समाचार



## निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से करें प्राप्तए लापरवाही पर होगी कार्यवाही-डीएम

**प्राप्त शिकायतों, समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध करें निस्तारण: जिलाधिकारी अधिकारी शिकायतकर्ता से बात कर प्राप्त करें फीडबैक - जिलाधिकारी**

**माती कानपुर देहात** जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0 की उपस्थिति में मॉ मुक्तेश्वरी देवी कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन एवं मंडलायुक्त कानपुर मंडलए कानपुर द्वारा पूर्व में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि शासन स्तर से प्राप्त समस्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करना शासनए प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के दौरान सीएम डैशबोर्ड तथा आईजीआरएस पोर्टल की भी समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि दोनों पोर्टलों पर उपलब्ध डाटा को नियमित रूप से अपडेट किया जाएए प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा अधिकारी शिकायतकर्ता से बात कर फीडबैक जरूर प्राप्त करेंए जिससे शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जानकारी हो सके। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री सन्दर्भए मा0 जनप्रतिनिधि सन्दर्भए आईजीआरएसए तहसील दिवसए जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करने हेतु टीम भावना से कार्य करें और योजनाओं की पारदर्शिता बनाए रखें। जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि शासन की प्राथमिकताओं एवं जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेंए ताकि जनपद के नागरिकों को अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंहए परियोजना निदेशक डीआरडीए वीरेन्द्र सिंहए उप निदेशक कृषिए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रतिभा सिंहए डीसी एनआरएलएम गंगारामए उपायुक्त उद्योग मो0 सउदए जिला विद्यालय निरीक्षकए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारीए जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## केंद्र और प्रदेश की सरकारों को उखाड़ कर फेके बगैर मुश्किल है भागीदारी मिलना-मौर्य

**शुक्रवार को जिला मुख्यालय के इको पार्क में धूमधाम से मनाई गई महामना रामस्वरूप वर्मा की जयंती ए एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव ने कहा विज्ञान के चमत्कार स्वीकार है लेकिन आराध्य का अपमान नहीं होगा बर्दाश्तए कहां जातियों में बटने वाला समाज नहीं दिखा सकता है सही दिशा**



**माती कानपुर देहात** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय के इको पार्क में वरिष्ठ समाजसेवी महामना रामस्वरूप वर्मा की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा जमकर निशाने लगाते हुए कहा गया कि जब तक राज्य और केंद्र की सरकारें उखाड़ कर नहीं फेंकी जाएगी तब तक 90ः की भागीदारी मिल पाना मुश्किल है। कार्यक्रम के अध्यक्षता जन.जन के बीच लोकप्रिय सामाजिक संस्था एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर सीता यादव द्वारा की गई। वहीं भारतीय दलित पैंथर के अध्यक्ष पैंथर धनीराम बौद्ध द्वारा कहा गया कि हम बड़ी सौभाग्यशाली पीढ़ी में जन्मे हैं जो हमें अपने पूर्वजों की जयंती मनाने का आवश्यक प्राप्त हुआ है उन्होंने कहा कि यह इस लिए भी है क्योंकि हम अपने महापुरुषों को जानते हैं और उनके बताए मार्ग पर चल रहे हैं लेकिन समय के बदले हुए परिवेश में अंधविश्वास और पाखंड का जो आडंबर फैला हुआ है यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं होगा जब हमारे सामने खड़ी पीढ़ी हमें पहचानने से इनकार कर देगी। बीते कई दिनों से भारतीय दलित पैंथर एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति अखिल भारतीय पाल महासभा बौद्ध दीक्षा मेला समिति सहित अन्य संगठनों द्वारा महामना रामस्वरूप वर्मा की जयंती को समारोह पूर्वक मनाई जाने की तैयारी की जा रही थी शुक्रवार को जयंती कार्यक्रम प्रस्तावित होने के चलते मुख्यालय के इको पार्क में जिले के अलग.अलग स्थान से भारी संख्या में लोगों का पहुंचना सुबह से ही जारी रहाए भारतीय दलित पैंथर के अध्यक्ष धनीराम पैंथर की देखरेख में कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से कार्यक्रम की सफलता को लेकर जुटे नजर आएए कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का धनीराम बौद्ध एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव जिला अध्यक्ष चरण सिंह आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया इस दौरान विभिन्न वरिष्ठ जनों को सम्मानित करने के उपरांत पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा केंद्र एवं प्रदेश की सरकारों पर जमकर निशाने लगाए गए उन्होंने कहा कि भेदभाव की राजनीति से किसी का भला नहीं होने वाला है उन्होंने कहा कि अब अपने अधिकार को पाने की लड़ाई हम सभी को एकजुट होकर लड़नी पड़ेगीए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव द्वारा कहां गया कि आज बड़ी आसानी से हम किसी जाति धर्म और मजहब पर सवालिया निशान लगाने लग जाते हैं लेकिन यह भूल जाते हैं कि हमारा नैतिक दायित्व क्या है उन्होंने कहा कि सोचने का विषय है कि जिस महापुरुष की जयंती आज हम मना रहे हैं उसका सपना क्या था उसका लक्ष्य क्या था और उसकी सोच किसको समर्पित थी उन्होंने कहा कि विज्ञान के चमत्कार किसी से छिपी नहीं है लेकिन विज्ञान के आगे हम आराध्य को नकार दें यह उचित नहीं है उन्होंने कहा कि महामना रामस्वरूप वर्मा के जीवन में चार अवसर उनके सामने खड़े थे एक जब वह वरिष्ठ अधिकारी बनकर अपनी जिंदगी अच्छे से काट सकते थे दूसरा वह एक काबिल वकील थे तीसरा राजनीति के वे कुशल ज्ञाता थे लेकिन उन्होंने खुद के लिए कभी नहीं सोचा बल्कि समाज को आगे बढ़ाने के कार्य में जीवन पर्यंत लग रहे क्योंकि उन्होंने इस बात को समझ लिया था कि यदि शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार हो जाए और इससे समाज का हर व्यक्ति लाभान्वित होने लग जाए तो फिर अंधविश्वास और आडंबर को कोई स्थान नहीं प्राप्त हो सकेगा उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता जातियों में बटने की नहीं है बल्कि जरूरत इस बात की है कि हम सभी लोग इंसान बनकर एक दूसरे के साथ इंसानियत का रिश्ता बनाएं और इस मार्ग पर आगे चलते हुए अपने सामने खड़ी पीढ़ी का मार्गदर्शन करेंए पैंथर धनीराम बौद्ध द्वारा कहा गया कि इस प्रकार के आयोजन की सार्थकता में वृद्धि तभी संभव है जब हम सभी लोग महापुरुषों के जीवन वृत से मिलने वाले संदेश को जीवन में उतर कर कार्य करना शुरू करें

## धर्मगढ़ बाबा के वार्षिकोत्सव को लेकर अन्न दान शुरू

**सत्संग मंडल के वरिष्ठ सदस्य बीरू कुशवाहा के साथ अन्न दान के लिए गांव गांव टीमें रवाना**




**रसूलाबाद कानपुर देहात।** धर्मगढ़ बाबा के वार्षिकोत्सव के लिए सत्संग मंडल के पदाधिकारियों ने गांव.गांव जाकर अन्नदान इकट्ठा करना शुरू कर दिया है। यह आयोजन आमतौर पर धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ मनाया जाता हैए जहां श्रद्धालु एकत्र होकर सत्संगए भजनए और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। धर्म गढ़ बाबा सत्संग मंडल के वरिष्ठ सदस्य बीरू कुशवाहा ने बताया कि आगामी 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक होने वाले धर्मगढ़ बाबा के वार्षिकोत्सव के लिए सत्संग मंडल के पदाधिकारी गांव.गांव जाकर अन्नदान इकट्ठा कर रहे हैं और यह अन्न आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन या अन्य आवश्यकताओं के लिए उपयोग किया जाता है ।उन्होंने बताया कि धर्मगढ़ बाबा के अनुयायी और श्रद्धालु इस आयोजन में बढ़.चढ़कर भाग लेते हैं । अन्नदान करने वाले सदस्यों में अभय गुप्ता हर्षित दुबे चंदन यादव। विपिन मिश्रा कन्हैया कुशवाहा अनुराग गुप्ता माधुरी गुप्ता रोहित यादव लल्ला तिवारी रानू मिश्रा मनोज कुमार राधे मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल रहे ।

## यूपीसीडा व सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के बीच हुआ एमओयू

**-उत्तर प्रदेश में होगा सतत एवं स्मार्ट औद्योगिक विकास**




**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण और सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य प्रदेश में सतत और स्मार्ट औद्योगिक अवसंरचना को बढ़ावा देना है। यह करार न केवल सतत एवं स्मार्ट औद्योगिक अवसंरचना को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को नेट.जीरो उत्सर्जन की दिशा में अग्रसर करने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। इस करार पर यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर महेश्वरी तथा सीईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक चेतन प्रकाश जैन द्वारा हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन में नवीकरणीय ऊर्जा समाधान, औद्योगिक क्षेत्रों में छतों एवं भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना, सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइटिंग एवं क्षेत्रीय प्रकाश व्यवस्था, हाइब्रिड प्रणालियों और ऊर्जा भंडारण तकनीकों का विकास, स्थापित प्रणालियों का संचालनए रखरखाव और प्रदर्शन की निगरानी, आईटी और स्मार्ट अवसंरचना, स्मार्ट सर्विलांस और सुरक्षा प्रणालियों जैसे सीसीटीवी, एक्सेस कंट्रोल और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की स्थापना, ऊर्जा और सुरक्षा तंत्रों के लिए केंद्रीकृत मॉनिटरिंग डैशबोर्ड का निर्माण, स्मार्ट सिटी के घटकों जैसे वाई-फाई जोन, आईओटी आधारित एसेट ट्रैकिंग और डेटा एनालिटिक्स समाधान का क्रियान्वयन, ई-वाहन अवसंरचना, औद्योगिक क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों का विकास, इन चार्जिंग स्टेशनों को नवीकरणीय ऊर्जा से एकीकृत करना, अवसंरचना उन्नयन एवं आधुनिकीकरण, औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत और सहायक अवसंरचना का निर्माण, विद्युत, यांत्रिक एवं सिविल अवसंरचना का आधुनिकीकरण व हरित भवन जल-संरक्षण एवं ऊर्जा दक्ष तकनीकों का उपयोग शामिल हैं। इस करार के अंतर्गत दोनों संस्थान नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, एडवांस इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी आधारित सेवाओं एवं स्मार्ट अवसंरचना के क्षेत्रों में मिलकर कार्य करेंगे। सीईएल की तकनीकी विशेषज्ञता और यूपीसीडा के विकासात्मक दृष्टिकोण को मिलाकर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इस अवसर पर यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया यह साझेदारी उत्तर प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल, तकनीकी रूप से उन्नत और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप औद्योगिक हब विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रेमिका के भाई ने की थी किशोर को अगवा कर हत्या

**■ प्रेम-प्रसंग में दिया वारदात को अंजाम**



**कानपुर।** पनकी में किशोर की अगवा कर हत्या करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी की बहन और मृतक के बीच प्रेम संबंध थे, मना करने के बाद भी दोनों ने एक-दूसरे से बात करना बंद नहीं किया था। इस वजह से हत्यारोपी ने बहन के प्रेमी नाबालिग छात्र की अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर मर्डर कर दिया।
डीसीपी वेस्ट दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि 12 अगस्त को गंगागंज पनकी महाकालेश्वर प्रसाद मंदिर के पास रहने वाले प्रदीप निषाद ने अपने छोटे भाई कुलदीप निषाद की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कुलदीप पनकी के कैंब्रिज चौराहा पर पानीपूरी का ठेला लगाता था। देर रात ठेला लगाने के बाद घर लौट रहा था, इस दौरान कार सवारों ने उसको अगवा कर लिया और हत्या करने के बाद उसका शव कानपुर देहात के शिवली में शव फेंक दिया था। पुलिस ने जांच शुरू की तो कार सवार उसे गाड़ी में खींचते हुए सीसीटीवी में कैद हुए थे। सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू की गई तो कार नंबर सामने आया। इसी नंबर के आधार पर मुख्य हत्यारोपी फर्रूखाबाद के कोला सोता थाना क्षेत्र अमृतपुर का मूल निवासी जो मौजूदा समय में पनकी नारायण चौराहा पर किराए का कमरा लेकर रहने वाले पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद हत्याकांड में शामिल उसके दो दोस्त हरदो हैंसर बाजार थाना घनघटा संतकबीर नगर निवासी नवीन कुमार और फर्रुखाबाद के ही राजपुर थाना अमृतपुर निवासी कौशल कुशवाहा को भी गिरफ्तार कर लिया। मुख्य हत्यारोपी पवन ने बताया कि उसकी छोटी बहन पनकी आती-जाती थी। इस दौरान मृतक कुलदीप निषाद के ठेले पर पानीपूरी खाने के दौरान दोस्ती हो गई और फिर दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। कई बार मना करने के बाद भी दोनों नहीं माने तो कुलदीप की हत्या की साजिश रची और गाजियाबाद मे मौजूदा समय में वेटर की नौकरी करने वाले दोस्त नवीन कुमार उर्फ भूलन और कौशल कुशवाहा की मदद से कार से अगवा करने के बाद हत्या करके शव को कानपुर देहात के शिवली में फेंक दिया था। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करने के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### खुन्नस में रची थी मर्डर की साजिश

पूछताछ के दौरान पवन ने बताया कि उसकी बहन अक्सर कानपुर आती थी तो पनकी में मृतक कुलदीप निषाद के ठेले पर पानीपूरी खाती थी। इस दौरान कुलदीप और मेरी छोटी बहन के बीच नजदीकी बढ़ती चली गई। इस बात को लेकर मैंने कई बार विरोध किया और कहा कि कुलदीप मेरी बहन को कॉल करना बंद कर दो। इस पर कुलदीप उल्टा ही मुझसे कहता था कि मुझसे क्यों कह रहे हो अपनी बहन को ही रोक लो। इतना ही नहीं कुलदीप ने यह भी कहा था कि मैं शादी तो तुम्हारी बहन से ही करूंगा, रोक कर दिखाओ। बस इसी बात की खुन्नस को लेकर मर्डर की साजिश रची और अपने दो दोस्तों को गाजियाबाद से बुलाकर कार से अगवा किया और हत्याकांड को अंजाम दिया।

### 160 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए

पनकी थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि एक सीसी कैमरे में सड़क पर एक कार और कुलदीप के बतासे का ठेला दिखा था। उसके आगे से शिवली जाने वाली रोड तक 160 से ज्यादा सीसी कैमरे खंगाले गए। इसमें किशोर का अपहरण करने वाली स्विफ्ट कार निकली, जिसके नंबर के आधार पर पता रतनपुर अमन एनक्लेव का निकला। पुलिस टीम ने वहां दबिश दी तो टूर एंड ट्रैवल संचालक मिला। उससे पूछताछ में घटना का पर्दाफाश हो गया। संचालक ने बताया कि ने बताया कि मेरी बहन कुलदीप के ठेले पर बतासे खाने जाती थी। इसी बीच दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया और कुलदीप ने बहन की अश्लील फोटो खींच उससे शादी का दबाव बनाने लगा।

## उद्योग जगत से प्राप्त सुझावों पर करें कार्रवाई, आवेदन प्रक्रिया को बनाएं आसान

**-एनसीबीसी सचिव ने ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस को लेकर की समीक्षा**

**कानपुर।** मर्चेंट चैंबर हॉल के सभागार में शुक्रवार को उद्योग जगत से जुड़ी समस्याओं और सुझावों पर विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार की एनसीबीसी सचिव मीता राजीव लोचन ने की।
बैठक का मुख्य फोकस उद्योगों को सुगमता प्रदान करना रहा। सचिव ने ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस के घटकों-जैसे व्यवसाय शुरू करना, निर्माण अनुमति, बिजली कनेक्शन, संपत्ति पंजीकरण, ऋण की उपलब्धता, कर भुगतान और सीमा पार व्यापार का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का प्रयास है कि इन सभी पहलुओं पर प्रक्रियाएँ आसान हों और उद्यमियों को बिना किसी असुविधा के लाभ मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग जगत से प्राप्त सुझावों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करें और आवेदन प्रक्रिया को और सरल बनाया जाए। बैठक में उद्यमियों ने अपनी व्यवहारिक समस्याएँ सामने रखीं। आईआईए कानपुर चैप्टर के चेयरमैन आरके अग्रवाल ने विद्युत आपूर्ति, फ्री होल्ड पॉलिसी और ट्रांसपोर्टेशन जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने की आवश्यकता बताई। लघु उद्योग भारती के संदीप अवस्थी और लाली प्रसाद ने लेबर रिफार्म से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। इस दौरान इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और टेक्निकल शिक्षण संस्थानों के बीच एक संयुक्त मंच बनाने पर सहमति बनी। इस फोरम के जरिए छात्रों को उद्योगों में इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें व्यवहारिक अनुभव मिलेगा और उद्योगों को प्रशिक्षित जनशक्ति उपलब्ध होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, केडीए सचिव अभय पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग सहित बड़ी संख्या में उद्यमी और अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक के उपरांत एनसीबीसी सचिव मीता राजीव लोचन ने साढ़ में अडानी डिफेंस कॉरिडोर के संबन्ध में दौरा किया और परियोजना के संबन्ध में लाइजन ऑफिसर अभिनव मिश्रा से जानकारी प्राप्त की।

### सरकारी योजनाओं का लाभ उठा औद्योगिक विकास को दें योगदान

बैठक में कर सुधार, निवेश मित्र और स्टार्टअप नीति पर भी विचार-विमर्श हुआ। सचिव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही उद्योगों के हित में लगातार प्रयासरत हैं। उद्योगों के सुदृढ़ीकरण से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर औद्योगिक विकास में योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## शहर के विस्तार के दृष्टिगत तत्काल प्रारम्भ की जाए अपग्रेडेशन की प्रक्रिया

**-मुख्यमंत्री के सलाहकार ने लिया शहर के विकास कार्यों का लिया जायजा**



**कानपुर।** मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने शुक्रवार को भ्रमण सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संयंत्र की कार्यप्रणाली एवं वर्तमान व्यवस्थाओं का गहन की और निर्देश दिए कि भविष्य की जनसंख्या वृद्धि एवं शहरी विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान एसटीपी की क्षमता अपर्याप्त प्रतीत होती है, अतः इसके 'अपग्रेडेशन की प्रक्रिया तत्काल प्रारम्भ की जाए। इस संबंध में एनएमसीजी को पत्र प्रेषित कर आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करने एवं कार्यवाही करने हेतु नगर निगम को निर्देश दिए। इसके उपरांत पनकी क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय कटरा पनकी का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय भवन की भौतिक दशा, छात्रों की कक्षाओं की स्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, अध्यापन व्यवस्था तथा आधारभूत सुविधाओं का विधिवत परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात पनकी भाव सिंह क्षेत्र स्थित नगर निगम के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पहुंचे। इस दौरान वहां एकत्र लिगेसी वेस्ट की स्थिति का जायजा लिया। श्री अवस्थी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लिगेसी वेस्ट का निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति से किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए निविदा प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर नवीनतम विकसित तकनीक के माध्यम से अपशिष्ट का समुचित एवं पर्यावरण-अनुकूल निस्तारण किया जाए। इसके बाद विजयनगर में स्थित मियांबाकी पद्धति से लगाए गए वृक्षों व बनाए गए नमो वन का निरीक्षण किया। जहां पर श्री अवस्थी द्वारा नमो वन में मियावाकी पद्धति से लगे वृक्षों की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम नवीन तकनीकियों यथा-मियांबाकी पद्धति के माध्यम से सिटी फॉरेस्ट की परिकल्पना के अनुसार इस प्रकार के वनों को विकसित किया जा रहा है। इस पर उन्होंने कि यह कार्य पर्यावरण संतुलन एवं प्रदूषण नियंत्रण की स्थिति में यह एक सुधारात्मक कदम है। नगर निगम के इन कार्यों की सराहना करते हुए अधिकारियों को और प्रोत्साहित किया गया।

### सीवरेज कनेक्शनों हेतु तैयार की जाए एक व्यापक कार्य योजना

कानपुर। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में महापौर प्रमिला पाण्डेय, मण्डलायुक्ता के.विजयेन्द्र पाण्डियन, केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल,नगर आयुक्त सुधीर कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पूर्व में संपन्न उपयोगी कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। वर्तमान में संचालित विकास परियोजनाओं की सतत निगरानी एवं परीक्षण की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। श्री अवस्थी ने भविष्य के लिए कानपुर शहर में आवश्यक दूरगामी विकास योजनाओं के निर्माण पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को सुझाव भी दिया। नगर आयुक्त एवं जलकल के महाप्रबंधक ने अनुरोध किया कि कानपुर शहर में काफी आबादी सीवर संयोजन से अच्छादित न होने के कारण अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस पर उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में सीवरेज कनेक्शनों को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाने हेतु एक व्यापक कार्य योजना तैयार की जाए। इस कार्य योजना को विधिवत रूप से संकलित कर शासन को प्रेषित की जाए। बैठक के दौरान महापौर द्वारा शहर से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रस्तुत किया गया। श्री अवस्थी ने इन बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श कर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

## फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराकर पलटा ट्रक, चालक घायल

**- पुल से नीचे गिरी प्याज बोरियां, होने लगी लूट मार**



**कानपुर।** गुरुवार देर रात जाजमऊ फ्लाईओवर पर एक प्याज लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पर लदी प्याज भरी बोरियां नीचे सर्विस लेन पर गिर गईं। सड़क पर प्याज फैला देख लोगों में इसे भरने की होड़ मच गई। सूचना पर पहुंची यातायात पुलिस ने ट्रक को फ्लाईओवर से हटवाकर यातायात सामान्य किया। इस दौरान फ्लाईओवर पर वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारें लग गईं।

उरई निवासी शैलेंद्र कुमार ट्रक चालक हैं। वह कालपी निवासी क्लीनर सोनू पाल के साथ ट्रक में प्याज लादकर महाराष्ट्र से निकले थे। प्याज को लखनऊ में उतारना था। गुरुवार रात वे रामादेवी फ्लाई ओवर से होते हुए जेके फ्लाईओवर से उन्नाव की तरफजा रहे थे। तभी लोडर को ओवरटेक करने में ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इस दौरान ट्रक से प्याज की बोरियां फ्लाईओवर के नीचे आ गिरी। जिसके बाद प्याज सर्विस लेन पर बिखर गया। तभी राहगीरों और इलाके के लोगों में प्याज बटोरने की होड़ मच गई। जाजमऊ इस दौरान ट्रक से करीब 250 से 300 बोरियां फ्लाईओवर के नीचे आ गिरी। गनीमत रही कि ट्रक नीचे नहीं आया और नीचे से कोई गुजर नहीं रहा था। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। थाना प्रभारी जितेंद्र बताया कि क्रेन की मदद से ट्रक को हटवा दिया गया है। घायल ट्रक चालक को इलाज के लिए हैलट हॉस्पिटल भेजा गया है।

## मखदूम पाक के नाम एक शैक्षणिक संस्थान व अस्पताल की होगी स्थापना

**-मख़दूम शाह आला का 767वाँ सालाना उर्स मुबारक मनाया गया**



**कानपुर।** हज़रत सैयदना अलाउल हक़ वददीन यूसुफ़ उर्फ़ मख़दूम शाह आला का 767वाँ सालाना उर्स मुबारक मनाया गया। यह आयोजन आस्ताना के सज्जादा नशीन जनाब अदनान राफे फारूकी की अगुवाई में किया गया। सबसे पहले कुल शरीफ़की रस्म अदा की गई। इस दौरान ईदगाह गदियाना के इमाम और आल इंडिया ग़रीब नवाज़ काउंसिल के क़ौमी सदर मौलाना मोहम्मद हाशिम अशरफी ने विशेष दुआ की। उन्होंने देश और इस्लामी दुनिया की तरक्की, खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मौलाना अशरफी ने अपने संबोधन में जल संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद बचाना जरूरी है। बिजली बचाने की जिम्मेदारी भी हर नागरिक की है। दरगाह शरीफ़ इंतज़ामिया ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। दरगाह के पूर्वी हिस्से में मखदूम पाक के नाम से एक शैक्षणिक संस्थान और अस्पताल की स्थापना जल्द की जाएगी। मौलाना ने सोशल मीडिया पर फैल रही गलत जानकारी के प्रति लोगों को सचेत किया। उन्होंने कहा कि इस्लाम का सही प्रतिनिधि वही है जो कुरान-हदीस के अनुसार समस्याओं का समाधान कर सके। उन्होंने 1500 साला जश्ने ईद मिलादुन्नबी को धूमधाम से मनाने की अपील की। ग़रीब बच्चों की फीस, किताबों और यतीमों-मिस्कीनों की मदद का ख़ास इंतज़ाम करें। जुलूस-ए-ईद मीलादुननबी में अदब-ओ-एहतराम का पूरा ख़याल रखें। मौलाना अशरफी ने दरख़्त और पौधे लगाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि हर शख़्स को अपनी ज़िंदगी में कम से कम एक पौधा ज़रूर लगाना चाहिए, यह सदक़ा-ए-जारिया है। जिसका सवाब क़ब्र तक पहुँचता रहेगा। इल्म की अहमियत बताते हुए उन्होंने कहा इल्म हासिल करो, क्योंकि ज़रूरत के मुताबिक इल्म हासिल करना हर मुसलमान मर्द और औरत पर फर्ज है। दरगाह कमेटी के सरपरस्त इरशाद आलम और असद राफे फारूकी ने जिला इंतजामिया, नगर निगम, केस्कोए जल निगम समेत लाखों ज़ाएरीन का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम में क़ारी ज़िया-उल-हक़, मौलाना ज़ाहिर अहमद, हाफिज मिनहाजुद्दीन क़ादरी और कारी फैसल अलीम, क़ारी जमील अहमद, क़ारी जमाल अहमद ने कुरआन पाक की तिलावत की। इस मौके पर ख़ास तौर से हाजी अबरार अहमद, हाजी शबाब अहमद, कैंट विधायक हाजी हसन रूमी, हाफिज अब्दुर रहीम बहराइची, शहजाद अहमद, हाफिज मोहम्मद अरशद अली अशरफी समेत लाखों ज़ाएरीन मौजूद रहे।


**इल्म हासिल करो...**

मौलाना अशरफी ने दरख़्त और पौधे लगाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि हर शख़्स को अपनी ज़िंदगी में कम से कम एक पौधा ज़रूर लगाना चाहिए, यह सदक़ा-ए-जारिया है। जिसका सवाब क़ब्र तक पहुँचता रहेगा। इल्म की अहमियत बताते हुए उन्होंने कहा इल्म हासिल करो, क्योंकि ज़रूरत के मुताबिक इल्म हासिल करना हर मुसलमान मर्द और औरत पर फर्ज है।

## टीआरआईपीएस मंच देश की विज्ञान और तकनीक नीति निर्माण में अहम भूमिका

**-आईआईटी में चार दिवसीय समिट का हुआ शुभारंभ**

**-देश भर के वैज्ञानिकों, नीति विशेषज्ञों, शिक्षाविदों ने किया प्रतिभाग**



**कानपुर।** आईआईटी कानपुर में शुक्रवार को चार दिवसीय टेक्नोलॉजी, रिसर्च, इनोवेशन और पॉलिसी समिट-2025 का शुभारंभ हुआ। समिट में देश भर से वैज्ञानिकों, नीति विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और उद्योग क्षेत्र के प्रमुखों ने भाग लिया, जिनका उद्देश्य भारत के उज्जवल और टिकाऊ भविष्य की दिशा में सामूहिक प्रयास करना है। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लू वर्ल्ड कैसल में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद सरस्वती वंदना और लक्ष्मी वंदना प्रस्तुत की गई। प्रो ब्रज भूषण ने कहा कि टीआरआईपीएस जैसे मंच देश की विज्ञान और तकनीक नीति निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। यह विचारों का संगम है, जो भविष्य के लिए नई सोच और योजनाओं को जन्म देगा। इंस्टिट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी मुंबई के एमेरिटस प्रोफेसर प्रो मनमोहन शर्मा ने वर्चुअली जुड़कर मौलिक शोध की महत्ता पर बात की। उन्होंने रासायनिक उद्योग में हुई बड़ी खोजों और कैटालिसिस पर विस्तार से बताया।पूर्व डीजी डॉ आर मशेलकर ने वैज्ञानिक प्रगति, स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार और सस्ती तकनीक के जरिए भारत को एक नई दिशा देने की बात कही। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के सचिव डॉ एम रविचंद्रन ने भारत की प्रगति में पृथ्वी विज्ञान की भूमिका को रेखांकित किया। इसके बाद बीआरआईसी के गवर्निंग बॉडी के सदस्य डॉ विजय चौथाइवाले और विदेशी मामलों के विशेषज्ञ ने भी अपनी बात रखी। एक लघु वीडियो के माध्यम से सीजीसी समिट 2025, जो 13 व14 सितंबर को होने वाला है, की झलक भी प्रस्तुत की गई।

### खगोल विज्ञान व तकनीकी नवाचार को समझाया

रॉयल पवेलियन और कैम्ब्रिज कोर्ट जैसे दो अलग-अलग सत्रों का आयोजन हुआ। सत्र 1.1 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स के निदेशक प्रो अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम ने खगोल विज्ञान और तकनीकी नवाचार के संबंध को समझाया। वहीं आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो अविनाश अग्रवाल ने मातृभाषा इनिशिएटिव पर प्रस्तुति दी। सत्र 1.2 में विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव डॉ शिवकुमार शर्मा और राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ के निदेशक डॉ अजीत कुमार शासनी ने भी अपनी बातें साझा की।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एडीसीपी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के मेन गेट पर एबीवीपी कार्यकर्ता और एडीसीपी वेस्ट कपिल देव सिंह के बीच झड़प हो गई। इस बीच एडीसीपी ने कल्याणपुर पुलिस को बुलाया और एक कार्यकर्ता श्रेयांश अवस्थी को उठाकर चीप में बैठाकर थाने भेज दिया। इधर एडीसीपी के कार्यकर्ताओं को घटना की जानकारी हुई तो एक-एक कर कई कार्यकर्ता एडीसीपी कार्यालय पहुंचे और कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। एबीवीपी के महानगर मंत्री मयंक पासवान ने बताया कि शुक्रवार को विश्वविद्यालय गेट पर श्रेयांश अवस्थी अपने साथी आशुतोष तिवारी, प्रभात शर्मा व अन्य लोगों के साथ मिलकर सदस्यता अभियान चला रहे थे। इसी बीच एडीसीपी कपिल देव की वहां से गाड़ी गुजरी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि गेट पर गाड़ी रोकते ही कपिल देव ने पूछा कि यहां पर भीड़ कैसे लगाएं हो और चिल्लाने लगे।

इधर श्रेयांश ने विरोध किया तो दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। कार्यकर्ताओं के उलझते ही एडीसीपी ने कल्याणपुर थाने में फोन कर फोर्स बुला ली। इसके बाद पुलिस ने श्रेयांश को चीप में बैठा लिया और थाने ले गए। यहां पर पुलिस ने श्रेयांश का शांति भंग की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया।

एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को जब इसकी जानकारी लगी तो सभी लोग एडीसीपी के कार्यालय पहुंच गए। वहां बाहर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। घंटों कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच बहस होती रही। एडीसीपी कपिल देव सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के अंदर दो गुटों में झगड़ा हुआ था, जिसमें इन लोगों ने मारपीट की थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक लोगों को मौके से पकड़ लिया था बाकि सब मौके से भाग गए थे। पकड़े गए युवक के खिलाफकल्याणपुर थाने में शांति भंग की कार्रवाई की गई हैं।

## झूलेलाल मंदिर में हवन पूजन के बाद हुआ झण्डारोहण



**कानपुर।** शुक्रवार को श्री झूलेलाल शिव मंदिर में हवन पूजन के पश्चात झण्डा रोहण हुआ। सभी भक्तों ने मिल कर पाठ साहिब स्थापना की शाम 6 बजे श्री सुखमनी साहिब का पाठ प्रारंभ हुआ। पूनम, रोमा, रेनू, मंजू, छाया, पूजा आदि ने कीर्तन सत्संग किया पूरा मन्दिर वाहे गुरु, जय श्री झूले लाल से गूंज उठा। सत्संग के पश्चात भंडारा हुआ। मनोज तलरेज, विनोद मुरझानी, मोहन दिनेश बलराम कटारिया ने सुखमनी साहिब का पाठ करने वाली बहनों को अंगवस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष श्याम लाल मूलचंदानी, सुरेश कटारिया, महेश मनचंदा, बंटी सिधवानी, नरेश फूलवानी, चंद्र भान मोहनानी, मुरारी लाल चुग, बिहारी लाल बजाज, बलराम कटारिया, गणेश बजाज, मनोज लालवानी, सुरेश धमीजा, दिनेश कटारिया, विनोद मूर्जनी, मोहन मुकेश, अमित कटारिया, पूरन बजाज समेत कई लोग मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री ने डाला सीडीपीओ कार्यालय में छापा, भ्रष्टाचार का मिला बोल बाला

**निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री द्वारा सुपर वाइजरो से मांगे गए पुष्टाहार वितरण व स्टॉक के रजिस्टर नहीं दिखा सकीं**



घाटमपुर। प्रदेश की बाल विकास पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शुक्रवार से ब्लॉक परिसर में चल रहे बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में छापा मारा।जहां भ्रष्टाचार का बोल बाला देख राज्य मंत्री दंग रह गईं। इतना ही नहीं निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री को सुपर वाइजरो मोना व नीलम सचान के भरोसे कार्यालय चलता मिला।जिनसे राज्य मंत्री द्वारा मांगे गए पुष्टाहार वितरण व स्टॉक के रजिस्टर वह नहीं दिखा सकीं। इतना ही नहीं सीडीपीओ के पास रिकॉर्ड रूम की चाबी होने की बात कह कर वह पल्लू झाड़ती रहीं। जिससे नाराज राज्य मंत्री ने एसडीएम अविचल प्रताप सिंह व खण्ड विकास अधिकारी आशीष मिश्रा की मौजूदगी में स्टॉक रूम सील करा दिया। पुष्टाहार ;पंजीरीएचने की दालए दलियाए चीनी व नमक आदिद्ध वितरण व स्टॉक की जांच के लिए एसडीएम से समिति का गठन करने को कहा। राज्य मंत्री के अचानक निरीक्षण को पहुंचते ही हलचल मच गई। राज्य मंत्री ने जा वितरण रजिस्टर में दर्ज आंगन वाडी व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के मोबाइल नंबर पर जब सम्पर्क किया तो भ्रष्टाचार के बोल बाला मिला। कई नम्बर तो फर्जी दर्ज किए गए थे। जांच के दौरान पहुंचे एसडीएम व खण्ड विकास अधिकारी से राज्य मंत्री ने कहा कि यहां तो बाल विकास परियोजना को पलीता लगाया जा रहा है। भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ उन्होंने सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। घाटमपुर में चल रहे बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय मे भ्रष्टाचार व पुष्टाहार की काला बाजारी किए जाने की शिकायतों पर जब वह निरीक्षण को पहुंची तो सीडीपीओ उन्हें नहीं मिली।मौके पर मिली सुपर वाइजरो

**बाल विकास पुष्टाहार राज्य मंत्री निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ का होता रहा इंतजार** बाल विकास पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा बाल विकास परियोजना कार्याल के किए गए निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ के पास रिकॉर्ड रूम की चाबी होने उनके आने की बात कह कर सुपर वाइजर राज्य मंत्री को गुमराह करती रहीं। काफी देर तक उनके न आने पर उनका मूड खराब हो गया। उन्होंने एसडीएम अविचल प्रताप सिंह व खण्ड विकास अधिकारी आशीष मिश्रा को बुलाने के साथ कहा कि यहां भ्रष्टाचार का बोल बाला है। जिसकी कमेटी के साथ आप गहनता से जांच कर रिपोर्ट दें। इस दौरान राज्य मंत्री को किसी ने पानी पीने के लिए भी पूछना तक मुनासिब नहीं समझा।

जब पुष्टाहार स्टॉक व वितरण रजिस्टर मांगे गए तो वह सीडीपीओ के पास चाभी होने की बात कहते हुए गुमराह करती रही। जांच के दौरान भ्रष्टाचार सामने आने पर स्टॉक रूम व वितरण रजिस्टरो को सील कर जांच कमेटी बनाई गई है। रिपोर्ट के आधार पर आधार पर कार्यवाही की जाएगी **प्रतिभा शुक्ला**

# आर के फुटवियर कंपनी का हुआ भव्य शुभारंभ



**कानपुर** नगर .शुक्रवार को हालसी रोड में आधुनिकता व फैशन के दौर में सभी को न्यूनतम मूल्यों पर सभी प्रकार के ब्रांडेड फुटवेयर उपलब्ध कराने हेतु आर के एंड कंपनी फुटवेयर प्रतिष्ठान का भव्य शुभारंभ हालसी रोड निकट मुरब्बा भंडार के पास प्रोप्राइटर रवि गुप्ता की सुपुत्री द्वारा फीता काटकर किया इस अवसर पर रवि गुप्ता ने बताया कि फैशन के दौर में सभी को अच्छी क्वालिटी के जूते चप्पल चाहिए सब की इच्छा को ध्यान में रखते हुए इस प्रतिष्ठान को खोला गया है साथ ही रवि गुप्ता ने बताया कि आगामी त्यौहारों को लेकर हमारे थोक व्यापारियों के लिए विशेष आफर भी रखा गया है एक कार्टून से लेकर 50 कार्टून तक लेने पर निश्चित उपहार की गारंटी है जिसमें ग्राहकों को चांदी के सिक्के मिक्सर ग्राइंडर स्पोर्ट्स साइकिल चांदी की कटोरी सहित अनेकों पुरस्कार स्कीम के तहत प्राप्त होंगे उन्होंने बताया कि हमारे यहां सभी ब्रांडेड कंपनी की फुटवियर जैसे लखानी बीकेसी प्राइड रिलैक्सो कैंपस अन्य सभी ब्रांड उपलब्ध होंगे सबको कम दामों पर उपलब्ध कराना ही हमारी प्राथमिकता होगी शुभारंभ के मौके पर प्रमुख रूप से आर के गुप्ता अंशु गुप्ता सपना गुप्ता ब्रिजेश गुप्ता मीडिया प्रभारी विशाल सैनी आदि लोग मौजूद रहे

# कई मामलों मे वांछित अभियुक्त को पुलिस ने पड़कर भेजा जेल



स्वतंत्र भारत संवाददाता शिवराजपुर कई मामलों में वांछित काफी समय से फरार चल रहे अभियुक्त को शिवराजपुर पुलिस नें शुक्रवार गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। क्षेत्र के सांवलपुर बेहटा गांव निवासी विनय पाल उर्फ शिकारी पुत्र स्व रघुवीर पाल दबंगई गुंडई कायम करने के लिए झगड़े के कई मामलों में वांछित चल रहा था अभी हाल ही में दुर्गापुर गांव के पास देसी ठेका शराब के बाहर कई लोगों से मारपीट एवं झगड़ा करने का एक गंभीर मामला दर्ज किया गया था इसके पहले भी अभियुक्त के ऊपर मारपीट एवं झगड़े के संगीन मामले दर्ज थे पुलिस काफी दिनों से अभियुक्त की तलाश में प्रयासरत थी मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है इस मामले में थाना प्रभारी वरुण शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के ऊपर हरिजन एक्ट सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है ।

# जिला पंचायत निधि से सी सी रोड का शुभारंभ



चौबेपुर जिला पंचायत निधि से दो सौ मीटर सी सी रोड का शुक्रवार को रौतापुर गांव में जिला पंचायत सदस्य अश्वनी गोपाल दीक्षित की उपस्थिति में गांव के बुजुर्ग लक्ष्मीनारायण वर्मा व मोहन वर्मा के द्वारा विधि विधान से पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया वही सड़क निर्माण से उत्साहित ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य गोपाल दीक्षित की सराहना की तथा जिला पंचायत सदस्य ने उपस्थित ग्रामीणों को माला पहनाकर सम्मान प्रदर्शित किया इस अवसर पर समाज सेवी गिरजा वर्मा सुधीर शुक्ला भाजपा नेता प्रदीप पांडेय रामविलास वर्मा पूर्व प्रधान रमेश वर्मा रामविलास मिश्रा सहित गांव के ग्रामीण मौजूद रहे

## हाई बोल्टेज करेंट की चपेट में आया पेड़ में चढ़ा किशोर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के मील मजरा पालपुर गांव में खेल खेल में जामुन के पेड़ में चढ़ा किशोर गुजर रही हाई बोल्टेज करेंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया आनन फानन परिजन उसे लेकर सीएचसी भीतरगांव पहुंचे जहां इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह मील निवासी दीपक 15 पुत्र राकेश कुमार साथियों के साथ खेल रहा था तभी वह नजदीक खड़े जामुन के पेड़ पर चढ़ गया और तेज आवाज के साथ नीचे गिरा आसपास मौजूद लोगो ने परिजनों को सूचना देते हुए किशोर को लेकर सीएचसी भीतरगांव पहुंचे जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा ग्रामीणों ने बताया कि जामुन के पेड़ के बीच से बिजली लाइन निकली है जिसके करेंट की चपेट में आने से किशोर गंभीर रूप से झुलस गया।

## मारपीट में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव।** बीते दिन साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव चौकी के कुम्हड़िया गांव में घर के बाहर सफाई कर रहे बुजुर्ग को युवक ने गाली गलौज करते हुए मरणासन्न कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को सीएचसी भीतरगांव से हैलेट रेफर किया गया था इलाज के दौरान दूसरे दिन बुजुर्ग की मौत हो गई जिसकी लिखित शिकायत बेटी द्वारा साढ़ थाना पुलिस से की गई थी पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई। कानपुर निवासिनी अनुराधा पांडे पत्नी सचेत कुमार ने साढ़ थाना पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसके पिता दया नारायण तिवारी बुधवार सुबह घर के बाहर सफाई कर रहे थे तभी पड़ोसी मुनेश तिवारी पुत्र स्व गंगासागर तिवारी पहुंचा और गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी जबकि आरोपी के परिजन दरवाजे खड़े मार डालने के लिए उकसा रहे थे किसी तरह वृद्ध मां ने फोन कर मुझे जानकारी दी मौके पर पहुंच पीड़िता ने डायल 112 की सहायता से बुजुर्ग को सीएचसी भीतरगांव भेजा जहां हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया इलाज के दौरान दूसरे दिन बुजुर्ग की मौत हो गई साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के मुताबिक आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही।




## रोटरी क्लब गंगाघाट ने लगाया निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**स्वतंत्र भारत संवादादाता**

**शुक्लागंज उन्नाव** रोटरी क्लब गंगाघाट' द्वारा 'ज्योति उदय' अभियान के अंतर्गत आज 'निरूशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर' स्थानीय दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया जिसमें छात्रोंए रोटेरियन बंधुओं का निरूशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया । शिविर में लगभग 480 छात्रों का नेत्र परीक्षण किया गया जिनमें 48 छात्रों में दृष्टि दोष पाई गई जिसकी जानकारी भी उन्हें दी गई । उक्त शिविर में अध्यक्ष रो0 अवनीश शुक्ला सचिव रो0ण् आनन्द पाण्डेय रो0 विवेक शुक्ला रो0 संतोष तिवारी रो0 अंकुर शुक्ला रो0 राहुल दीक्षित रो0 प्रदीप त्रिपाठी रो0 मुन्ना सोनी अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांक- 573 / 1-30 / 2025-26 दिनांक- 21 / 08 / 25

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि में उपलब्ध धनराशि से पालिका के निर्माण विभाग में शासनादेश संख्या 3890 / नौ-5-19-149सा / 2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म / एजेन्सी / कम्पनी / ठेकेदार दिनांक 01 / 09 / 25 समय 4.00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 01 / 09 / 25 सायंकाल 4.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ लागत की 10 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद के नाम बन्धक होगी, जो एन०एस०सी० / एफ०डी०आर० / नगद जमा रसीद फार्म-5 / टी०डी०आर० के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। बिना जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। नियम व शर्ते कार्यालय कार्य दिवस में अवलोकन कर सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आंगणन राशि | निविदा मूल्य + जी.एस.टी. | धरोहर राशि 10 प्रतिशत | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड सं0 36 मो० विकास भवन के पास नाले की दीवार, इण्टरलॉक एवं आर०सी०सी० पुलिया निर्माण कार्य। | 745000.00 | 944.00 | 74500.00 | तीन माह |
| 2. | वार्ड सं0 41 मो० मौलवी बदन खां में मंगली के टावर के पास नाली व आर०सी०सी० पुलिया निर्माण कार्य। | 309000.00 | 472.00 | 30900.00 | तीन माह |
| 3. | वार्ड सं0 38 कांशीराम कॉलोनी मोड़ से दामोदर राजपूत की दुकान तक एवं करबला मार्ग को जोड़ने वाले मार्ग पर नाली निर्माण कार्य। | 427000.00 | 590.00 | 42700.00 | तीन माह |
| 4. | वार्ड सं0 30 में विभिन्न स्थानों पर नाली व सड़क इण्टरलॉक मरम्मत व आर०सी०सी० स्लैब व जाल डालने का कार्य। | 162000.00 | 236.00 | 16200.00 | तीन माह |
| 5. | वार्ड सं० 15 मो० बिर्राबाग में प्रेमचन्द्र के मकान से राजेश के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक उच्चीकरण का कार्य। | 306000.00 | 472.00 | 30600.00 | तीन माह |
| 6. | वार्ड सं0 16 में विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 280000.00 | 354.00 | 28000.00 | तीन माह |
| 7. | वार्ड सं0 17 में विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 504000.00 | 708.00 | 50400.00 | तीन माह |
| 8. | वार्ड सं0 18 में विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 313000.00 | 472.00 | 31300.00 | तीन माह |
| 9. | वार्ड सं0 20 में विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 285000.00 | 354.00 | 28500.00 | तीन माह |
| 10. | वार्ड सं0 23 में मोहल्ला बागरूस्तम, ढुईया व अन्य विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 281000.00 | 354.00 | 28100.00 | तीन माह |
| 11. | वार्ड सं० 24 मो० टिलिया अहमदगंज, दाउद खां, खदिया व भीकमपुरा व अन्य विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य । | 494000.00 | 590.00 | 49400.00 | तीन माह |
| 12. | वार्ड सं० 31 में मोहल्ला बीबीगंज, शमशेर खानी, हाता मजीद खां, नक्कारचियान, बहादरुगंज, मऊदरबाजा व अन्य विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 652000.00 | 826.00 | 65200.00 | तीन माह |
| 13. | वार्ड सं० 34 में मोहल्ला बजरिया, गढ़ी अशरफ अली, बजरिया हरलाल व अन्य विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 471000.00 | 590.00 | 47100.00 | तीन माह |
| 14. | वार्ड सं० 38 में मोहल्ला बीबीगंज, अस्तवल तराई, नौसेरा व अन्य विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 695000.00 | 826.00 | 69500.00 | तीन माह |
| 15. | वार्ड सं0 41 में विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 188000.00 | 236.00 | 18800.00 | तीन माह |
| 16. | वार्ड सं0 42 में विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एमएस जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 358000.00 | 472.00 | 35800.00 | तीन माह |
| 17. | वार्ड सं0 27 में विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एम०एस० जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 306000.00 | 472.00 | 30600.00 | तीन माह |
| 18. | वार्ड सं0 26 में विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एम०एस० जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 494000.00 | 590.00 | 49400.00 | तीन माह |
| 19. | वार्ड सं0 35 में विभिन्न स्थानों पर इण्टरलॉक मरम्मत, नाली गोटा मरम्मत व एम०एस० जाल व आर०सी०सी० डालने का कार्य। | 406000.00 | 590.00 | 40600.00 | तीन माह |
| 20. | वार्ड सं0 01 मो० शिवाजी कालोनी में हुकुम सिंह के मकान से रविन्द्र सिंह राठौर के मकान तक नाली एवं सड़क इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 755000.00 | 944.00 | 75500.00 | तीन माह |
| 21. | वार्ड सं0 38 बीबीगंज चौकी के पास एक सीटर शौचालय का निर्माण कार्य। | 160000.00 | 236.00 | 16000.00 | तीन माह |
| 22. | वार्ड सं0 34 में रेलवे रोड पुलिस चौकी की बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत का कार्य। | 137000.00 | 236.00 | 13700.00 | तीन माह |
| 23. | वार्ड सं0 39 में पटेल पार्क की वाउण्ड्रीवाल की मरम्मत का कार्य। | 120000.00 | 236.00 | 12000.00 | तीन माह |
| 24. | जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद परिसर की सुरक्षा में पी०ए०सी० कैंप के टीन शेड निर्माण कार्य। | 454000.00 | 590.00 | 45400.00 | तीन माह |
| 25. | वार्ड सं0 20 मो० नाला फिदाई खां में मोहसिन बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान के पास आर०सी०सी० चैम्बर स्लैब निर्माण कार्य। | 153000,00 | 236.00 | 15300.00 | तीन माह |
| 26. | एमआई०सी० कॉलेज फतेहगढ़ में खगोलीय लैब बनाने हेतु कक्ष में टायलीकरण, एल्युमिनियम गेट, वॉल पुट्टी एवं पी०ओ०पी० आदि का कार्य। | 464000.00 | 590.00 | 46400.00 | तीन माह |
| 27. | वार्ड स० .01 नगलाप्रीतम में किरन देवी के मकान से लखमीचन्द्र के मकान तक नाली (नाला) निर्माण कार्य। | 565000.00 | 708.00 | 56500.00 | तीन माह |
| 28. | वार्ड सं० 09 मो० तिर्वा कोठी में शिवम् टेलीकाम (अतुल दीक्षित की दुकान तक) नाली निर्माण कार्य। | 136000.00 | 236.00 | 13600.00 | तीन माह |
| 29. | वार्ड सं० 36 मो० बरगदियाघाट में संतोष पाठक के घर से अखिल ठाकुर के घर के तक रिटर्निंग वॉल का निर्माण कार्य। | 252000.00 | 354.00 | 25200.00 | तीन माह |
| 30. | वार्ड सं0 41 मो० गढ़ी शाकिर अली में खुशीराम के मकान से श्रीपाल के मकान तक नाली सड़क इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य । | 253000.00 | 354.00 | 25300.00 | तीन माह |
| 31. | वार्ड सं० 15 मो० बिर्राबाग में कमलेश के मकान से पंकज शुक्ला के मकान होते हुये कल्लू के मकान तक नाली व सड़क उच्चीकरण कार्य। | 262000.00 | 354.00 | 26200.00 | तीन माह |
| 32. | वार्ड सं0 21 मो० श्यामनगर में डॉ० नीना राजपूत के मकान से चन्द्र शेखर शुक्ला के मकान तक नाली व सड़क इण्टरलॉक उच्चीकरण कार्य। | 975000.00 | 1180.00 | 97500.00 | तीन माह |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
फर्रुखाबाद

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
फर्रुखाबाद

### इलाज के दौरान वृद्धा की मौत

**फ्तेहपुर।** सदर कोतवाली के नासिरपीर रोड़ स्थित नर्सिंग होम में इलाज के दौरान 70 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के हरदौली गांव निवासी राजाराम की पत्नी चौबी देवी जो कई दिनों से बीमार चल रही थी, जिस पर परिजनों ने उसे शहर के नासिरपीर स्थित कृष्णा हास्पिटल में भर्ती कराया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पांच माह पूर्व मृतका ने अपने पति के खिलाफअदालत में गुजारी भत्ता का मुकदमा पंजीकृत कराया था।

## एलआईसी में हुआ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड सम्मान समारोह

फ्तेहपुर। एलआईसी फ्तेहपुर शाखा में शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दो अभिकर्ताओं को सम्मानित किया गया। प्रतिभा देवी और वीना तिवारी को वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुधांशु चौरसिया, शाखा प्रबंधक मनोज गुप्ता, सहायक शाखा प्रबंधक धर्मेंद्र राज सिंह और विनय कुमार पांडे ने सम्मान पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि दोनों अभिकर्ताओं ने अपने कार्य और उपलब्धियों से शाखा का गौरव बढ़ाया है।

यह सफ्लता अभिकर्ताओं के कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। सम्मानित अभिकर्ताओं ने अपनी सफ्लता का श्रेय महेंद्र कुमार गुप्ता को दिया, जिन्हें उन्होंने अपना प्रेरणा स्रोत बताया। इस अवसर पर कमला देवी, हेमा, स्वास्थ्य जतिन कुमार, गुलाब चंद्र सैनी, राजू प्रसाद गुप्ता और आशीष कुमार शुक्ला सहित कई अभिकर्ता व कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह में उपस्थित लोगों ने सम्मानित अभिकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में और ऊंचाइयां हासिल करने की शुभकामनाएं दीं।

## धमाके के साथ खेत में हुआ दस फीट गड्ढा

**– ग्रामीण में चर्चाओं का बाजार गर्म**

**फ्तेहपुर।** बिंदकी तहसील के मलवां विकास खंड में एक अजीब घटना सामने आई है। दावतपुर गांव में गुरुवार की शाम पप्पू पांडेय के धान के खेत में अचानक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद वहां 10 फीट से ज्यादा गहरा गड्ढा बन गया। गड्ढा देख ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चाये चलती रही। कोई इसे धरती फ्टना तो कोई इसे खजाने से जोड़कर देख रहा था। हालांकि कृषि विभाग ने कहा है कि मृदा परीक्षण से स्पष्ट होगा कि इतना गहरा गड्ढा क्यों हुआ है। घटना आबादी क्षेत्र से सटे खेत में हुई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में मौजूद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। गांव के पंकज शुक्ला और आशुतोष अवस्थी ने बताया कि इस जगह पहले कभी कोई कुआं नहीं था। कुछ ग्रामीणों का मानना है कि यह धरती फ्टने से हुआ हो सकता है। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना राजस्व प्रशासन को दी है। जिला कृषि उपनिदेशक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी मिल गई है। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि अचानक इतना गहरा गड्ढा क्यों बन गया।

# व्यापारियों के हित में सरकार की योजनाओं का कराएं प्रचार-प्रसार : डीएम

**– सेंट्रल जीएसटी से संबंधित आवेदनों की सूची कराएं उपलब्ध**
**– ईओ को वेंडिग जोन हरिहरगंज का नक्शा उपलब्ध कराने के निर्देश**



**फ्तेहपुर।** जिला स्तरीय व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। डीएम ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की आख्या की समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त राज्य कर अधिकारी को निर्देशित किया कि व्यापारियों के हित में सरकार द्वारा संचालित नीतियों, योजनाओं का वृहद प्रचार प्रसार कराएं ताकि व्यापारियों में जानकारी का अभाव न रह सके। उन्होंने कहा कि राज्यकर, बैंक, बांट माप विभाग आवश्यकतानुसार व्यापारियों के मध्य कैंप का आयोजन कराएं। उन्होंने एलडीएम से कहा कि व्यापारियों के सीएम युवा व अन्य योजनाओं के कितने आवेदन लंबित है एवं निरस्त किए गए आवेदनों की स्पष्ट आख्या अगली बैठक में उपलब्ध कराएं। साथ ही जिन बैंकों में व्यापारियों के ऋण के आवेदन ज्यादा लंबित है उसमें औचक निरीक्षण कर लंबित होने का कारण स्पष्ट करें।

उन्होंने कहा कि पूर्व में लगाए गए विद्युत मेगा कैम्प में मीटर रीडिंग से संबंधित कितनी शिकायती प्राप्त हुई है कितने का निस्तारण हो गया है उसकी सूची अधिशाषी अभियंता को उपलब्ध कराएं। साथ ही लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। उन्होंने उपायुक्त राज्यकर को निर्देशित किया कि सेंट्रल जीएसटी से संबंधित जितने आवेदन नियत समय उपरांत लंबित है उसकी सूची उपलब्ध कराएं। साथ ही प्रत्येक माह कितने शिकायतों का निस्तारण किया गया है एवं यदि समय के उपरांत शिकायतें लंबित रहती है तो उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही तय की जाये। उन्होंने उपायुक्त राज्यकर को निर्देशित किया कि व्यापारियों की सुविधा के लिए कार्यालय में जो सुविधा केन्द्र बना है पर आने वाले शिकायतों से सम्बंधित रजिस्टर बनाया जाय और सुविधा से संबंधित पोस्टर भी लगाए जाय।

उन्होंने ईओ नगर पालिका परिषद सदर को निर्देशित किया कि हरिहरगंज पुल के नीचे व्यापारियों के वेंडिंग जोन बनाए जाने के दृष्टिगत तैयार किए गए लेआउट/नक्शा से तत्काल अवगत कराए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए व जनपद में व्यापार को सुदृढ़ करने के लिए व्यापारियों द्वारा जो शिकायतें व सुझाव दिए गए है, संबंधित विभाग के अधिकारी संवेदनशीलता के साथ अमल में लाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, उपायुक्त राज्यकर अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, अधिशाषी अभियंता विद्युत प्रथम, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर सहित आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, व्यापारियों संबंधित उपस्थित रहे।

## चंदा इकट्ठा करके बेटी को भेजा दुबई, बेटी ने जीता देश के लिए गोल्ड मेडल

**फ्तेहपुर।** जिले के मिराई गांव की रहने वाली 19 साल की बेटी ने युएई के फुजैराह अमीरात में आयोजित एशियाई योगासन चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर दुनिया भर में देश का नाम रोशन किया है। बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली नीतू सिंह ने बिना किसी ट्रेनिंग के ये सफ्लता फोन पर वीडियो देख-देखकर हासिल की है। नीतू देश के लिए ओलंपिक में मेडेल जीतने का ख्वाब सच करना चाहती है। पांच बहनों में सबसे छोटी नीतू के इस संघर्ष में उसके परिवार वालों ने उसे पैसे की जरा भी कमी नहीं महसूस होने दी।



क्राउड फंडिंग के जरिए नीतू सिंह के लिए पिता ने लोगों से सहयोग मांगा और उसे यूएई में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा दिया। युएई के फुजैराह अमीरात में आयोजित एशियाई योगासन चौंपियनशिप में भारत की बेटी नीतू ने गोल्ड मेडल जीतकर दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया है। नीतू सिंह ने प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए नीतू ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा और संयम का परिचय दिया और लयबद्ध जोड़ी योग, स्वर्ण पदक जीते है।

चौंपियनशिप में चीन, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, नेपाल और ईरान के एथलीटों ने हिस्सा लिया था। चौंपियनशिप का आयोजन 9-10 अगस्त 2025 को जायद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया था। क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन हमद अल शर्की के संरक्षण में आयोजित की गई थी। एशियाई योगासन खेल महासंघ द्वारा संयुक्त अरब अमीरात के खेल मंत्रालय के सहयोग से आयोजित की गई थी। एशिया के प्रमुख प्रतिस्पर्धी योग आयोजनों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त, यह एथलीटों को सटीकता, लचीलेपन और सुंदरता का प्रदर्शन करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करता है। नीतू सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किए और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल और समर्पण का परिचय दिया।

जिले कि बिटिया नीतू सिंह दुबई अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। जिले की जहानाबाद विधानसभा के देवमई ब्लॉक के ग्राम मीराई कि बिटिया नीतू सिंह पुत्री जितेंद्र सिंह गौतम ने दुबई के फुजहरा में मेडल जीत कर देश ही नहीं प्रदेश व अपने जिले गांव का नाम रोशन किया है।

## सपा मजदूर सभा ने बैठक कर समस्याओं पर की चर्चा

फ्तेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को सपा मजदूर सभा की मासिक बैठक आयोजित हुई जिसमें खाद, बिजली व पानी की समस्या को लेकर जहां चर्चा की गई वहीं संगठन का विस्तार कर पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संदीप कुमार श्रीमाली ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि इन दिनों जिले के किसान खाद, बिजली व पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। जिससे उनकी खेती-किसानी नहीं हो पा रही है। बताया कि सहकारी समितियों में खाद के लिए किसानों की लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। फुटकर दुकानों में ओवर रेटिंग पर खाद की बिक्री की जा रही है, जिसे मजदूर सभा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके अलावा नहरों में टेल तक पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा खराब ट्रांसफार्मर भी नहीं बदले जा रहे हैं, जिससे किसानों के नलकूप नही चल पा रहे हैं। इन समस्याओं को लेकर मजदूर सभा संघर्ष करेगी। तत्पश्चात उन्होने संगठन का विस्तार किया, जिसमें आरिफअहमद नगर अध्यक्ष, जिला सचिव पद पर सोनू, मो. वारिस, आरिफ रहीस, शमीम, अनुज पाल को मनोनीत किया गया। सभी को मनोनयन पत्र भी वितरित किए गए। जिलाध्यक्ष ने सभी का आहवान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस लें, जिससे 2027 में सपा सरकार बनवाई जा सके। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजीत सिंह यादव, विनीत कुमार तिवारी, मोबीन खान, जय सिंह यादव, आरिफअहमद, चन्द्रशेखर पाल, मो, आरिफ रहीस, सोनू, प्रवीण सिंह, विकास यादव, अनुज कुमार, हरिशंकर पासी, मनोज लोधी, संदीप पाल, सतीश चन्द्र सैनी, सशांकमणी शुक्ला, अंकित कुमार, सचिन मौर्य भी मौजूद रहे।

## नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के प्रयोग की बताई विधियां



**– तरल आधारित सहकारी प्रशिक्षण में इफ्को के अधिकारियों ने लिया हिस्सा**

**फ्तेहपुर।** इफ्को की ओर से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी तरल आधारित सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआर कोऑपरेटिव राजेश कुमार रहे। कार्यक्रम में डीजीएम मार्केटिंग इफ्को एके सिंह, क्षेत्र प्रबंधक इफ्को प्रयागराज अक्षय कुमार पाण्डेय, एडीसीओ कोऑपरेटिव सदर जय सिंह पाल रहे। संचालन क्षेत्र अधिकारी इफ्को साजिद अंसारी ने किया। ए.के. सिंह ने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग विधि, लाभ एवं यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग विधि की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नैनो डीएपी का धान की रूपाई के समय 5 मिली. प्रति लीटर पानी में घोल बना कर जड़ शोघन कर 30 मिनट बाद बुआई करें। 50 दिन के पश्चात 500 मिली. नैनो यूरिया, 250 मिली. नैनो डीएपी एवं 250 मिली. सागरिका को मिला कर स्प्रे कराएं। उन्होंने बताया कि धान की फ्सल के लिए नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी के स्प्रेइंग का सर्वोत्तम समय चल रहा है। प्रत्येक पंद्रह लीटर की टंकी में ढाई ढक्कन नैनो डीएपी प्लस ढाई ढक्कन नैनो यूरिया प्लस प्लस ढाई ढक्कन सागरिका को छिड़काव करायें अत्यधिक लाभ होगा। अक्षय कुमार पाण्डेय ने सचिवों को नैनो एवं उत्पादों की बिक्री पर मिलने वाली मार्जिन धनराशि व कर्मियों को मिलने वाली प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही गेहूँ की फ्सल में नैनो उर्वरकों का ड्रोन से स्प्रे के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साजिद अंसारी ने जल विलय उर्वरकों एवं जैव उर्वरकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता राजेश कुमार द्वारा पीएम प्रणाम योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम में लगभग 60 सचिवों के अलावा अरविंद कुमार, इफ्को एम.सी. कपिल गंगवार भी उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबे वृद्ध का दो दिन बाद शव बरामद

फ्तेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम बेसड़ी में दो दिन पूर्व गांव के बाहर स्थित तालाब में डूबे 71 वर्षीय वृद्ध का शव गुरूवार की शाम पुलिस ने बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है। जानकारी के अनुसार बेसड़ी गांव निवासी स्व0 मनबोधन का पुत्र रामकृपाल 20 अगस्त को देर शाम घर से निकल गया और गांव के समीप स्थित तालाब में गिर गया और उसकी डूबकर मौत हो गयी। उधर परिजन उसकी खोजबीन करते रहे लेकिन कोई सुराग न लगा। गुरूवार की शाम तालाब पर उसका शव तैरता दिखाई दिया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री व जहानाबाद विधायक ने बांटी तिरपालें




**चौडगरा ( फ्तेहपुर )** मलवा विकासखंड के अभयपुर ग्राम सभा के गंगा कटरी क्षेत्र में गंगा के जल स्तर के बढ़ने से बाढ़ पीड़ित किसानों को बाढ़ राहत शिविर महुआ घाट में रखा गया है, जहां पर पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल पहुंचे। उन्होंने बाढ़ पीड़ित शिविर में रह रहे किसानों से उनकी मुलाकात की। पीड़ित किसानों को तिरपाल बांटे और उनकी समस्याओं से मुखातिब हुई और शीघ्र ही समस्याओं का निदान किए जाने की बात कही। बिंदकी फॉर्म गांव निवासी अचल निषाद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष हम लोगों को अपने गांव घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है। गंगा का जल स्तर बढ़ने से घर गृहस्थी का सामान भी खराब हो जाता है। हम लोगों को प्रत्येक वर्ष की समस्या का निदान होना चाहिए। घर बनाने के लिए थोड़ी-थोड़ी जमीन दी जानी चाहिए जिसमें घर बना सके जिससे विस्थापित होने वाले किसान सुरक्षित अपने घरों पर रह सकें। इस समस्या पर विधायक ने कहा कि शीघ्र ही जिला अधिकारी से इस संबंध में बात करके समस्या का हल निकाला जाएगा। आशापुर ग्राम प्रधान ओम नारायण कश्यप ने कहा कि काफी समय से पानी की टंकी की सप्लाई रुकी हुई है जिससे आम जनमानस को शुद्ध पेयजल की प्राप्ति नहीं हो पा रही है जिसे शीघ्र ही निदान किए जाने की बात कही। विधायक ने किसानों से मुखातिब होते हुए समय पर भोजन पानी हुआ। स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली और सरकार द्वारा हर संभव मदद दिलाए जाने की बात कही। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग के कृष्ण कुमार से मुखातिब होते हुए कहा कि किसानों को समय-समय पर भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए जब तक की गंगा का जल स्तर पूर्णतया कम नहीं हो जाता।

**■ बाढ़ पीड़ितों से हुई रूबरू सुनी समस्याएं**
**■ नहीं बाटी राशन किट, किसान हुए मायूस, धीरे-धीरे घट रहा गंगा का जलस्तर**

उन्होंने पशुधन प्रसार अधिकारी संतोष शर्मा व पशु चिकित्सा अधिकारी स्नेह लता गुप्ता से पशुपालन संबंधी योजनाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि जो किसान पशुपालन करना चाहते हैं उन्हें शीघ्र ही इन योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। आज पश्चिमी चिकित्सा अधिकारी द्वारा 10 मवेशियों का रजिस्ट्रेशन किया गया व 62 मवेशियों को कृमि नाशक दवा बांटी गई व एक मवेशी की चिकित्सा की गई वहीं 21 कुंतल भूसा मवेशियों के लिए बांटा गया। डॉ. शालिनी अपनी टीम अशोक फार्मासिस्ट सिद्धार्थ एलटी एकता कटिहार बाबूलाल सी.एच.ओ. के साथ 84 किसानों को बुखार त्वचा रोग व कान दर्द की दवाएं बांटी। 07 लोगों का मलेरिया टाइफाइड परीक्षण किया गया। तीन किसानों का टीवी जांच हेतु मलगम भेजा गया।

बाढ़ राहत शिविर महुआ घाट में 200 परिवार शरण लिए हुए हैं। वहीं बाढ़ राहत शिविर खागल बाबा में 150 परिवार शरण लिए हुए हैं। हर पीड़ित किसानों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष बाढ़ की विभीषिका से जूझते हैं जिनमें कुछ किसान ऐसे हैं जो बालकट खेत लेकर कृषि कार्य करते हैं जिनके मुआवजे की राशि बलकट दिए हुए किसान को प्राप्त हो जाती है और बलकट लेकर कृषि कार्य वालों करने वाले किसानों को सहायता नहीं मिल पाती है जिस पर विधायक जी ने बिंदकी तहसीलदार अचलेश सिंह से कहा कि इस संबंध में ध्यान रखा जाए और बलकट लेने वाले किसानों को ही फ्सल मुआवजे की राशि दी जाए।

नया खेड़ा गांव निवासी राजेंद्र निषाद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष बाढ़ की विभीषिका से कई गांव जूझते हैं लेकिन जो किसान बढ़ रहा शिविरों में पहुंचते हैं। उन्हीं को लाभान्वित किया जाता है जबकि अन्य गांवों के किसान वंचित रह जाते हैं। सभी को लाभान्वित किया जाना चाहिए। प्राथमिक विद्यालय बिंदकी फॉर्म की अध्यापिका अर्चना पांडेय ने बताया कि बिंदकी फॉर्म और संदनहा मैं शिक्षा रख बच्चों को प्राथमिक विद्यालय दरियापुर बांगर मैं समायोजित किया गया है। प्रमुख रूप से बिंदकी तहसीलदार अचलेश सिंह, कानूनगो भोला ,राजस्व निरीक्षक शुभम सिंह ,अभिषेक शिवहरे, अभयपुर ग्राम प्रधान रामदास निषाद, आशापुर ग्राम प्रधान ओम नारायण कश्यप, पूर्व प्रधान अभयपुर संजय सिंह, बीकमपुर ग्राम प्रधान गोरेलाल, कोटेदार शिवराम सिंह, आशा बहू बीना पटेल, आशा बहू गीता, बीना देवी, लक्ष्मी सिंह, आशा बहू उषा देवी, अनीता, रूबी, रामचंद्र निषाद, देशराज भदोरिया सुरेश निषाद आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### शुकदेव इंटर कालेज में हुई जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता

**– फ्तेहपुर, खागा व बिन्दकी की टीमों ने लिया हिस्सा**

**खागा, (फ्तेहपुर)।** नगर के शुकदेव इंटर कॉलेज के प्रांगण में जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निरीक्षक राकेश कुमार एवं प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए किया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों फ्तेहपुर, खागा और बिंदकी की टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गों की टीमों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कबड्डी प्रतियोगिता का वातावरण पूरे दिन उत्साह और जोश से भरा रहा। खिलाड़ियों ने अपनी दमदार पकड़, तेज गति और कुशल रणनीति से प्रतिद्वंद्वी टीमों को कड़ी चुनौती दी। दर्शक भी तालियों और नारों से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे।

प्रतियोगिता के माध्यम से न केवल खिलाड़ियों ने खेल कौशल का प्रदर्शन किया बल्कि टीम भावना, अनुशासन और खेल भावना का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उदय प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल से शरीर ही नहीं, मन भी स्वस्थ रहता है और व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ता है। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडल ने विजेता टीमों की घोषणा की। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा आकर्षक शील्ड और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विजेता खिलाड़ियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय परिवार ने मिलकर किया। समापन अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा दी। इस प्रकार जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता खेल और उमंग के साथ सौहार्द्र का प्रतीक बनकर सफ्लतापूर्वक संपन्न हुई।

### किसानों की खड़ी फ्सल चट कर रहे गोवंश

**विजयीपुर, (फ्तेहपुर)।** क्षेत्र के रायपुर भसरौल क्षेत्र में बीते एक साल से अर्ध निर्मित पड़ी गौशाला का निर्माण पूरा न होने से अन्ना मवेशी क्षेत्र में खड़ी बजरा, तिल, अरहर, ज्वार, धान की फ्सलों को चट कर रहे हैं जिससे किसान परेशान हैं। पशुपालन विभाग द्वारा क्षेत्र के रायपुर भसरौल गांव में लगभग एक करोड़ की लागत से स्थाई वृहद गौशाला का निर्माण हो रहा है जो बीते एक साल से अधूरा पड़ा है। गौशाला का निर्माण पूरा न होने से क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या में अन्ना गोवंश घूम रहे हैं जो किसानों की तैयार खड़ी फ्सल बाजरा, ज्वार, तिल, अरहर, धान को चट कर रहे हैं। किसान रतजगा करने को मजबूर हैं। खेतों में बल्लियों के सहारे रस्सी व कटीली तार लगा कर फ्सल बचाने का प्रयास कर रहे हैं फिर भी फ्सल बचाना मुश्किल पड़ रहा है। विभागीय जेई पुष्पराज सिंह ने बताया कि रायपुर भसरौल गौशाला में तेजी से काम शुरू है। एक महीने बाद तैयार हो जाएगी। इसके बाद किसानों को राहत मिलेगी।

### मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी बांदा में आज

फ्तेहपुर। जिला उद्यान अधिकारी डा0 रमेश पाठक ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर से कल प्रातः दस बजे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बॉदा के प्रेक्षागृह में मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में झांसी, प्रयागराज व चित्रकूट धाम मण्डल में आने वाले सभी जिलों के विभागीय अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे। गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उद्यान एवं कृषि विपरण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में चित्रकूट धाम मण्डल के कमिश्नर अजीत कुमार तथा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक डा0 भानु प्रकाश राम शामिल होंगे। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि मण्डलीय स्तर पर आयोजित यह गोष्ठी किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होने प्रगतिशील किसानों और विभागीय कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इसे सफ्ल बनाने की अपेक्षा की है।

### सार्वजनिक पुस्तकालयों में अनुदान हेतु आवेदन आमंत्रित

**फ्तेहपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश में नगरीय, ग्रामीण, अल्पसंख्यक बाहुल्य एवं अनुसूचित जाति, जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित सार्वजनिक पुस्तकालयों को पुस्तकीय सहायता, फर्नीचर एवं संग्रहण सामग्री आदि की सहायता के रूप में अनावर्तक अनुदान हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। डीआईओएस कार्यालय व राजकीय जिला पुस्तकालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। आवेदन पत्र का प्रारूप संबंधित डीआईओएस कार्यालय व राजकीय जिला पुस्तकालय से प्राप्त किया जा सकता है। प्रतिष्ठान की योजनाओं के आवेदन पत्रों के नवीनतम प्रारूप प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर भी उपलब्ध हैं, जहाँ से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। अंतिम तिथि तक प्राप्त समस्त आवेदन पत्र सम्यक जांचोपरांत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय पुस्तकालय समिति की संस्तुति सहित 31 अक्टूबर तक पुस्तकालय प्रकोष्ठ, माध्यमिक शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराये जायेंगे। जिन जनपदों में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुस्तकालय समिति गठित नहीं है वहां ऐसे सभी आवेदन पत्रों को जिला विद्यालय निरीक्षक उचित निर्णय लेते हुए अपनी संस्तुति सहित शासन को उपलब्ध करायेंगे। जिसके अभाव में आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त योजनाओं के अंतर्गत कोई भी आवेदन पत्र पुस्तकालय प्रकोष्ठ द्वारा संस्था से सीधे नहीं प्राप्त किया जाएगा।

### तीन दिन में सूचना उपलब्ध कराएं समिति

**फ्तेहपुर।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने बताया कि कई वर्षों से समिति के संचालन होने व चुनाव कराये जाने की सूचना कार्यालय को नहीं दी गयी है। निष्क्रिय समितियों को उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम-1965 एवं सहपठित नियमावली-1968 के अन्तर्गत सहकारी समितियों के समापन और विघंटन के लिए धारा 72 के अधीन नोटिस जारी कियें गये, जिसके उपरान्त किसी भी समिति द्वारा कार्यालय में संचालन की सूचना नही दी गई और अधिकांश नोटिस निर्धारित स्थल से संमिति के संचालन न होने की स्थिति में वापस आ गयी। निदेशालय कानपुर द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में समस्त औद्योगिक सहकारी समितियों को पुनः अंतिम अवसर दिया जाता है कि समिति के संचालन व निर्वाचन विषयक सूचना कार्यालय को तीन दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा निष्क्रिय समितियों के पंजीकरण के परिसमापन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

### चयनित खिलाड़ी मंडलीय ट्रायल्स हेतु जाएंगे प्रयागराज

**फ्तेहपुर।** जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 हेतु जिला स्तरीय चयन व ट्रायल्स स्पोर्ट्स स्टेडियम शान्तीनगर में सम्पन्न हुआ। पुरुष वर्ग में खिलाड़ियों ने बैटरी व फिजिकल टेस्ट में भाग लिया। जिसमें 45 वर्ष से अधिक युवाओं में बृजेश कुमार बाजपाई 28 अंक, राजकुमार यादव 26 अंक, राजेश कुमार 22 अंक, 45 वर्ष से कम में दिव्यांशु त्रिवेदी 18 अंक रहे। उक्त चयन परीक्षण की देखरेख क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार भारती एवं स्टेडियम के कोच मो0 आरिफ खान, जितेन्द्र यादव, पुष्पेन्द्र सिंह परिहार एव मोहित यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। चयनित खिलाड़ियों को आगामी मण्डलीय ट्रायल्स/चयन हेतु प्रयागराज भेजा जायेगा।

### दादों ब्रिज के वैकल्पिक मार्ग से राहगीरों व्यापारियों को मिलेगी सुविधा

- सालों से जर्जर तुर्की पुल के टूटने से परेशान हो रहे थे राहगीर व्यापारी

खागा, (फ्तेहपुर)। किशनपुर क्षेत्र के किशनपुर दादों यमुना ब्रिज के सहायक तुर्की पुल के टूटने के बाद से दोनों जनपद का आवागमन ठप हो गया था दूर दराज जनपदों से आने वाले राहगीर परेशान होते थे, व्यापारियों को व्यापार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, इसके बाद बीते दिन मोरंग कारोबारियों ने तुर्की पुल के बगल से वैकल्पिक रास्ता बनाकर क्षेत्रीय लोगों को बड़ी सौगात दी है, जिससे व्यापारी और राहगीरों को बड़ी सुविधा मिली। बांदा-फ्तेहपुर को जोड़ने वाले दादों ब्रिज से जुड़े तुर्की पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद से क्षेत्र के लोग परेशान हो रहे थे, मरीजों को कंधे पर टांगकर आर पार कराना पड़ता था।

## स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

### टोल की मुसीबत

जनसुविधाओं के तमाम दावों के बाद भी कई नियम उनसे जुड़ी हुई व्यवस्थाओं को आसान और बाधाविहीन करने के लिए तो बनते हैं पर जल्दी ही वे व्यापक स्तर पर गंभीर परेशानियों के कारण बन जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय कभी याचिकाओं तो कभी स्वतः संज्ञान लेकर ऐसी विषमताओं पर टिप्पणी करने के साथ उनको सुधारने के आदेश भी दे चुका है। ऐसी ही समस्या टोल टैक्स की है। इसके लिए तय नियम में व्यवस्था थी कि जो कंपनी यह टैक्स वसूलेगी, उसकी जिम्मेदारी होगी कि वह संबंधित सड़क की देखरेख और सुविधाजनक यातायात भी सुनिश्चित करे। लेकिन हकीकत में ऐसा हो नहीं रहा है। इसीलिए न्यायालय ने खुल कर कह दिया कि अगर सड़क गड्ढों से भरी है तो टोल देने के लिए लोगों को बाध्य नहीं किया जा सकता क्योंकि वास्तव में यह उनकी जेब पर भारी पड़ रहा है। कोर्ट ने इस तथ्य पर निराशा भी जताई कि सड़क पर मोटरवाहन चलाने के लिए कर का भुगतान करने वाले नागरिक को सड़क के उपयोगर के लिए टोल का अतिरिक्त भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है। कोर्ट की बात इसलिए और तार्किक है कि इससे नियमों की विसंगतियां भी सामने आती हैं। कोर्ट ने यह हकीकत भी सामने ला दी कि टोल का सफल बोलीदाता निर्माण और रखरखाव पर खर्च किए गए पैसे से कहीं अधिक वसूल लेता है। इससे एक दिन पहले न्यायालय ने सीधा सवाल उठाया था कि किसी व्यक्ति को पैंसठ किमी लंबे राजमार्ग को तय करने में बारह घंटे लगते हैं तो उसको टोल टैक्स का भुगतान करने के लिए क्यों कहा जाए। इस सवाल की भी वजह है। जब किसी सड़क मार्ग पर टोल की वसूली शुरू होती है तो उस पर आने जाने वालों को इत्मीनान रहता है कि अब रास्ता बिना किसी दिक्कत के कट जाएगा। पर ऐसा होता नहीं है। वहीं टोल टैक्स वसूली के नियमों में टोल नाके पर वाहन के रुकने की समय सीमा भी तय है। यानी उस समय सीमा के भीतर ही किसी एक वाहन से टैक्स लेने का काम पूरा करना होता है। फिर भी कई जगहों पर इसका पालन नहीं हो पाता। इसीलिए नाकों पर मारपीट की घटनाएं भी होती हैं। इसके अलावा अक्सर जल्दबाजी में या किसी अन्य कारण से अधिक टैक्स कट जाने पर संबंधित यात्री को शेष पैसे वापस पाने के लिए बैंक की जटिल प्रक्रिया में समय गंवाना पड़ता है। अब सुप्रीम कोर्ट ने जिस गंभीरता से इन तथ्यों को जांच परख कर जो टिप्पणियां की हैं, कम से कम उन्हें देखते हुए तो जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए।

### जरूरी कानून

ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 को लोकसभा में पारित कर, जिसमें ऑनलाइन सट्टेबाजी को दंडनीय अपराध बनाने का प्रावधान है, सरकार ने इस मामले में अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की ओर से इस विधेयक को मंजूरी दी गयी थी। इस विधेयक का उद्देश्य ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स को कानूनी ढांचे के अंतर्गत लाना तथा डिजिटल एप्स के माध्यम से जुआ खेलने पर दंडित करना है। इसके जरिये सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों से जुड़ी धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि को रोकने तथा ऑनलाइन सट्टेबाजी को बढ़ावा देने वाले मशहूर हस्तियों पर निगरानी को सख्त करने का भी उद्देश्य है। युवाओं को उन जोखिम भरे गेमिंग एप्स से बचाना आवश्यक है, जो उन्हें आर्थिक संकट में धकेल देते हैं। सरकार का यह भी मानना है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी पर अंकुश लगाकर वित्तीय धोखाधड़ी और राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने जैसी गतिविधियों को भी रोका जा सकता है। गौरतलब है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी को हतोत्साहित करने के लिए ही अक्तूबर, 2023 से ऑनलाइन गेमिंग फर्म्स पर 28 फीसदी जीएसटी लागू किया गया था। दरअसल पिछले दो साल से सरकार ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े नियमों को लगातार सख्त कर रही है। इस पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू करने के अलावा खिलाड़ियों की जीत पर वित्त वर्ष 2025 से 30 प्रतिशत कर भी लगेगा। रिपोर्टों से यह भी पता चलता है कि केंद्र सरकार दीपावली के आसपास लागू होने वाली संशोधित कराधान व्यवस्था के तहत ऑनलाइन गेमिंग पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगाने की योजना बना रही है. विदेशी गेमिंग प्लेटफॉर्म भी कर के दायरे में आ गये हैं और प्रवर्तन एजेंसियों को अपंजीकृत या अवैध वेबसाइटों को ब्लॉक करने का अधिकार है। सूचना प्रसारण मंत्रालय ने टीवी चैनलों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि गेमिंग विज्ञापनों में वित्तीय जोखिमों और संभावित लत के बारे में चेतावनी देने वाले डिस्क्लेमर जरूर हों। इसका उद्देश्य इंटरनेट और ऑनलाइन गेमिंग को सुरक्षित, जवाबदेह और जिम्मेदार बनाना है. वहीं शिक्षा मंत्रालय ने इस लत से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को सलाह जारी की है।

### काँव-काँव

♦♦♦

**एशिया कप में भारत पाक मुकाबले की इजाजत**
तुम्हीं से मोहब्बत, तुम्हीं से लड़ाई..दुहाई दुहाई

**अंतरिक्ष से खूबसूरत दिखा भारत-शुभांशु शुक्ला**
वापस लौटे तो गहन पुनरीक्षण संग्राम जारी था!

**अब आनलाईन गेमिंग पर पैसे कमाना प्रतिबंधित**
सिरिफ़ अंबानी का मुर्गागेम इदरीच चलेंगा भाई!

**अहम मुद्दों पर चर्चा से भाग रहा है विपक्ष -बिरला**
पैंसठ लाख मतदाताओं का मामला तो यूं ही है!

**पहले तुष्टीकरण हुआ,अब संतुष्टिकरण है-योगी**
पैंतालीस लोकसभा सीटें इसीलिये चली गयीं!

**विवाह के बाद निर्भरता स्वाभाविक -सुप्रीम कोर्ट**
सात जनम के रिश्ते बचाना भी कोर्ट के हवाले!

♦♦♦

# राजनीतिक आजादी छीनना बहुत आसान

**- अजीत द्विवेदी**


लोकतंत्र और आजादी सुनिश्चित करने के तमाम आधुनिक उपकरणों, जैसे संविधान आधारित शासन व्यवस्था, न्यायपालिका, मीडिया, तकनीक, नागरिक समाज आदि ने सचमुच लोकतंत्र और आजादी की रक्षा की है या इनके उत्तरोत्तर क्षरण का रास्ता बनाया है? यह एक जटिल सवाल है। एक समय 18वीं सदी के मध्य में महान दार्शनिक ज्यां जॉक रूसो के सामने सवाल था कि आधुनिक विज्ञान और कलाओं ने मनुष्य को बेहतर बनाया है या नैतिक रूप से भ्रष्ट बनाया है? रूसो का जवाब था कि आधुनिक कला और विज्ञान ने मनुष्य को नैतिक रूप से भ्रष्ट बनाया है। रूसो के निष्कर्ष के पौने तीन सौ साल और भारत की आजादी के 78 साल बाद कम से कम भारत के संदर्भ में कहा जा सकता है कि तमाम आधुनिक उपकरणों ने लोकतंत्र और आजादी को सीमित किया है या सीमित करने का प्रयास किया है। दुर्भाग्य की बात यह है कि देश के नागरिक भी किसी सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक या राजनीतिक दबाव में आजादी को सीमित करने के प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं या उसमें सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। एक तरफ सरकारें वाक व अभिव्यक्ति की आजादी को नियंत्रित करने के नए कानून ला रही हैं और संप्रेषण के नए माध्यमों को भी सत्ता तंत्र की मदद से नियंत्रित किया जा रहा है तो दूसरी ओर नागरिक समाज स्वेच्छा से अपनी आजादी गंवाने की प्रक्रिया में शामिल हो रहा है। अगर नागरिक समाज अपने अधिकारों और अपनी आजादी के प्रति सजग रहे तो वह सरकारी दमन का सफल प्रतिरोध कर सकता है। लेकिन मुश्किल यह है कि नागरिक समाज ही अपनी आजादी गंवाने में प्रत्यक्ष या परोक्ष योगदान कर रहा है।

असल में भारत में आजादी को सिर्फ एक राजनीतिक अवधारणा बना दिया गया है। जब आजादी की बात होती है तो घूम फिर कर बात इस पर आ जाती है कि आपको सत्ता प्रतिष्ठान या शीर्ष पर बैठे राजनेता की आलोचना का अधिकार है या नहीं? यानी राजनीतिक बयान देने का अधिकार है या नहीं? माना जाता है कि अगर आपको राजनीतिक बयान देने का अधिकार है तो इसका मतलब है कि आप आजाद हैं। लेकिन ऐसा नहीं होता है। आजादी किसी राजनीतिक प्रतिष्ठान या किसी संविधान ने नहीं दी है या वह राजनीतिक बयानों तक सीमित नहीं है। मनुष्य आजाद पैदा होता है और उसके मौलिक अधिकार, जिसमें खाने पीने की आजादी, पहनावे की आजादी, अपने मूल्यों के साथ जीवन जीने की आजादी आदि शामिल हैं, उसको स्वाभाविक रूप से मिलते हैं। लेकिन आजादी के 78 साल बाद यह स्थिति है कि कहीं खान पान की आजादी को नियंत्रित किया जा रहा है, कहीं पहनावे पर पाबंदी लगाई जा रही है, कहीं भाषा बोली को नियंत्रित किया जा रहा तो कहीं शादी की उम्र और पसंद को लेकर लोगों को कठघरे में खड़ा किया जा रहा है। इस बुनियादी बात को ही भुला दिया गया है कि अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब सिर्फ बोलने की आजादी नहीं है, बल्कि अपनी पसंद का जीवन जीने की आजादी है। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि नागरिकों की मौन या मुखर सहमति और नागरिक समाज की भागीदारी के बगैर लोकतंत्र और आजादी पर पहरा नहीं बैठाया जा सकता है और न उसे सीमित किया जा सकता है। इंदिरा गांधी के प्रयास को इस देश के नागरिकों ने असफल बनाया था। मगर आज स्थितियां बदल गई हैं। अगर आज महाराष्ट्र में वहां की सरकार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मांस की बिक्री पर पाबंदी लगा रही है तो यह एक बड़े नागरिक समूह की सहमति के बगैर संभव नहीं है। पहली नजर में ऐसा लगेगा कि यह कितनी छोटी बात है! यह तर्क भी दिया जा रहा है कि अगर एक दिन मांसाहार नहीं करेंगे तो क्या आफत आ जाएगी! लेकिन यह छोटी बात नहीं है और न एक दिन की बात है। धार्मिक त्योहारों के सम्मान में नागरिक समाज की ओर से इसकी शुरुआत हुई थी। कहा गया कि जैन समुदाय के पर्यूषण पर्व के मौके पर महाराष्ट्र और देश के अन्य हिस्सों में मांस, मछली की दुकानें बंद रहेंगी। फिर कहा गया कि नवरात्रों में दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में मांस, मछली की दुकानें बंद रहेंगी। इसके बाद कहा गया कि कांवड़ यात्रा के समय कांवड़ के पूरे रास्ते में मांसाहार की दुकानें बंद रहेंगी। और अब कहा जा रहा है कि स्वतंत्रता दिवस के दिन भी लोगों को मांसाहार की आजादी नहीं होगी। नागरिक समाज या एक धार्मिक समूह की ओर से किसी खास त्योहार के मौके पर पाबंदी लगाने की जो शुरुआत हुई थी वह सांस्थायिक होती जा रही है। सरकार अब कानून बना कर या आदेश पारित करके लोगों की फूड च्वाइस को नियंत्रित करना चाहती है। इसको छोटी बात नहीं माना जा सकता है। क्योंकि यह संयोग नहीं, बल्कि प्रयोग का हिस्सा है। एक बड़ा समूह इस पर चुप है, लेकिन इस चुप्पी में उसकी रक्षा नहीं है। आगे उसकी भी बारी आएगी। इसी तरह एक कथित संत अनिरुद्धाचार्य ने लड़कियों को लेकर एक बेहद आपत्तिजनक बयान दिया। उन्होंने 25 साल की उम्र से पहले शादी की सलाह देते हुए कहा कि '25 साल की लड़की चार जगह मुंह मार चुकी होगी तो वह किसी रिश्ते को कैसे निभाएगी'। इस पर विवाद हुआ तो एक स्टैंडर्ड सफाई आई कि उनकी बातों को काट छांट कर प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आए एक दूसरे कथित सम्मानित संत प्रेमानंद जी महाराज आए तो उन्होंने अपना निष्कर्ष सुनाया कि, आजकल सौ में मुश्किल से चार पांच लड़कियां ही पवित्र होती हैं, बाकी सब ब्वॉयफ्रेंड गर्लफ्रेंड में लगे रहते हैं'। इनके समर्थन में उतरे महंत राजू दास ने महिलाओं को लेकर कहा, समाज में अर्धनग्न घूम रहे हैं यह उचित नहीं है। मातृशक्ति पूजा के योग्य है लेकिन अर्धनग्नता नहीं, यह समाज में स्वीकार के योग्य नहीं है'। ये तीन बयान सिर्फ विवादित बयान नहीं हैं। इनकी भाषा तो बेहद भद्दी, अश्लील और आलोचना के योग्य है ही लेकिन इसके पीछे का पूरा विचार आजादी को प्रतिबंधित करने वाला है। दुर्भाग्य से यह काम कोई सरकार नहीं कर रही है, बल्कि सत्ता संरक्षित कथित संत इस तरह की बातें कर रहे हैं और नागरिक समाज उसका समर्थन और बचाव कर रहा है।



अब सवाल है कि अगर 78 साल में हमारी आजादी मजबूत हुई है, हमारा लोकतंत्र मजबूत हुआ है, तकनीक ने हमें अपने को अभिव्यक्त करने की बेहतर सुविधा दी है तो हम उसका क्या कर रहे हैं? हम इस प्रचार का हिस्सा बन रहे हैं कि लड़कियों को 25 साल की उम्र तक माता पिता की पसंद से शादी कर लेनी चाहिए नहीं तो उसको 'चार जगह मुंह मारने वाला' कहा जाएगा, उसको चरित्रहीन ठहराय जाएगा और रिश्ते निभाने की उसकी क्षमता पर सवाल उठाया जाएगा! यह एक बहुत बड़ा विषय है, जिसकी गहराई में जाएं तो बहुत पन्ने काले करने होंगे लेकिन मुख्य रूप से यह स्त्रियों की पढ़ने लिखने, नौकरी करने, अपनी योग्यता साबित करने और उम्र के किसी भी पड़ाव पर अपनी पसंद से शादी करने या अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ रहने की आजादी को सीमित करने का प्रयास है। पता नहीं क्यों भारत का समाज स्त्रियों से इतना घबराया हुआ है कि ये कथित साधु संत आगे किए गए हैं आजादख्याल स्त्रियों को चरित्रहीन साबित करने और उनकी आजादी को नियंत्रित करने के लिए? ऐसा लग रहा है कि आजादी के 78 साल बाद भारत के सत्ता तंत्र को समझ में आ गया है कि जोर जबरदस्ती से आजादी को नियंत्रित नहीं किया जा सकता है तो उसने धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि के नाम पर खान पान, पहनावे और स्त्री पुरुष संबंधों को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया है। नागरिक समाज खुशी खुशी इसमें शामिल हो रहा है। उसको लग रहा है कि वह दूसरों से श्रेष्ठ है इसलिए उसको अपनी आजादी और अपनी पसंद का समर्पण कर देना चाहिए। असल में यह मानसिक गुलामी का प्रतीक है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### जिहाद

उसका नाम धर्मदास है; इसका खज़ांचन्द।

धर्मदास ने बंदूक को जमीन पर टिका कर एक चट्टान पर बैठते हुए कहा-तुमने अपने लिए क्या सोचा ? कोई लाख-सवा लाख की सम्पत्ति रही होगी तुम्हारी?

खज़ांचन्द। ने उदासीन भाव से उत्तर दिया- लाख-सवा लाख की तो नहीं, हां पचास-साठ हजार तो नकद ही थे।

तो अब क्या करोगे?

'जो कुछ सिर पर आयेगा, झेलूंगा! रावलपिंडी में दो-चार सम्बन्धी हैं, शायद कुछ मदद करें। तुमने क्या सोचा है?'

'मुझे क्या गम ! अपने दोनों हाथ अपने साथ है। वहां इन्हीं का सहारा था, आगे भी इन्हीं का सहारा है।'

' आज और कुशल से बीत जाय तो फिर कोई भय नहीं।'

'मैं तो मना रहा हूं कि एकाध शिकार मिल जाय। एक दर्जन भी आ जायें तो भून कर रख दूंगा।'

इतने में चट्टानों के नीचे से एक युवती हाथ में लोटा-डोर लिए निकली और सामने कुएं की ओर चली। प्रभात की सुनहरी, मधुर, अरुणिमा मूर्तिमान हो गयी थी।

दोनों युवक उसकी ओर बढ़े लेकिन खज़ांचन्द तो दो-चार कदम चल कर रुक गया। धर्मदास ने युवती के हाथ से लोटा-डोर ले लिया और खज़ांचन्द। की और सगर्व नेत्रों से ताकता हुआ कुएं की ओर चला। खज़ांचन्द। ने फिर बंदूक संभाली और अपनी झेंप मिटाने के लिए आकाश की ओर ताकने लगा। इसी तरह कितनी ही बार धर्मदास के हाथों पराजित हो चुका था। शायद उसे इसका अभ्यास हो गया था। अब इसमें लेशमात्र भी संदेह न था कि श्यामा का प्रेमपात्र धर्मदाय है। खज़ांचन्द। की सारी सम्पत्ति धर्मदास के रूप-वैभव के आगे तुच्छ थी। परो ही नहीं, प्रत्यक्ष रूप से भी श्यामा कई बार खज़ांचन्द।को हताश कर चुकी थी, पर वह अभागा निराश होकर भी न जाने क्यों उस पर प्राण देता था।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**पठन्ति चतुरो वेदान् धर्मशास्त्राणनेकशः।**
**आत्मानं नैव जानन्ति दर्वी पाकरसं यथा।।**

जिस प्रकार पाक में घुसी हुई कलछी उस पाक के रस को नहीं जानती, उसी प्रकार आजकल के विद्वान भी वेदों और शास्त्रों को पढ़ तो लेते हैं, परन्तु आत्मतत्त्व को नहीं जानते।

♦♦♦

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस : एक राष्ट्र की आकांक्षाओं का उत्सव



**- डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'**

23 अगस्त का सूरज जब उगा, तो वह सिर्फ़ एक दिन को नहीं, बल्कि एक युग को रोशन कर गया। यह तारीख अब केवल कागज़ पर नहीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय पर अंकित हो चुकी है। चंद्रयान-3 की लैंडिंग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर न केवल भारत का झंडा गाड़ा, बल्कि मानवता की आकांक्षाओं को एक नया आकाश दिया। यह क्षण वह नहीं था जब मशीनें चाँद की मिट्टी पर उतरीं; यह वह पल था जब एक राष्ट्र ने अपनी आत्मा को तारों के पार भेजा। यह दिन, राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस, विज्ञान की जीत से कहीं बढ़कर है—यह सपनों का उत्सव है, जो असफलताओं की राख से फीनिक्स की तरह उभरे। जब चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की अनछुई सतह को स्पर्श किया, तो उसने न केवल वैज्ञानिक इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षर अंकित किए, बल्कि एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्रांति का सूत्रपात किया। चंद्रयान-2 की असफलता को विश्व ने पराजय माना, पर भारत ने उसे एक प्रेरणा बनाया। इसरो के वैज्ञानिकों ने उस ठोकर को सीढ़ी में ढाला, और सिद्ध कर दिखाया कि असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का संदेश है। यह भारतीय दर्शन की वह शक्ति है, जो टूटे को जोड़ती है और असंभव को संभव बनाती है। 23 अगस्त 2023 को, जब विक्रम लैंडर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा, तो वह केवल एक मिशन की जीत नहीं थी—यह एक प्राचीन सभ्यता की उस अटल मान्यता की विजय थी, जो कहती है कि असंभव महज एक शब्द है, और सपने सितारों तक ले जाते हैं।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का असली महत्व इसकी वैज्ञानिक उपलब्धि में नहीं, बल्कि इसके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव में है। जब एक ग्रामीण स्कूल का बच्चा रात को तारों की ओर देखता है और यह सोचता है कि उसका देश उन तारों तक पहुँच चुका है, तो उसके मन में एक नया विश्वास जन्म लेता है। यह विश्वास केवल अंतरिक्ष तक सीमित नहीं है; यह उसे जीवन की हर चुनौती को पार करने की प्रेरणा देता है। इसरो की यह उपलब्धि सिर्फ़ डेटा और तकनीक की बात नहीं करती; यह हर उस व्यक्ति की कहानी कहती है जो अपने छोटे से गाँव में बड़े सपने देखता है। चंद्रयान-3 की लागत को देखें तो यह आश्चर्यजनक है। नासा के मिशनों के सामने भारत का यह मिशन एक छोटे से बजट में रचा गया चमत्कार था। इसरो ने लगभग 615 करोड़ रुपये (लगभग 74 मिलियन डॉलर) में यह मिशन पूरा किया, जो कि हॉलीवुड की एक औसत ब्लॉकबस्टर फिल्म के बजट से भी कम है। फिर भी, इस मिशन ने न केवल चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की अनछुई मिट्टी पर कदम रखा, बल्कि भारत को उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल किया, जिन्होंने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। यह सिद्ध करता है कि भारत की ताकत उसके संसाधनों में नहीं, बल्कि उसके संकल्प में है। यह वही देश है जो मंगल पर भी कम बजट में मंगलयान भेज चुका है, जिसकी लागत (450 करोड़ रुपये) भी कई देशों के अंतरिक्ष मिशनों की तुलना में नगण्य थी। 23 अगस्त का उत्सव केवल वैज्ञानिकों का नहीं है। यह उन गुमनाम नायकों का भी उत्सव है जो पर्दे के पीछे काम करते हैं। वे इंजीनियर, जो रात-रात भर डेटा विश्लेषण करते हैं। वे तकनीशियन, जो एक-एक तार को जोड़ते हैं। और वे परिवार, जो अपने प्रियजनों की



अनुपस्थिति को सहते हैं ताकि देश का नाम आकाश में चमके। जब इसरो के नियंत्रण कक्ष में तालियों की गूंज उठी, तो वह सिर्फ़ एक लैंडर की सफलता की गूंज नहीं थी; वह उन अनगिनत बलिदानों की आवाज़ थी जो इस मिशन को साकार करने में लगे। चंद्रयान-3 की लैंडिंग का वैज्ञानिक महत्व भी कम नहीं है। दक्षिणी ध्रुव पर पानी की बर्फ की खोज ने न केवल अंतरिक्ष अनुसंधान को नई दिशा दी, बल्कि मानवता के भविष्य के लिए एक नई संभावना खोली। इसरो के प्रज्ञान रोवर ने चंद्र सतह पर सल्फर और ऑक्सीजन जैसे तत्वों की उपस्थिति की पुष्टि की, जो भविष्य में चंद्रमा पर मानव बस्तियाँ स्थापित करने की दिशा में एक कदम है। यह खोज केवल वैज्ञानिक डेटा नहीं है; यह एक संदेश है कि अंतरिक्ष अब केवल दूर की कौतूहल भरी दुनिया नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का अगला पड़ाव हो सकता है।यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल तकनीक का प्रदर्शन नहीं है; यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का विस्तार है। जिस सभ्यता ने वेदों में तारों की गणना की, जिसने आर्यभट्ट के ज़रिए खगोलशास्त्र को नई ऊँचाइयाँ दीं, उसी सभ्यता ने आज चंद्रमा पर अपनी छाप छोड़ी है। यह संयोग नहीं है कि चंद्रयान-3 का लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' कहलाया। ये नाम हमारी प्राचीन बुद्धिमत्ता और आधुनिक महत्वाकांक्षा का संगम हैं। 23 अगस्त हमें यह भी सिखाता है कि अंतरिक्ष की खोज केवल प्रतिस्पर्धा का मैदान नहीं है। जहाँ अमेरिका और सोवियत संघ ने शीत युद्ध के दौरान अंतरिक्ष को अपनी शक्ति का प्रतीक बनाया, भारत ने इसे मानवता की साझा विरासत के रूप में देखा। चंद्रयान-3 का मिशन केवल भारत के लिए नहीं, बल्कि उन सभी देशों के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों में बड़े सपने देखते हैं। यह मिशन वैश्विक सहयोग का निमंत्रण है, न कि प्रतिद्वंद्विता का। इस दिन का उत्सव केवल अतीत की उपलब्धि का जश्न नहीं है; यह भविष्य के लिए एक सवाल भी है। हमारा अगला कदम क्या होगा? क्या हम मंगल पर जीवन की खोज करेंगे? क्या हम सौरमंडल से बाहर की सैर करेंगे? या फिर, क्या हम अंतरिक्ष की खोज को धरती के संकटों—जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट, भूख—का हल बनाएंगे? नेशनल स्पेस डे हमें यही चुनौती देता है—सपने देखने की, और उन सपनों को हकीकत में बदलने की। 23 अगस्त हमें यह सिखाता है कि सीमाएं केवल मन की बेड़ियां हैं। जब एक राष्ट्र अपनी कल्पनाओं को ब्रह्मांड की असीम ऊंचाइयों तक उड़ान देता है, तो वह न केवल चंद्रमा पर अपने कदमों की छाप छोड़ता है, बल्कि अपनी नियति को तारों की स्याही से नवीन रंग देता है। यह दिन हर भारतीय के हृदय में यह अटूट विश्वास जागृत करता है कि हमारी मंज़िलें सितारों में बसी हैं, और हमारा पथ अडिग संकल्प की ज्योति से प्रकाशित है।

## प्रेरक प्रसंग

### सहनशीलता

एक दरोगा संत दादू की ईश्वर भक्ति और सिद्धि से बहुत प्रभावित था। उन्हें गुरु मानने की इच्छा से वह उनकी खोज में निकल पड़ा। लगभग आधा जंगल पार करने के बाद दरोगा को केवल धोती पहने एक साधारण-सा व्यक्ति दिखाई दिया। वह उसके पास जाकर बोला, क्यों बे तुझे मालूम है कि संत दादू का आश्रम कहां है? वह व्यक्ति दरोगा की बात अनसुनी कर के अपना काम करता रहा। भला दरोगा को यह सब कैसे सहन होता? लोग तो उसके नाम से ही थर-थर कापते थे उसने आव देखा न ताव लगा ग़रीब की धुनाई करने। इस पर भी जब वह व्यक्ति मौन धारण किए अपना काम करता ही रहा तो दरोगा ने आग बबूला होते हुए एक ठोकर मारी और आगे बढ़ गया। थोड़ा आगे जाने पर दरोगा को एक और आदमी मिला। दरोगा ने उसे भी रोक कर पूछा, क्या तुम्हें मालूम है संत दादू कहां रहते है? उन्हें भला कौन नहीं जानता, वे तो उधर ही रहते हैं जिधर से आप आ रहे हैं। यहां से थोड़ी ही दूर पर उनका आश्रम है। मैं भी उनके दर्शन के लिए ही जा रहा था। आप मेरे साथ ही चलिए। वह व्यक्ति बोला। दरोगा मन ही मन प्रसन्न होते हुए साथ चल दिया। राहगीर जिस व्यक्ति के पास दरोगा को ले गया उसे देख कर वह लज्जित हो उठा क्योंकि संत दादू वही व्यक्ति थे जिसको दरोगा ने मामूली आदमी समझ कर अपमानित किया था। वह दादू के चरणों में गिर कर क्षमा मांगने लगा। बोला, महात्मन् मुझे क्षमा कर दीजिए, मुझसे अनजाने में अपराध हो गया। दरोगा की बात सुनकर संत दादू हंसते हुए बोले, भाई, इसमें बुरा मानने की क्या बात? कोई मिट्टी का एक घड़ा भी ख़रीदता है तो ठोक बजा कर देख लेता है। फिर तुम तो मुझे गुरु बनाने आए थे। संत दादू की सहिष्णुता के आगे दरोगा नतमस्तक हो गया।

## आपका पत्र मिला

### न्यायपालिका में भी सुधार की जरूरत

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के उत्तराधिकारी और वर्तमान में पदासीन सीजेआई न्यायमूर्ति गवई ने न्याय व्यवस्था की वास्तविक स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने साफ कहा कि हमने न्याय के मंदिर तो बना लिए, लेकिन उनके दरवाजे बहुत संकरे हैं। यह कटु सत्य है कि आज भी भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में न्याय तक पहुंच अमीर और प्रभावशाली वर्ग का विशेषाधिकार बनी हुई है। सबसे बड़ी समस्या न्याय की लागत और जटिल प्रक्रिया है। वकीलों की फीस आम आदमी की महीनों की कमाई से कहीं ज्यादा होती है। जटिल कानूनी प्रक्रियाएं और अदालतों का भयावह माहौल साधारण जनता को न्याय पाने से दूर कर देता है। यही कारण है कि गरीब और वंचित वर्ग अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अदालत की दहलीज तक नहीं पहुंच पाता। एक और गंभीर चुनौती है लंबित मामलों का पहाड़। देश की अदालतों में करोड़ों मामले वर्षों से अटके पड़े हैं। बार-बार स्थगन लेना, वकीलों और न्यायाधीशों की आदतें, और सुनवाई की धीमी गति इसके मुख्य कारण हैं। नतीजा यह होता है कि एक पीढ़ी द्वारा दाखिल किया गया मुकदमा अगली पीढ़ी तक खिंच जाता है। कई फरियादी तो फैसला आने से पहले ही इस दुनिया से विदा हो जाते हैं। यह स्थिति न्याय के मूल सिद्धांत न्याय में देरी, अन्याय के समान है, का उल्लंघन करती है। इस संकट को दूर करने के लिए न्यायपालिका और सरकार दोनों को ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, अदालतों की संख्या और न्यायाधीशों की नियुक्ति में भारी वृद्धि जरूरी है। वर्तमान न्यायालयों की संख्या जरूरत से आधी है। यदि भारत को वास्तव में लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करना है तो न्यायपालिका को तेज़, सुलभ और किफायती बनाना होगा। न्याय के मंदिर तभी सार्थक होंगे जब उनके दरवाजे हर आम नागरिक के लिए खुले और सहज हों।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*



# किस उम्र के बच्चे को कौन से ड्राई फ्रूट्स खिलाएं?

*बच्चों की सेहत और विकास के लिए सही डाइट बहुत महत्वपूर्ण होती है। ड्राई फ्रूट्स (सूखे मेवे) पोषक तत्वों का बेहतरीन स्रोत होते हैं, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए इनका सेवन बहुत फायदेमंद हो सकता है। हालांकि, बच्चों के लिए इनका सही सेवन और सही उम्र पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। आइए जानते हैं, बच्चों को कौन से ड्राई फ्रूट्स कब और कैसे खिलाने चाहिए।*

**6 महीने से 1 साल तक**

इस उम्र के बच्चों का पाचन तंत्र बहुत नाजुक और कमजोर होता है। इसलिए, इस उम्र में बच्चों को सीधे तौर पर ड्राई फ्रूट्स नहीं देना चाहिए। इसके बजाय, सूखे मेवों को पाउडर बनाकर दिया जाता है। आप बादाम, काजू, पिस्ता, और किशमिश को सुखाकर उनका पाउडर बना सकते हैं और इसे दूध या दलिया में मिला कर बच्चे को दे सकते हैं। पाउडर के रूप में देने से बच्चों को इनका स्वाद भी मिल जाता है और पाचन में कोई परेशानी नहीं होती।

इसके अलावा, आप इन सूखे मेवों को रात भर भिगोकर भी बच्चे को दे सकते हैं, क्योंकि भिगोने से इनमें मौजूद पोषक तत्व बेहतर तरीके से पाचन तंत्र द्वारा अवशोषित हो पाते हैं। यह बच्चों को प्रोटीन, विटामिन, और खनिजों का अच्छा स्रोत प्रदान करता है।

**1 साल से 3 साल तक**

1 से 3 साल के बच्चों का पाचन तंत्र थोड़ा मजबूत हो जाता है, इसलिए इस उम्र के बच्चों को ड्राई फ्रूट्स छोटे टुकड़ों में काटकर दिए जा सकते हैं। इस उम्र में बच्चों को बादाम, काजू, पिस्ता और किशमिश खिलाना उपयुक्त रहता है। हालांकि, किशमिश को पहले अच्छे से धोकर और सूखा कर देना चाहिए ताकि उसमें कोई गंदगी न हो। इन ड्राई फ्रूट्स को बच्चे के नाश्ते में या फिर दूध, दही या दलिये में मिलाकर दिया जा सकता है।

**3 साल से 5 साल तक**

इस उम्र में बच्चे तेजी से विकसित होते हैं और शारीरिक गतिविधियों में भी वृद्धि होती है। इस दौरान बच्चों को अखरोट, बादाम, काजू, पिस्ता, किशमिश और अंजीर जैसे ड्राई फ्रूट्स दिए जा सकते हैं। अखरोट और बादाम को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर दिया जा सकता है ताकि बच्चे आसानी से खा सकें। इसके अलावा, बच्चों को मिक्स ड्राई फ्रूट्स के रूप में भी दिया जा सकता है, जिससे वे अलग-अलग स्वाद का अनुभव कर सकें। आप इन ड्राई फ्रूट्स को मिठाइयों, हलवे या खीर में मिलाकर भी बच्चों को दे सकते हैं, जिससे उनका स्वाद बढ़े और बच्चों को यह खाने में मजा आए। इस उम्र में बच्चों की कैलोरी की जरूरत भी ज्यादा होती है, और ड्राई फ्रूट्स से उन्हें अतिरिक्त ऊर्जा मिलती है, जो उनके विकास के लिए आवश्यक है।

**5 साल और उससे ऊपर**

5 साल की उम्र के बाद बच्चे अधिकांश ड्राई फ्रूट्स को आसानी से पचा सकते हैं और खा सकते हैं। इस उम्र के बच्चों को बादाम, अखरोट, काजू, पिस्ता, किशमिश, अंजीर और पिपरमेंट ड्राई फ्रूट्स दिए जा सकते हैं। इन ड्राई फ्रूट्स को बच्चों के स्नैक्स के रूप में दिया जा सकता है, या फिर बच्चों के लिए खासे व्यंजन जैसे हलवा, खीर, लड्डू, बर्फी आदि में मिलाकर भी दिया जा सकता है। इस उम्र में बच्चों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं और वे खेल कूद, पढ़ाई, और अन्य गतिविधियों में भाग लेते हैं, जिनके लिए उन्हें अधिक पोषण की आवश्यकता होती है। ड्राई फ्रूट्स उनके विकास और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा, ड्राई फ्रूट्स से बच्चों के मस्तिष्क और हड्डियों के विकास में भी मदद मिलती है।

**ड्राई फ्रूट्स ऐसे खिलाएं**

छोटे बच्चों को सूखे मेवों का पाउडर बनाकर दूध या दलिया में मिलाकर देना बहुत फायदेमंद होता है। इस पाउडर में बादाम, काजू, अखरोट, और पिस्ता जैसे ड्राई फ्रूट्स हो सकते हैं। यह पाचन को सही रखने में मदद करता है और बच्चे को ऊर्जा प्रदान करता है। आप इसे किसी भी अन्य भोजन में भी मिला सकते हैं, जिससे बच्चे का पोषण बेहतर हो सके।

जब बच्चे थोड़ा बड़े हो जाते हैं, तो आप सूखे मेवों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर दे सकते हैं। जैसे कि बादाम, पिस्ता, काजू, और किशमिश को छोटे टुकड़ों में काटकर बच्चों को खाने के लिए दें। इससे बच्चों को इन्हें खाने में आसानी होती है और वे खुद से इसे चबाकर खा सकते हैं, जो उनके मुंह और दांतों के लिए भी अच्छा होता है। बच्चों को ड्राई फ्रूट्स का मिश्रण स्नैक्स के रूप में दिया जा सकता है। आप मिक्स ड्राई फ्रूट्स जैसे कि बादाम, काजू, पिस्ता, किशमिश और अखरोट का मिश्रण बना सकते हैं, और बच्चों को छोटे-छोटे समय पर उन्हें खिलाने के लिए दे सकते हैं। यह न सिर्फ स्वादिष्ट होता है, बल्कि उनकी सेहत के लिए भी बहुत लाभकारी है, क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, विटामिन और खनिज होते हैं। बच्चों को सूखे मेवों का सेवन करने के लिए आप उन्हें मिठाइयों के रूप में भी दे सकते हैं। आप ड्राई फ्रूट्स को हलवा, खीर, लड्डू, बर्फी या यहां तक कि चॉकलेट में मिलाकर बच्चों को दे सकते हैं।

## ड्राई फ्रूट्स के फायदे

ड्राई फ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट और काजू में अच्छे फैटी एसिड होते हैं, जो बच्चों के हृदय के स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। अखरोट और बादाम में ओमेगा-3 फैटी एसिड होते हैं, जो मस्तिष्क के विकास के लिए फायदेमंद होते हैं। ड्राई फ्रूट्स बच्चों को अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान करते हैं, जो उन्हें सक्रिय और स्वस्थ बनाए रखते हैं। किशमिश, बादाम और पिस्ता पाचन में सुधार करने में मदद करते हैं और कब्ज की समस्या को दूर रखते हैं। ड्राई फ्रूट्स में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो बच्चों की त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाते हैं और बालों को भी मजबूत करते हैं। ड्राई फ्रूट्स बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं, बशर्ते इन्हें सही मात्रा और सही तरीके से खिलाया जाए। बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार ड्राई फ्रूट्स देना उनके विकास के लिए एक अच्छा कदम हो सकता है। यह न सिर्फ उन्हें जरूरी पोषक तत्व प्रदान करता है, बल्कि उनके शरीर और मस्तिष्क के विकास में भी मदद करता है। इस प्रकार, बच्चों को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखने के लिए ड्राई फ्रूट्स को उनकी डाइट में शामिल करें।

## बच्चों के लिए आयरन क्यों जरूरी?

आयरन एक महत्वपूर्ण माइक्रोन्यूट्रिएंट है, जिसकी आवश्यकता सभी उम्र के लोगों को होती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी को शरीर के सही तरीके से काम करने के लिए आयरन की आवश्यक मात्रा चाहिए। अगर शरीर में आयरन की कमी हो, तो इससे शरीर में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। बच्चों के लिए आयरन और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करता है।

**बच्चों के लिए आयरन कितना जरूरी है?**

आयरन बच्चों के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि यह उनके रक्त में हीमोग्लोबिन का एक अहम हिस्सा होता है। आयरन की मदद से शरीर के विभिन्न अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचती है। जब बच्चे मां का दूध पीते हैं, तो उन्हें आयरन की अच्छी खुराक मिलती है, लेकिन यदि आयरन की कमी हो, तो उसे फॉर्मूला मिल्क के जरिए पूरा किया जा सकता है। आयरन बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनके मानसिक विकास में भी अहम भूमिका निभाता है।

**आयरन की कमी से बच्चों को होने वाली समस्याएं**

यदि बच्चों में आयरन की कमी हो, तो उन्हें कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सबसे प्रमुख समस्या एनीमिया है, जिसमें शरीर में खून की कमी हो जाती है। इसके अलावा, आयरन की कमी से बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिससे वे जल्दी बीमार पड़ सकते हैं। बच्चों में ध्यान की कमी और न्यूरो-कॉग्नेटिव विकास में रुकावट भी हो सकती है, जिससे उनकी सोचने, समझने और सीखने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। गर्भवती महिलाओं में आयरन की कमी से उनके साथ-साथ बच्चे पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

## मोनू का जन्मदिन



**कहानी**

आज मोनू का जन्मदिन था। वह आज पूरे नौ वर्ष का हो गया था। सुबह तैयार होकर वह पिताजी के साथ मंदिर गया। रास्ते में उसने एक आदमी को गाय की पूजा करते देखा। मंदिर के बाहर एक औरत पीपल के पेड़ की पूजा कर रही थी। पुजारी जी सूरज को जल चढ़ा रहे थे। मोनू ने मंदिर में भगवान की पूजा की। मंदिर से लौटते समय उसने अपने पिताजी से पूछा, ÷पापा, हम जानवरों, पेड़-पौधों, सूरज और चाँद की पूजा क्यों करते हैं?

अच्छा सवाल है, क्यों न हम मिलकर इसका जवाब ढूंढे? पिताजी बोले।

मंदिर से आकर मोनू पिताजी के साथ अपने जन्मदिन की पार्टी का सामान लेने बाज़ार गया। उन्होंने गुब्बारे, मोमबत्तियाँ और सजावट का सामान लिया। माँ ने मटर-पनीर की सब्जी बनाने के लिए पनीर मँगवाया था। इसलिए वे दोनों दूध की डेयरी पर पनीर लेने गए।

पर यहाँ तो दूध मिलता है ना पापा! मोनू ने पूछा।

हाँ, और पनीर भी मिलता है, पनीर दूध से ही तो बनता है,÷ पापा बोले।

तभी वहाँ एक आदमी आया और बोला मुझे दही बनाने के लिए एक लीटर दूध देना।

वाह! दही भी दूध से बनता है, मोनू ने सोचा।

मोनू और पिताजी फिर आइसक्रीम खरीदने गए। आइसक्रीम वाले ने कहा कि आज हमारा दूध फट गया। इसलिए आइस-क्रीम नहीं बन पाई। पिताजी बोले, उदास मत हो बेटा, चलो हम दूसरी दुकान से आइसक्रीम ले आते हैं। वे दूसरी दुकान पर गए और मोनू की मनपसंद मैंगो आइसक्रीम ली।

अरे! हम मिठाइयाँ लेना तो भूल ही गए। चलो जल्दी मिठाई की दुकान पर चलते हैं। वे मिठाई खरीद ही रहे थे की तभी वहाँ एक दूधवाला आया जिसने दुकानदार को बहुत-सा दूध दिया।

पापा एक ही दूध से कितनी सारी चीज़ें बनती है- दही, पनीर, मक्खन, मिठाइयाँ और आइसक्रीम भी। मोनू बोला। हाँ, कमाल है ना। पिताजी बोले। मोनू बोला, लगता है मुझे मेरे सवाल का जवाब मिल गया जैसे इन सभी चीज़ों के अलग-अलग रूप और नाम हैं पर वे बने तो एक ही चीज़ के हैं। वैसे ही इंसान-पेड़, पौधे, और जानवर दिखते अलग-अलग हैं पर सबमें वही एक भगवान हैं।

**शिक्षा- यह कहानी हमें सिखाती है कि भगवान हर जगह है।**



# बच्चों के साथ इन तरीकों से बिताएं यादगार पल

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और कामकाजी जीवनशैली के कारण कई माता-पिता अपने बच्चों के साथ पर्याप्त समय नहीं बिता पाते हैं। इसका असर बच्चों पर भी पड़ सकता है, जिससे उनके और माता-पिता के बीच दूरियां बढ़ सकती हैं। लेकिन, अब आपको चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। अगर आपके पास सीमित समय है, तो भी आप कुछ खास कामों के जरिए अपने बच्चों के साथ खुशहाल पल बिता सकते हैं और उनके साथ मजबूत रिश्ते बना सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसे आसान तरीके जिनसे आप अपने बच्चों के साथ कम समय में भी खूबसूरत यादें बना सकते हैं-

**कहानियां और किस्से सुनाएं**

अगर आप अपने बच्चों के साथ ज्यादा समय नहीं बिता पा रहे हैं, तो आप उन्हें छोटी-छोटी कहानियां और किस्से सुनाकर उनके दिल में अपनी जगह बना सकते हैं। ये कहानियां बच्चों के मन में लंबे समय तक रहती हैं और वे इन्हें याद रखते हैं। आप कहानी सुनाते समय बच्चों के साथ खेल भी सकते हैं, जिससे उनका मन भी खुश रहता है और आप दोनों के बीच भावनात्मक जुड़ाव बढ़ता है।

**ड्राइंग और क्राफ्ट बनाएं**

बच्चों के साथ ड्राइंग या क्राफ्ट करना न केवल एक अच्छा समय बिताने का तरीका है, बल्कि यह उन्हें नई चीजें सीखने का भी मौका देता है। जब आप उनके साथ मिलकर ड्राइंग करते हैं, तो वह आपको अपने साथ जुड़ा हुआ महसूस करते हैं और उनके मन में आपके साथ बिताए गए पल हमेशा के लिए रहते हैं। यह उन्हें सृजनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति भी सिखाता है।

**किचन में बच्चों को साथ रखें**

अगर आप ऑफिस से घर आकर किचन में काम कर रहे हैं, तो बच्चों को अपने साथ किचन में शामिल करें। उन्हें छोटे-छोटे कामों में मदद करने का मौका दें, जैसे सलाद काटना, दाल में मसाले डालना, या कुछ और। इस तरह, आप उन्हें अपने साथ समय बिताने के लिए एक मजेदार और उपयोगी तरीका देते हैं, और इसके साथ ही वे नए कौशल भी सीखते हैं।

**रात को सोने से पहले कहानी सुनाएं**

अगर आप दिनभर काम में व्यस्त रहते हैं, तो सोने से पहले अपने बच्चों को कहानी सुनाएं। यह एक बहुत अच्छा तरीका है जिससे आप उनका दिन खत्म कर सकते हैं और बच्चों को यह महसूस नहीं होगा कि आप पूरे दिन उनके पास नहीं थे। इसके अलावा, यह उनकी कल्पनाशक्ति को भी बढ़ाता है और उन्हें प्यार और सुरक्षा का अहसास दिलाता है।

**बच्चों की छोटी-छोटी उपलब्धियों की सराहना करें**

जब भी आपको समय मिले, अपने बच्चों की छोटी-छोटी उपलब्धियों को सराहें। जैसे ही वे कुछ अच्छा करते हैं, चाहे वह स्कूल का काम हो या घर के छोटे काम, उनकी तारीफ करें। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आपको अपने काम के बारे में और अधिक बताने में उत्साहित रहेंगे। इससे आपके रिश्ते में नजदीकी आएगी और बच्चों को यह महसूस होगा कि आप उनकी प्रगति में रुचि रखते हैं।

**फोन से दूर रहें और बच्चों को पूरा ध्यान दें**

घर आते ही अपने फोन को अलग रखें और बच्चों के साथ समय बिताएं। बच्चों को यह महसूस कराएं कि वे आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। उनका ध्यान से सुना गया हर शब्द और गले लगाकर दिया गया प्यार, उनके मन में आपकी अहमियत और आपके साथ बिताए गए समय की क़ीमत को बढ़ाता है।

इन सभी टिप्स को अपनाकर आप अपने बच्चों के साथ कम समय में भी बहुत खास और यादगार पल बिता सकते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि आप जिस भी पल उनके साथ हों, उसे पूरी तरह से जीते हुए और बिना किसी ध्यान भटकाने के उनके साथ वक्त बिताएं। इस प्रकार आप अपने रिश्ते को मजबूत और सकारात्मक बना सकते हैं।

# पढ़ाई के दौरान बच्चे का दिमाग भटकता है तो अपनाएं ये टिप्स



पढ़ाई के दौरान बच्चों का मन भटकना एक सामान्य समस्या है, जो कई माता-पिता का ध्यान खींचती है। यदि यह स्थिति बार-बार होती है, तो यह चिंता का कारण बन सकती है, लेकिन परेशान होने की जरूरत नहीं है। हम आपके लिए कुछ आसान और प्रभावी टिप्स लेकर आए हैं, जिनकी मदद से आप अपने बच्चे का ध्यान पढ़ाई में बना सकते हैं और उसे भटकने से बचा सकते हैं।

**ऐसे बनाए रखें बच्चे का ध्यान पढ़ाई पर-**

**शांत और व्यवस्थित माहौल चुनें**

सबसे पहले, आपके बच्चे के लिए एक शांत और आरामदायक स्थान चुनें, जहां वह बिना किसी रुकावट के पढ़ाई कर सके। उस कमरे में केवल पढ़ाई से संबंधित चीजें रखें, जैसे किताबें, पेन, पेंसिल, नोट्स आदि। किसी भी तरह की बाहरी वस्तुएं, जैसे खिलौने या अन्य चीजें, कमरे से हटा दें। इससे बच्चा अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेगा।

**सभी आवश्यक चीजें रखें**

बच्चे की टेबल पर उसे पढ़ाई में मदद करने वाली सभी चीजें उपलब्ध रखें, जैसे कि सही कुर्सी, टेबल, किताबें, पेन और पेंसिल। यदि बच्चा किसी विशेष पढ़ाई से जुड़ी चीज़ों की मांग करता है, तो उसे दिलाने में संकोच न करें। आप कमरे में बच्चे के लक्ष्यों से जुड़े कुछ प्रेरणादायक चित्र भी लगा सकते हैं, ताकि वह खुद को प्रेरित महसूस करे।

**लक्ष्य और प्रेरणा को बनाए रखें**

बच्चों को प्रेरित करने के लिए आप उनके लक्ष्य को छोटे-छोटे पेपर पर लिखकर दीवारों पर चिपका सकते हैं। जब बच्चे को अपने लक्ष्य का ध्यान रहेगा, तो वह उसे हासिल करने के लिए और अधिक मेहनत करेगा। आप बच्चों के लिए पोमोडो तकनीक भी अपन सकते हैं, जिसमें 25 मिनट की पढ़ाई के बाद 5 मिनट का ब्रेक लिया जाता है। ब्रेक के दौरान बच्चा कमरे से बाहर जाकर हल्की-फुल्की गतिविधियां कर सकता है।

**पेशेवर काउंसलर की मदद लें**

यदि फिर भी समस्या बनी रहती है और बच्चा ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहा है, तो आप एक पेशेवर काउंसलर की मदद ले सकते हैं। काउंसलर बच्चे के मानसिक स्थिति को समझ कर सही मार्गदर्शन दे सकते हैं। इसके अलावा, घर में सकारात्मक माहौल बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। बच्चों को बिना दबाव के पढ़ाई करने की स्वतंत्रता दें।

**थोड़ा आराम भी जरूरी**

बच्चों को मानसिक थकावट से बचाने के लिए आराम के छोटे-छोटे समय भी जरूरी होते हैं। आप अपने बच्चे के कमरे में एक इलेक्ट्रिक कैटल रख सकते हैं, ताकि वह जब भी थकान महसूस करे या नींद आने लगे, तो वह खुद चाय बनाकर ताजगी महसूस कर सके। इन आसान और प्रभावी टिप्स को अपनाकर आप अपने बच्चे का ध्यान पढ़ाई पर बनाए रख सकते हैं और उसकी पढ़ाई को और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। बच्चे को बिना दबाव के पढ़ाई करने दें और उसके लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार करें। यह सब कदम उसे न केवल पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने में मदद करेंगे, बल्कि वह भविष्य में सफलता की दिशा में भी बढ़ेगा।

# गुमसुम और उदास रहता है बच्चा, तो करें बैठकर बात



बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर गहराई से नजर रखने वाले चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट अक्सर कहते हैं कि कई बार माता-पिता और दादा-दादी बच्चे की कुछ आदतों को नज़रअंदाज कर देते हैं, लेकिन यही लापरवाही आगे चलकर मानसिक समस्याओं का कारण बन सकती है। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि इन आदतों पर ध्यान देना बेहद ज़रूरी है

**बार-बार गुस्सा या चिड़चिड़ापन**

अगर बच्चा हर छोटी बात पर गुस्सा करता है और यह पैटर्न लगातार हो रहा है, तो यह अंदरूनी तनाव, चिंता या मानसिक परेशानी का संकेत हो सकता है।

**अत्यधिक चुप्पी या खुद को अलग-थलग करना**

अगर बच्चा खेलने या दोस्तों से मिलने-जुलने से बचता है और ज़्यादातर अकेला रहता है, तो यह डिप्रेशन या लो-कॉन्फिडेंस का संकेत हो सकता है।

**नींद और खाने की आदतों में बदलाव**

अचानक बच्चे का खाना-पीना कम हो जाना या बहुत ज़्यादा सोना/नींद न आना भी चिंता का विषय है। छोटी-छोटी बातों पर डर जाना, अंधेरे, आवाज़ या भीड़ से घबराना भी इमोशनल असुरक्षा का संकेत हो सकता है।

**स्कूल जाने से बचना या पढ़ाई में गिरावट**

अगर बच्चा बार-बार बहाने बनाकर स्कूल नहीं जाना चाहता या पढ़ाई में अचानक गिरावट दिख रही है, तो यह बुलीइंग या मानसिक दबाव का नतीजा हो सकता है।

**शारीरिक नुकसान पहुंचाने की आदत**

अगर बच्चा खुद को चोट पहुँचाने की कोशिश करता है या इस बारे में बातें करता है, तो इसे बिल्कुल भी नज़रअंदाज़ न करें।

**क्या करें पेरेंट्स**

बच्चे से प्यार और धैर्य से बातचीत करें। उसकी भावनाओं को हल्के में न लें। ज़रूरत पड़ने पर तुरंत चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट या काउंसलर से संपर्क करें।

घर में बच्चे के लिए सुरक्षित और सकारात्मक माहौल बनाएं।

बच्चे की छोटी-सी आदत भी आगे चलकर बड़ी समस्या का रूप ले सकती है, इसलिए ध्यान देना ही सबसे बड़ा बचाव है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शनिवार, 23 अगस्त 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ भाद्रपद मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अमावस्या तिथौ शनि वासरे 11/37/ मघा नक्षत्रे 24/55/ परिध योग 13/20/ नाग करणे 11/37/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** स्नान दानादि की अमावस्या। श्री शक्ति पूजा। मातृ अमावस्या। राष्ट्रीय भाद्रपद मासारंभ।

**मेष :** परिवारिक जीवन सुखमय होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**वृष :** रचनात्मक कार्य में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुख मय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**मिथुन :** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन सम्मान यश कीर्ति की वृद्धि होगी।

**कर्क :** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक मामलों में प्रगति होगी।

**सिंह :** संबंधों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव एवं वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**कन्या:** धन पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मलेगा लेकिन स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला :** संबंधित अधिकारी या घर के मुखिया के कारण तनाव मिल सकता है। लापरवाही कष्टकारी होगी। पार्वती मां की पूजा से लाभ होगा।

**वृश्चिक :** सम्मान का लाभ मिलेगा। देशाटन की स्थिति सुखद व लाभकारी होगी। आप जल क्षेत्र में जोखिम न उठाएं।

**धनु :** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंधों में मधुरता रहेगी।

**मकर :** शिक्षा के क्षेत्र में किया गया प्रयास सार्थक होगा। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**कुंभ :** धन पद प्रतिष्ठा में लाभ मिलेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति होगी। उपहार मिल सकता है।

**मीन :** सक्रिय रहेंगे। चाचा की स्थिति सुखद व लाभकारी रहेगी। पुराने मित्र या सहयोगी से भेंट संभव है।

### पुलिस ने पूर्व विधायक पर 25 हजार का इनाम घोषित किया

कोंच'(जालौन)। मुकदमा संख्या 179/25 धारा 191(2)/ 103(1)/352 /351(2) /61(2)(ए)बी एन एस में फरार चल रहे दो अपराधियों अमित बाल्मीकि पुत्र चंद्रशेखर निवासी मुहल्ला गांधी नगर एवं राम प्रसाद अहिरवार पुत्र स्व. खचेडे लाल पूर्व विधायक निवासी बस स्टैंड के सामने मुहल्ला जबाहर नगर की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा 25/25, हजार रुपयों का पुरूष्कार घोषित किया गया और शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश निर्गत किये गए उक्त आशय की जानकारी जालौन पुलिस द्वारा दिन शुक्रबार को निर्गत प्रेस नोट के माध्यम से दी गयी।

## हरीशंकरी पौधों के सामूहिक रोपण से गूंजा जालौन, बच्चों ने दिखाई पर्यावरण बचाने की लगन



जालौन : हरीशंकरी पौधों के सामूहिक रोपण करते एसडीएम ।

**जालौन ।** नगर और ग्रामीण क्षेत्र में हरीशंकरी वृक्षारोपण का महाअभियान धूमधाम से संपन्न हुआ। इस विशेष अभियान के अंतर्गत पीपल, पाकड़ और बरगद के पौधों का एक साथ रोपण किया गया। प्रशासन से लेकर आमजन तक सभी वर्गों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। नगर में आयोजित इस अभियान का शुभारंभ एसडीएम विनय मौर्य ने किया। उन्होंने मोहल्ला मुरली मनोहर और शहीद स्मारक हदरूख में पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरीशंकरी पौधे लंबे समय तक वातावरण को शुद्ध रखने में सहायक होते हैं, इसलिए इनका सामूहिक रोपण समाज के लिए अत्यंत लाभकारी है। अभियान का उद्देश्य न केवल वृक्षारोपण करना है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली और शुद्ध वातावरण सुनिश्चित करना भी है। क्षेत्रीय वन अधिकारी हरिकिशोर शुक्ला, बीडीओ प्रशांत यादव और बीडीओ कुठौंद अरुण कुमार ने अपने अपने ब्लॉक क्षेत्र में पौधारोपण कर लोगों को हरियाली के महत्व से अवगत कराया। तहसील जालौन के सभी गांवों और नगर के वार्डों में स्थानीय लोगों ने एक स्थल का चयन कर सामूहिक रूप से हरीशंकरी पौधों का रोपण किया। अभियान के दौरान प्राथमिक विद्यालय हदरूख में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां बच्चों द्वारा बनाई गई इको क्लब टीम ने विशेष उत्साह दिखाया। एसडीएम जालौन ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया और पौधों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। बच्चों के उत्साह को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी दिग्विजय सिंह ने सभी छात्रों को पेड़ों को बचाने और उनकी देखभाल करने की शपथ दिलाई। इस दौरान डिप्टी रेंजर मुबारक अली, वन दरोगा महेश प्रसाद, वन रक्षक पुनीत, वन रक्षक अजीत, वन रक्षक जितेन्द्र मौजूद रहे।

## चुर्खी गौशाला पहुचे सीडीओ,बोले मानक के साथ समझौता नहीं होगा माफ



उरई : चुर्खी में गौशाला के बाद कस्तूरवा विद्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ ।

**-कार्यदाई संस्था के जेई को दी चेतावनी सी आई बोर्ड लगा कर करे काम**

**उरई(जालौन)।** महेवा ब्लॉक क़ी ग्राम पंचायत चुर्खी में चल रहे निर्माण कार्य क़ी गुणवत्ता और तकनीकी अधिकारियो क़ी लापरवाही क़ी खबर को प्रमुखता से छापने पर मुख्य विकास अधिकारी के के सिंह ने आज औचक निरीक्षण किया और सम्बंधित निर्माण कार्य दाई संस्था के सहायक अभियंता सिद्धांत वर्मा को चेतावनी भी दी।

शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी के के सिंह ने निर्माणाधीन चुर्खी गौशाला का निरीक्षण किया और धरातल क़ी वास्तविक स्थिति का जायजा लिया जिसमें सबसे पहले तो साइड पर सी आई डिस्प्ले बोर्ड ना होने पर नाराजगी जताते हुए दो दिन के अंदर बोर्ड लगाने के निर्देश दिए उसके बाद विभाग द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी ब्यक्त करते हुए कहा क़ि काम में

**खबर का असर**

गुणवत्ता ख़राब हुई तो ठीक नहीं होगा। इसके बाद उन्होंने उसी गांव में ही चल रही अस्थाई छोटी गौशाला का निरीक्षण किया जहाँ तमाम कमियां मिलने पर प्रधान और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को फटकार लगाई क्योंक़ि ज़ब उन्होंने गौवंशो के सामने पड़े सूखे भूसे को देखा तो उनका पारा चढ़ गया और उन्होंने वहां पर मौजूद गांव वालों से हरा चारा, चूनी चोखर आदि के बारे में पूछा तो सभी चुप दिखे तो उन्होंने स्टोर खुलवाकर देखा जहाँ ना तो चूनी चोखर मिला और ना ही हरा चारा और साथ ही चरही टूटी फूटी होने पर प्रधान तुलसीराम व गौपालकों को फटकार लगाते हुए सीबीओ मनोज अवस्थी को निर्देशित किया क़ी आप और महेवा बीडीओ

इस गौशाला क़ी निगरानी करेंगे। जिसमे तीन दिन बीडीओ और तीन दिन सीबीओ की जिम्मेदारी होगी।उन्होंने कस्तूरवा गाँधी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया और छात्राओं से खाने क़ी गुणवत्ता और शिक्षण कार्य के बारे भी जानकारी लेते हुए बच्चियों से सवाल जबाब भी किए जहाँ उन्हें सब कुछ ठीकठाक दिखा।

## कुठौंद थाना प्रभारी ने किया पैदल मार्च, आम जनमानस को दिया सुरक्षा का भरोसा



कुठौंद : पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते एसओ ।

**कुठौंद (जालौन)।** कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत जालौन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकार जालौन शैलेंद्र कुमार बाजपेई के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय के कुशल नेतृत्व मे कुठौंद पुलिस फोर्स द्वारा संदिग्ध वाहन, संदिग्ध व्यक्ति व अपराधियो की धर पकड़ हेतु चलाएं जा रहे चेकिंग अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिया पैदल मार्च के दौरान नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने आम जनमानस से संवाद किया पैदल मार्च के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने चौराहों पर व दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये और जिस जगह पर सीसीटीवी कैमरे नहीं थे उन दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए कहा ,कस्बा आदि सभी जगहों पर पैदल मार्च किया पैदल मार्च के दौरान संदिग्ध वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया थाना अध्यक्ष अरुण कुमार राय ने अराजक तत्वों व शराबियों को सचेत करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी अराजकता एवं गलत अफवाह फैलाने वालों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी जिससे कि शासन की मंशा के अनुरूप थाना क्षेत्र में शांति कायम रह सके नव नियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने कुठौंद थाना का कार्य भार संभालते ही उन्होंने अपराधिक स्थानो पर छापे मारी की है जुआ के अड्डे, मादक पदार्थ की तस्करी, शराब तस्करी करने वाले आदि स्थानों पर छापेमारी की जिससे अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

**■ बाजार के किये सीसीटीवी कैमरे चेक,**

## व्यास मंदिर रोड की सड़क कटान में कार्य पूर्ण कराया एसडीएम तथा अभियंताओ ने



उरई : सड़कों को गड्ढा मुक्त कराते अधिकारी ।

**कालपी(जालौन)।** बरसात तथा यमुना नदी की बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत के लिये जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर कार्यदायी संस्था के दो दिन गतिशीलता से काम कराया गया है। फलस्वरूप शुक्रवार को कार्यदाई संस्था के द्वारा काम पूरा कर दिया गया है। जिसके चलते अब वाहन फर्राटा भरने लगे हैं।

उल्लेखनीय हो कि यमुना नदी में आई भीषण बाढ़ की चपेट में आकर कालपी - व्यास मंदिर रोड में कटान हो गया था।उपरोक्त सड़क के कटान की समस्या को डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने गम्भीरता से लिया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार पीडब्ल्यूडी खंड तीन के इंजीनियरों ने उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी सड़क कटान को बनवाया गया।

एसडीएम न्यायिक अतुल कुमार ने अवगत कराया है कि शुक्रवार को शेष कार्य पूर्ण हो गया है। उपजिलाधिकारी के मुताबिक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बाढ़ तथा बारिश के कारण जिन-जिन सड़कों में गड्ढे तथा मार्ग छतिग्रस्त हो गए हैं। उन सड़कों पर काम करा कर गड्ढा मुक्त किया जा रहा है।

## रक्षाबंधन पर बुआ के घर आई पत्नी के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज

**जालौन।** रक्षाबंधन पर बुआ के घर आई पत्नी के वहीं से लापता होने की सूचना पति ने कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की।

मध्यप्रदेश जिला भिंड के रौना थाना क्षेत्र के ग्राम इंदुरखी निवासी नीरज कुमार ने पुलिस को बताया कि रक्षाबंधन के पर्व पर उनकी पत्नी सुगन्धी मोहल्ला चौधरयाना में अपनी बुआ के यहां आई थी। रक्षाबंधन का पर्व पूरा होने के बाद वह पत्नी को लेने के लिए बुआ के घर पहुंचा। वहां पता चला कि पत्नी बुआ की बेटी के साथ बाजार में कुछ खरीदारी करने गई है। शाम को जब बुआ की बेटी वापस आई तो पता चला कि बाजार से उसकी पत्नी लापता हो गई है। सभी नाते रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला है। पीड़ित पति ने पत्नी की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## सात लाख बीस हजार मैं नीलाम हुई दुकान

कोंच(जालौन)। कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में स्थित दुकान संख्या ई 07 की नीलामी मेसर्स जय श्री बालाजी ट्रेडर्स उन्नति ट्रेडर्स माँ सिंह वाहिनी ट्रेडर्स पीताम्बरा ट्रेडर्स अजय ट्रेडिंग कम्पनी जीतेन्द्र कुमार गीतेश कुमार के प्रोप्राइटरों ने दिन शुक्रवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह मंडी सभापति एवं मंडी सचिव के समक्ष तीन लाख 50 हजार से शुरुआत करते हुए जय श्री बालाजी ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर राज कुमार पुत्र राम लखन ने सबसे अधिक बोली 7 लाख 20 हजार रुपये की लगाई जो सबसे अधिक होने के कारण दुकान ई 07 को राज कुमार के नाम कर दी गयी।

## खबर एक नज़र

### सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना घर गृहस्थी के सामान पर किया हाँथ साफ



**कोंच(जालौन)।** हाटा स्थित काशीराम कॉलोनी में एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने घर गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया मकान मालकिन दीपिका सूरी ने कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि घटना काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 56/1 में हुई, जहां दीपिका सूरी अपने परिवार के साथ रहती हैं और काम के सिलसिले में अक्सर दो तीन माह तक शहर से बाहर रहती है जब मै 21 अगस्त 2025 की दोपहर करीब 11:30 बजे जब वह दिल्ली से अपने घर लौटीं तो मैने देखा कि मेरे आवास का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला है मैने अंदर जाकर देखने पर पता चला कि घर में रखा गैस सिलेंडर और अन्य गृहस्थी का सामान गायब है चोरी से लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है दीपिका ने पुलिस से शिकायत दर्ज कर जल्द से जल्द इस कार्रवाई किये जाने की मांग की है जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

### चालीसा पाठ और शनि पूजन आज

**जालौन।** शनि अमावस्या पर 23 अगस्त दिन शनिवार को 11 शनि चालीसा पाठ और शनि पूजन अभिषेक कार्यक्रम शनि धाम मंदिर गूढ़ा न्यामतपुर में किया जाएगा।

### महाविद्यालय उरगांव का चौकीदार चार दिन से लापता

**जालौन।** मुकुट बिहारी महाविद्यालय उरगांव का चौकीदार चार दिन से लापता है। प्रबंधक ने इसकी सूचना कोतवाली में दी है। महाविद्यालय के प्रबंधक रतनदीप अवस्थी ने पुलिस को बताया कि उसके महाविद्यालय में चौकीदार के पद पर कमल आदिवासी काम करता है। बीती 19 अगस्त को वह यह कहकर महाविद्यालय से गया कि वह घर जा रहा है और दो दिन बाद वापस आ जाएगा। जब वह वापस नहीं आया तो उसका पता किया गया। घर पर जानकारी करने पर पता चला कि वह घर पहुंचा ही नहीं है। इसके बाद उसकी सभी संभावित स्थानों पर तलाश की गई लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। प्रबंधक की सूचना पर पुलिस चौकीदार की तलाश कर रही है।

### महाकुंभ में 50 हजार युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

ललितपुर। जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव ने युवक व युवतियों को अवगत कराया है कि सेवायोजन विभाग द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में 26, 27 एवं 28 अगस्त, 2025 को रोजगार महाकुंभ व कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार महाकुंभ में 50,000 से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं, जिसमें देश विदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियां प्रतिभागी अभ्यर्थियों को चयनित करेगी, इन विभिन्न कम्पनियों द्वारा इण्टर, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, पैरामेडिकल कोर्सिस आदि में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन उनके बायोडाटा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा, इस रोजगार महाकुंभ में श्रमिक वर्ग, कुशल कामगार व अकुशल कामगार भी प्रतिभाग कर सकते हैं, साथ ही रोजगार महाकुंभ में संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी जैसे देशों में 15000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं, वहीं आइटी, विनिर्माण सेवा और उभरते उद्योगों में 35 हजार से अधिक घरेलू नौकरियां दी जायेंगी, इसमें उद्योग जगत के अग्रणी विशेषज्ञों के सहयोग से डिजीटल कौशल, ए.आई. प्रशिक्षण और रोजगार एवं कौशल प्रदर्शनी रोजगार महाकुंभ के मुख्य आकर्षण होंगे, इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्टॉल के माध्यम से स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इच्छुक जॉबसीकर उत्तर प्रदेश सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं व अपना जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण कर उक्त रोजगार महाकुंभ मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। इस कार्य हेतु कोई भी मार्ग-व्यय देय नहीं होगा।

### बाइक सवार का साइकिल को बचाने के चक्कर में फिसली बाइक लगी चोट

**कुठौंद(जालौन)।** कुठौद कस्बा के बिजली घर के पास औरैया के तरफ से आ रहे बाइक से रूप सिंह32 पुत्र रामबाबू निवासी जुहिलिया कोतवाली औरैया साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक फिसल गई जिससे बाइक चला रहा युवक रूप सिंह घायल हो गयाराहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना देकर बुलवाया और उसके बाद एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद में भर्ती करवाया/ रूप सिंह के पैर में फैक्चर होने की वजह से जिला अस्पताल उरई के लिए रिफर कर दिया।

## गौशाला,शौचालय,मुख्य मार्ग में कीचड़ की समस्या का जल्द होगा निस्तारण-ज्योति सिंह



0 'पचीपुरा खुर्द में एसडीएम ने की जन चौपाल

**कोंच(जालौन)।** एसडीएम ज्योति सिंह ने सीवीओ मनोज अवस्थी के साथ ग्राम ग्राम पचीपुरा खुर्द में जन चौपाल की गई जिसमे ग्रामीणों की समस्याओं को सुन गयाद्य ग्रामीणों की मांग पर गौशाला संचालन की अनुमति के लिए उच्च अधिकारियों पत्र लिखा गया वही मरघट की मांग व विद्यालय के सामने कीचड़ समस्या की शिकायत पर मार्ग निर्माण के लिए बीडीओ व डीपीआरओ को पत्र लिखा गया वहीं विद्यालय में शौचालय निर्माण की मांग पर खंड एबीएस नदीगाव एवं बीएसए को पत्र भेजा गया वही एसडीएम ज्योति सिंह ने जन चौपल संबोधित करते हुए कहा है ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण करना हमारी प्रथमिकता है जिस किसी को आवास, शौचालय,राशन आदि समस्या को लेकर सूचना देना समस्या का निस्तारण जल्द किया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोकअदालत को लेकर अधिकारियों की बैठक ली अपर जिला जज ने



उरई(जालौन)। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 सितम्बर 2025 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के कुशल मार्ग दर्शन में पशु, आबकारी, उद्योग एवं स्टाम्प विभाग आदि विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज श्रीमती पारूल पॅवार ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी दिनांक 13 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में किया जाना है। इस राष्ट्रीय लोकअदालत के प्रचार-प्रसार हेतु पशु, आबकारी, उद्योग एवं स्टाम्प के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस सम्बन्ध में सभी विभागों के परिणामोन्मुखी व सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है। इस पर सभी अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में अपर जिला पशु अधिकारी डा0 राजेन्द्र, सहायक आयुक्त स्टाम्प अजय कुमार, जिला आबकारी अधिकारी भूपेन्द्र, खादी ग्रामोद्योग विभाग से रोहित राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय पुरवार- पोरवाल महासभा के बैनर तले हुआ निशुल्क हेल्थ कैंप एवं जांच

**उरई(जालौन)।** अखिल भारतीय पुरवार -पोरवाल महासभा के बैनर तले आज शुक्रवार को नया रामनगर उरई डॉक्टर आर.के गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पुरवार -पोरवाल महासभा के चिकित्सालय ( आवास )पर निशुल्क हेल्थ चेकअप एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें अखिल भारतीय पुरवार -पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कैप्टन सुबोध गुप्ता, राष्ट्रीय मंत्री नवजीवन लाल गुप्ता, प्रदेश महासचिव इंजीनियर सुरेश पुरवार, नवीन पोरवाल, राहुल पुरवार, रामकिशन पोरवाल, विकास गुप्ता, शकुंतला पुरवार, राकेश पुरवार, रंजना गुप्ता, डॉक्टर शिवम गुप्ता, नेहा सिंह, सौरभ यादव, प्रियंका श्रीवास, जीतू श्रीवास, अनीता,कुशमा, दुर्गा प्रसाद,मोहित अग्रवाल, एस के पालीवाल, मनोज कुमार,हर्ष कुमार,दीवान शाह, मिथिलेश, आदि सैकड़ो लोगों ने अपना -अपना निशुल्क हेल्थ चेकअप एवं हीमोग्लोबिन की जांच कराई। तथा जिन लोगों का हीमोग्लोबिन कम पाया गया, उन्हें कंपनी द्वारा निशुल्क औषधि प्रदान की गई। इस अवसर पर शैलेश सोनी, रीजनल ब्रांच मैनेजर सुनील सिंह ने आये हुए रोगियों की निशुल्क जांच की।

## सरकारी राशन के चावल को कालाबाजारी को ले जाते समय एस.डी.एम. ने पकड़ा



**ललितपुर ।** सरकारी राशन के चावल को कालाबाजारी के लिये ले जाती पिकअप को एस.डी.एम. ने पकड़ा। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत राजमार्ग 44 पर स्थित ग्राम तेरई फाटक पिकअप वाहन से चावल ले जाया जा रहा है, सूचना पर की गई घेराबंदी के दौरान पिकअप वाहन पकड़ा गया, जांच में वाहन से करीब 28 कुंतल सरकारी चावल बरामद हुआ। अधिकारियों ने मौके पर ही वाहन को कब्जे में ले लिया और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। एसडीएम भूपेंद्र सिंह व कोतवाली तालबेहट प्रभारी मनोज मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि ललितपुर की ओर से पिकप सरकारी चावल लेकर झांसी की ओर जा रही है, जिस पर मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस ने पिकप वाहन को पकड़ लिया व वाहन बरामद चावल कालाबाजारी के लिए ले जाया जा रहा था, मामले में वाहन चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया है व इस बात की भी जांच की जा रही है कि चावल कहां से और किन लोगों की मिलीभगत से निकाला गया व सरकारी राशन की कालाबाजारी में लिप्त लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## निर्धारित समय सीमा के अंदर करायें शिकायत दर्ज-उप कृषि निदेशक

**-कृषक त्रुटि के कारण व्यक्तिगत बीमा लाभ से रह सकतें हैं वंचित**

**-खरीफकी फसलों की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर जारी**



**ललितपुर।** उप कृषि निदेशक यशराज सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में जल प्लावन से खरीफकी फसलों में कृषकों को हुये व्यक्तिगत नुकसान तथा फसल बीमा ऐप पर शिकायत दर्ज कराने में आ रहीं समस्याओं की सूचनायें प्रकाश में आ रहीं हैं व जिन कृषकों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफफसलों का प्रीमियम कटा है वह टोल फ्री नम्बर 14447 पर अथवा प्रधानमंत्री फसल बीमा ऐप के माध्यम से नुकसान के 72 घंटे के अंदर शिकायत दर्ज करा सकते हैं व टोल फ्री नम्बर पर शिकायत करते समय घटना का समय 72 घंटे से अधिक न हो, नुकसान का वर्तमान कारण जल प्लावन तथा जिस खाते से बीमा कटा हो उसका सही सही विवरण बताना चाहिये, अन्यथा आवेदन निरस्त हो सकता है व प्रधानमंत्री फसल बीमा ऐप शिकायत दर्ज कराने का अधिक सुरक्षित साधन है व ऐप से शिकायत दर्ज कराने के लिये कृषक अपने खेत पर जाकर ऐप पर शिकायत का विवरण अपलोड करायें व बैंक खाते का विवरण तैयार रखें, नुकसान का कारण जल प्लावन दर्ज करें, साथ ही फसल की फोटो तथा वीडियो भी अपलोड करें व यथासम्भव ऑफलाइन शिकायत जमा करने से बचें व इससे आप किसी अन्य की त्रुटि के कारण व्यक्तिगत बीमा लाभ से वंचित रह सकते हैं व ऐप पर शिकायत दर्ज कराने में कृषकों को आने वाली तकनीकी समस्या के निवारण में सहयोग के लिये बीमा कम्पनी के कर्मचारियों के साथ कृषि विभाग के समस्त कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है व कृषक अपने क्षेत्र के कृषि विभाग में कर्मचारी से ऐप पर शिकायत दर्ज करने के लिये तरीकों को सीखकर अपने अन्य सभी कृषकों की मदद कर सकते हैं व अपने क्षेत्र के कृषि विभाग अथवा बीमा कम्पनी के कर्मचारी के संबंध में जानकारी के लिये उप कृषि निदेशक मो. 9455675946 अथवा जिला समन्वयक एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कम्पनी मो. 8400163951, 8174932677 के व्हाट्स ऐप नम्बर से जानकारी प्राप्त कर निर्धारित समय सीमा के अंदर शिकायत दर्ज करायें व स्वार्थी तत्वों के भ्रामक सुझावों से बचें।

# थाना बबेरु पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का किया गया भंडाफेड़

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** एक फेटो सहित भारी मात्रा में निर्मित व अर्धनिर्मित तमंचेए कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण किए गए बरामद । अभियुक्त पूर्व में भी अवैध शस्त्र निर्माण में जा चुका है जेल । अवैध तमंचों का निर्माण व बिक्री करने वाले एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अवैध शस्त्रों का निर्माण कर बांदा और आसपास के जनपदों में 05 से 06 हजार रुपये में उनकी की जाती थी बिक्री ।'

पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों का निर्माणए संग्रहण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज व क्षेत्राधिकारी बबेरू सौरभ सिंह के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 21ध08ध2025 की शाम को थाना बबेरू पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का भांडाफेड़ करते हुए भारी मात्रा में अवैध शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं । गौरतलब हो कि कल दिनांक 21ध08ध2025 को थाना बबेरू पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम निभौर के गड़रा नाला पार शहीदन डेरा के पास जंगल में एक व्यक्ति अवैध तमंचा व कारतूस के बना रहा है । सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर घेराबन्दी करते हुए एक अभियुक्त को अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया । मौके से भारी मात्रा में निर्मित व अर्धनिर्मित अवैध तमंचेंए देशी कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुएए तथा अभियुक्त की तलाशी के दौरान उसके कब्जे



से भी एक अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है । पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह अवैध तमंचों का निर्माण कर आस.पास के क्षेत्रों सहित बांदा और आस.पास के जनपदों में भी 05 से 06 हजार रुपये में बिक्री करता है । पुलिस द्वारा इस सम्बन्ध में गहनता से जांच की जा रही है कि अभियुक्त द्वारा कहाँ.कहाँ और किन.किन लोगों को तमंचों की सप्लाईध्बिक्री की गई हैए तदानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी । अभियुक्त पूर्व में भी अवैध शस्त्रों के निर्माण में जेल जा चुका है ।

**'बरामदगी.'**

05 अवैध तमंचा 315 बोर,02 अवैध तमंचा 12 बोर, 01 अर्द्धनिर्मित अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 02 अवैध जिन्दा कारतूस 12 बोर, 01 अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर , 01 अवैध मिस कारतूस 315 बोर, 01 अवैध खोखा कारतूस 315 बोर, धौंकनीए छेनीए नोहाईए हथौड़ा छोटाध्बड़ाए आरीए रेती स्प्रिंगए ब्लेड्स बाट आदि सहित भारी मात्रा में अन्य शस्त्र बनाने के उपकरण कुल 08 निर्मितध्अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचाए 05 जिन्दाध्मिसध्खोखा कारतूस तथा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण ।

**'गिरफ्तार अभियुक्त.'**

1ण रामभजन निषाद पुत्र देवलाल निषाद निवासी तरसियन डेरा मजरा निभौर थाना बबेरू जनपद बांदा ।

**'पंजीकृत अभियोग.'**

मु0अ0सं0 348ध2025 धारा 3ध25 आर्म्स एक्ट थाना बबेरू जनपद बांदा'गिरफ्तारी करने वाली टीम.

राजेन्द्र सिंह राजावत प्रभारी निरीक्षक बबेरू, उ0 नि0 कल्वे अब्बास खाँ, उ0नि0 सैफ अहमद, म0उ0नि0 सुश्री निक्की पटेल, हे0का0 रजनीश पाण्डेय, का0 नकुल राय, का0 निर्मल सिंह

'आपराधिक इतिहास अभियुक्त रामभजन निषाद उपरोक्त.'

मु0अ0सं0 187ध09 धारा 5ध25 आर्म्स एक्ट थाना बबेरू जनपद बाँदा ,

2ण मु0अ0सं0 290ध15 धारा 3ध25 आर्म्स एक्ट थाना बबेरू जनपद बाँदा , 3ण मु0अ0सं0 291ध15 धारा 5ध25 आर्म्स एक्ट थाना बबेरू जनपद बाँदा ।

4ण मु0अ0स0 87ध16 धारा 5ध25 आर्म्स एक्ट थाना बबेरू जनपद बाँदा ।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने किया रामघाट का निरीक्षण



चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने शुक्रवार को अमावस्या मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

स दौरान एडीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देशित किया कि मेले में साफ सफाई बनी रहनी चाहिए तथा इसका भ्रमणशील रहकर जायजा लेते रहे। कहा कि मेला क्षेत्र के सभी सीसीटीवी कैमरे संचालित रहने चाहिए तथा बारिश के मौसम के तहत विद्युत पोल को न छूने का अलाउंस कंट्रोल रूम से लगातार कराते रहें। अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया की मेला क्षेत्र में जगह-जगह टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराते रहे। एडीएम ने सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो ताकि धर्मनगरी आने वाले श्रद्धालु जनपद से अच्छा संदेश लेकर जाएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### एसपी ने किया मेला क्षेत्र का भ्रमण

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने भाद्रपद अमावस्या मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने परिक्रमा मार्ग में अतिक्रमण को हटवाते हुए दुकानदारों को मार्ग पर सामान न लगाने की अपील की। एसपी ने मेला क्षेत्र में तैनात पुलिस बल की ड्यूटी चेक की तथा मुस्तैदीपूर्वक ड्यूटी करते हुए श्रद्धालुओं के साथ विन्रम व्यवहार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### छात्र को डूबने से बचाया

चित्रकूटः भाद्रपद अमावस्या मेले में धर्मनगरी आया जनपद कौशाम्बी के थाना कोखराज के बालकुंज निवासी नमो मिश्रा (12) पुत्र संतोष कुमार मिश्रा मंदाकिनी में स्नान के दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। इस दौरान मौके पर तैनात क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल सहित एसडीआरएफव पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालक को बचाया तथा घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं से सुरक्षित स्नान करने की अपील की।

### परिवहन जानकारी के लिए डॉयल करें 149

चित्रकूटः सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रामप्रकाश सिंह ने बताया कि अपर परिवहन आयुक्त राजस्व लखनऊ के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व हेल्पलाइन नंबर 1800-1800-151 के स्थान पर शॉर्ट कोड 149 को लागू किया गया है। बताया कि अब परिवहन विभाग से संबंधित किसी भी समस्या व सूचना के लिए 149 नंबर डायल कर सम्पर्क कर सकते हैं।

### मण्डीय कार्यशाला 25 को

चित्रकूटः सहायक श्रमायुक्त रतन गुप्ता ने बताया कि श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार वर्ष 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने के संकल्प के लिए तैयार कार्य योजना व बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन में विभिन्न विभागों की भूमिका के संबंध में आगामी 25 अगस्त को आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में मंडलीय कार्यशाला बांदा स्थित कार्यालय में आयोजित की जाएगी। जिसमें समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी ससमय प्रतिभाग करें।

### आज होगा नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

चित्रकूट ब्यूरोः आयुषग्राम ट्रस्ट के संस्थापक आचार्य एवं भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुरु के पद से सम्मानित किए गए डॉ मदन गोपाल वाजपेयी ने बताया कि आयुष ग्राम ट्रस्ट चित्रकूट धाम के आयुष ग्राम चिकित्सालय में 23 व 24 अगस्त को दो दिवसीय नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिससे हिलते और कमजोर दांतों को बिना इंजेक्शन दर्द रहित निकाला जाएगा। रोगियों के आवागमन के लिए बेड़ी पुलिया चौराहे के आयुषग्राम चिकित्सालय तक एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध करायी जाएगी।

सस्था के कार्यपालन अधिकारी आलोक पाल ने बताया कि इस शिविर में राजकोट गुजरात के प्रसिद्ध आयुष दंत चिकित्सक और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा दंत चिकित्सा में नियुक्त राष्ट्रीय गुरु डॉ जयसुख मकवाना अपनी सेवाएं देंगे और हिलते हुए, कमजोर दांतों को जालंबधर बंध द्वारा बिना इंजेक्शन लगाए दर्द रहित तरीके से निकालेंगे। शिविर का उद्घाटन विशेष कार्य अधिकारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी बांदा डॉ आशुतोष त्रिपाठी और राजकीय आयुर्वेदिक कॉलिज अतर्रा बांदा के पूर्व प्रोफेसर डॉ जेपी अवस्थी करेंगे।

## मुख्य डाकघर अतर्रा बना चिड़ियाघर नहीं होती रजिस्ट्री

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** विगत लगभग एक महीने से ज्यादा समय से अतर्रा मुख्य डाकघर में रजिस्ट्री ना होने के कारण क्षेत्र के लोग परेशान हो रहे हैं तथा 34 किलोमीटर दूर बांदा जाकर लोग रजिस्ट्री करने को मजबूर । जब इस बारे में पोस्ट मास्टर रजनीश साहू से वार्ता की गई तो कहा कि हमारे यहां सरवर नहीं है अगर सरवर आता भी है तो कोई स्टाफनहीं है रजिस्ट्री करने वाला। मिली जानकारी के अनुसार अतर्रा मुख्य डाकघर बना चिड़ियाघर। चिड़ियाघर इसलिए कहा जा रहा है कि जिस तरह लोग चिड़ियाघरों में कैद जानवरों को लोग देखने जाते हैं ठीक उसी तरह लोग मुख्य डाकघर अतर्रा को देखकर वापस चले आते क्योंकि विगत लगभग 1 महीने से ज्यादा समय से रजिस्ट्री और ना ही स्पीड पोस्ट कुछ भी नहीं हो पा रहा है तहसील अतर्रा के अंतर्गत अतर्रा मुख्य डाकघर में अच्छी खासा राजस्व क भी भी नुकसान उठाना पड़ रहा है प्रतिदिन।

अतर्रा मुख्य डाकघर का क्षेत्रफ्ल काफी बड़ा होने के कारण लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है लोग 34 किलोमीटर चलकर के बांदा से रजिस्ट्री करने को मजबूर हैं । एक रजिस्ट्री करने के लिए ?90 रुपए बस का भाड़ा खर्च कर रहे हैं लोग इसके अलावा घंटों लाइन में लगना पड़ता है तब कहीं रजिस्ट्री होती है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हमीरपुर। जनपद में वाहनों का रजिस्ट्रेशन खनन विभाग के विभागीय पोर्टल पर कराए जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जिले के समस्त पट्टाधारकों, भण्डारण कर्ताओं एवं ट्रक यूनियन एसोसिएशन हमीरपुर के पदाधिकारियों साथ बैठक की गयी।

बैठक में समस्त पट्टाधारकों, भण्डारण कर्ताओं एवं ट्रक यूनियन एसोसिएशन हमीरपुर के पदाधिकारियों को खनन विभाग के विभागीय पोर्टल पर वाहनों का रजिस्ट्रेशन कराए जाने हेतु निर्धारित प्रक्रिया से अवगत कराया गया।साथ ही जानकारी दी गयी कि विभागीय पोर्टल पर वाहन रजिस्ट्रेशन की स्पदा को ब्सपबा कर वाहन स्वामी का प्रोफाइल बनाते हुए अपने समस्त वाहनों का विवरण जोड़ सकते है।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि वाहन स्वामी पोर्टल पर अपने वाहनों के सम्बन्ध में यदि रजिस्ट्रेशन नही कराते है तो निर्धारित अवधि के पश्चात् वाहनों पर ई-एम0एम0-11ध् परिवहन पास निर्गत होना बन्द हो जायेगा, जिससे वाहन द्वारा उपखनिज का परिवहन नही किया जा सकेगा।यह भी निर्देश दिए गए कि विभागीय पोर्टल पर वाहनों का रजिस्ट्रेशन 15 सितम्बर 2025 तक प्रत्येक दशा में करा लिया जाये।विभागीय पोर्टल पर वाहनों को अपडेट करने के उपरान्त अपने-अपने वाहनों की जानकारी व ई-एम0एम0-11 की क्मजंपसे आदि को देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनपद से उपखनिज के परिवहन करने वाले वाहनों की नम्बर प्लेट पर ग्रीस व ंउनकहमक करते हुये परिवहन करते पाये जाने वाले वाहनों को निरुद्ध करते हुये दण्डात्मक आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।जनपद के समस्त पट्टाधारकों ध् भण्डारण कर्ताओं को निर्देशित किया गया कि किसी भी वाहन पर बिना ई-एम0एम0-11ध् परिवहन प्रपत्र के वाहनों में उपखनिज परिवहन ना होने दिया जाये तथा शासन के निर्देशानुसार सोर्स प्वाइंट से ही उपखनिजों के ओवरलोड़िग व अवैध परिवहन को रोका जाये।

## पकड़ी गई खाद क्षेत्रीय सहकारी समिति नहरी से लाई गई थी वहां के कर्मचारियों की मिली भगत से

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** जनपद में उर्वरक का संकट बरकरार है।किसान सहकारी समिति के बाहर पूरा दिन उर्वरक पाने का इंतजार करता रहता है।लेकिन बाद में सिर्फ मयूस होकर घर लौट आता है।लेकिन वहीं दूसरी तरफ उर्वरक सहकारी समितियो के जरिए ब्लैक मेल भी की जा रही है।अभी पकड़ी गई अवैध उर्वरक में सहकारी समिति का कारनामा सामने आ गया।बता दे कि छापेमारी के दौरान अवैध रूप से उर्वरक की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया।पकड़े गए व्यक्ति चोरी से सहकारी समिति नहरी से साठगांठ कर उक्त व्यक्ति अपने घर से इफ्को की खाद बेचे जाने का कार्य कर रहा था। पूछताछ के दौरान हकीकत सामने आई।पकड़े गए व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

बता दे कि तहसील क्षेत्र स्थित बिलहरका गांव के मजरा रानीपुर में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी ने पकड़ लिया।मौके पर घर से अवैध रूप से खाद की बिक्री कर रहे राधेश्याम पुत्र नत्थू को पकड़ा लिया गया।इस दौरान कब्जे से 45 बोरी इफ्को खाद बरामद की गई।कृषि प्रसार अधिकारी ने मामले की सूचना स्थानीय प्रशाशन को दी।मौके पर पहुंचे राजस्व टीम से नायब तहसीलदार यशपाल यादव ने करतल चौकी पुलिस को बुलाकर माल बरामद किया।खाद की ।कालाबाजारी करते पाए गए अभियुक्त राधेश्याम को कोतवाली लाकर उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम एक्ट की धारा में कार्यवाही की गई।

## 'धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण की छठीरूभक्तों ने की पूजा-अर्चना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** ए झांकियों और नृत्य से सजा कार्यक्रम' ऋगणेश आरती और हनुमान चालीसा के पाठ से हुई कार्यक्रम की शुरुआतऋ अयोध्यावासी मंदिर में धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण की छठी। शहर के बनोयटा स्थित प्रसिद्ध अयोध्यावासी में जन्माष्टमी पर्व एवं छठी में जागरण कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। श्री कृष्ण जी की छठी के अवसर पर विशेष पूजा.अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री कृष्ण जी की पूजा के बाद कड़ीएपूड़ी और चावल का भोग लगाया गया। मिली जानकारी के अनुसार सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कानपुर से पधारें कलाकारों में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश जी की आरती और हनुमान चालीसा के पाठ से हुई। भक्तिमय माहौल में विभिन्न कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। गणेश जीए भोलेनाथ और अन्य देवी.देवताओं की आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नृत्य प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। रात्रि जागरण का कार्यक्रम हुआ और समाज की महिलाओं व बच्चों ने बढ़ा.चढ़ाकर भाग लिया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मालती बसु जी मन्दिर समिति के अध्यक्ष मेवालाल गुप्ता जी विजय गुप्ता जी रामचंद्र चन्द्री जी रामचंद्र बाउआ जी वैश्य अमित गुप्ता मनीष किशोर कुमार गुप्ता जी अशीष गुप्ता जी बिष्णु गुप्ता दिनेश गुप्ता संरक्षक सन्त कुमार गुप्ता जी राजकुमार राज जी आशुतोष गुप्ता हरिओम गुप्ता बिष्णु गुप्ता सहित महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में दिनेशए समीर और शिवराम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## एक युवक किसी कारण बस फांसी लगाकर आत्महत्या किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** आज दिन शुक्रवार को राम सिंह आरख पुत्र राजबहादुरआरख उर्फ लाला निवासी भडहा पुरवा अतर्रा ग्रामीण थाना अतर्रा जनपद बांदा उम्र करीब 24 वर्ष ने घर के अंदर छत के पिलर में नायलॉन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है ।

घटना की जानकारी होने पर मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रेमपाल सिंह एवं उपनिरीक्षक प्रीत कुमार पांडेय मय फोर्स के मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी लेते हुए पंचनामा की विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी थाना अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने बताया कि फांसी किस लिए लगाई अभी यह स्पष्ट नहीं है ।

# अन्य वर्षो की तुलना में इस वर्ष ज्यादा भव्य होगा तीजा मेला

**भरुआ सुमेरपुर।** इस वर्ष कस्बे का ऐतिहासिक तीजा मेला अन्य वर्षो की तुलना में कुछ अलग नजर आएगा। शोभायात्रा से लेकर पशु बाजार मेला मैदान, रामलीला मैदान के कार्यक्रमों में इस बार बड़ा बदलाव करके भव्यता देने की कोशिश की जा रही है।

कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला में महज चार दिन बचे हैं। श्री कृष्ण तीजा मेला कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा में राम सेना की कई झांकियां शामिल की जा रही है। इसके लिए 50 रामभक्तों का चयन किया गया है। इसी तरह पशु बाजार मेला मैदान में इस वर्ष बड़ा बदलाव किया गया है। इस वर्ष मेले की ठेके के बजाय पशु बाजार मालिकानों ने खुद ही जिम्मेदारी संभाली है। पशु बाजार मालिक सौमित्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष मेले को भव्यता प्रदान की गई है। मेले में इस वर्ष कई तरह के झूले बढ़ाए गए हैं। साथ ही सर्कस की संख्या में इजाफा किया गया है। इसी तरह दंगल में इस वर्ष राष्ट्रीय केसरी, उत्तर प्रदेश केसरी, बुंदेलखंड केसरी, हरियाणा केसरी को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा जिले के 10 मशहूर पहलवानों के साथ महिला पहलवानों की कुश्ती कराई जाएगी। रामलीला मैदान के कार्यक्रमों में भी इस वर्ष बड़ा बदलाव किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 26 अगस्त को खन्ना म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार प्रस्तुत देंगे। इसी तरह 27 अगस्त को बुंदेलखंड के मशहूर बुंदेली गीत गायक बाबूलाल मस्ताना ग्रुप के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस वर्ष नागनाथ लीला में हरचंदन तालाब की छटा निराली होगी। नगर पंचायत ने एक करोड़ से ज्यादा की धनराशि व्यय करके इस ऐतिहासिक तालाब का जीर्णोद्धार कराकर चारों तरफ से लोहे की रेलिंग लगाकर आरसीसी मार्ग तैयार किया है। साथ ही तिरंगे का लुक देकर इसको आकर्षक बनाया है। लाइटिंग की चारों तरफ बेहतरीन व्यवस्था की गई है।

### तीजा मेला में नहीं दिखना चाहिए बेसहारा गोवंश

भरुआ सुमेरपुर। तीजा मेला के मद्देनजर थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में अपर जिला अधिकारी ने कहा कि कोई नई परंपरा नहीं पड़ेगी। एसडीएम सदर ने अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि बेसहारा गोवंश नहीं नजर आना चाहिए। प्रशासन ने तीजा मेला की सभी कमेटियों से व्यवस्थाओं में सहयोग की अपील की। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता व सीओ सदर राजेश कमल ने भी विचार रखते हुए कहा कि मेले की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कराए जाएंगे। बैठक में साफ सफाई बिजली पानी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को रखा गया। इसके निस्तारण के आदेश आला अधिकारियों ने दिए हैं।

# पुलिस उप महानिरीक्षक ने लिया मेले की व्यवस्था का जायजा





चित्रकूटः जनपद में चल रहे तीन दिवसीय भाद्रपद अमावस्या मेले के तहत शुक्रवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला क्षेत्र आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भाद्रपद अमावस्या मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस ने मेला क्षेत्र रामघाट, निर्मोही अखाड़ा, परिक्रमा मार्ग, बेड़ी पुलिया, यूपीटी तिराहा आदि का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान डीआईजी ने मेला क्षेत्र में तैनात जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित पुलिस बल की ड्यूटी को चेक किया तथा सभी को मुस्तैद होकर ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं के साथ विन्रम व्यवहार करने के निर्देश दिए। डीआईजी घाटों पर तैनात एसडीआरएफ टीम एवं समस्त पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं को गहरे पानी में स्नान न करने दें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द्र वर्मा, कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में एसपी ने ली परेड की सलामी



चित्रकूट ब्यूरोः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। साथ ही पुलिस लाइन के विभिन्न पटलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

परेड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया तथा परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी व सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक निर्देशित किया। एसपी ने परेड में शामिल सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में निर्देश दिए। परेड ग्राउंड में आर्मोरर ने सभी को शस्त्रों का खोलने, जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी। एसपी ने परेड में उपस्थित सभी टोलियों व रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए तथा स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ भी करायी।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में स्थित परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे अन्य वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी प्रकार एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। एसपी ने क्वार्टर गार्द का भी निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपात्र होने के बावजूद पीएम आवास योजना के लिए कर रहें दावा

**चित्रकूट ब्यूरोः** रामनगर विकासखण्ड के रगौली गांव में दर्जनों लोग अपाल होने के बावजूद प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने का प्रयास कर रहे है। क्षेत्रवासियों ने अपात्रों को आवास योजना का लाभ न देने की मांग की है।ंं समाजसेवी बद्री विशाल त्रिपाठी ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि रामनगर विकासखण्ड के रगौली गांव में तमाम अपात्र सरकारी योजनाओं और आवास योजना का लाभ लेने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने बताया कि राजेश पुत्र मुंशीवा के पिता को पूर्व में आवास योजना का लाभ मिल चुका है। संयुक्त परिवार में पिता के साथ रहने के बाद भी राजेश आवास योजना का लाभ पाने के लिए दबाव बना रहा है। इसी प्रकार रमाशंकर पुत्र लल्लू की पत्नी मिथलेश देवी को पूर्व में आवास मिल चुका है। छोटवा पुत्र बेनी और लवलेश निषाद पुत्र माखन लाल भी पूर्व में आवास योजना का लाभ ले चुके है। इसके अलावा अनुज द्विवेदी, पवन कुमार, संजय, रामखेलावन, राममिलन आदि पक्के मकान में वर्तमान समय में रह रहे है। इसके बावजूद यह लोग सरकारी आवास योजना का लाभ उठाने के लिए प्रयासरत है। ऐसे में तत्काल ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जानी चाहिए। जिससे पात्र गरीबों का हक न मारा जाए।

## सोलर फेंसिंग के लिए कलस्टर गठन कर करें आवेदन

**चित्रकूट ब्यूरोः** ङ्गने के लिये सोलर फेन्सिंग का कार्य कराया जाना है, जिसमें न्यूनतम 10 हेक्टेयर से अधिक के फार्मर कलस्टर समूह का गठन कर 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। उप कृषि निदेशक राज कुमार ने बताया कि कलस्टर के अनुमानित कम्पोजिट सोलर फेन्सिंग औसतन 1500 रनिंग मीटर है। जिस पर कृषक समूह को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है तथा इसमें 20 प्रतिशत कृषक अंश रहेगा। बताया कि इस योजना के तहत जनपद को कुल 92 कलस्टर का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें कुल 1380 हेक्टेयर क्षेत्रफ्ल भाग को सोलर फेन्सिंग से आच्छादित किया जायेगा। इस योजना के तहत किसान कलस्टर गठन कर आगामी दिसम्बर माह तक आवेदन कर सकते है। इसके साथ ही आवेदन पत्र कार्यालय उप सम्भागीय कृषि प्रसार कर्वी एवं मऊ तथा कृषि भवन चित्रकूट में उपलब्ध कराएं।

स्वतंत्र भारत
कानपुर शनिवार , 23 अगस्त 2025 10
मध्यांचल समाचार
इटावा/फर्रुखाबाद/औरैया/मैनपुरी/एटा/कन्नौज/फिरोजाबाद/आगरा/मथुरा/अलीगढ़

**स्पीड रडार चेकिंग अभियान चलाकर किये चालान**

**इटावा!** शहर क्षेत्र के प्रमुख चौराहोंए स्थानों पर नशे का सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध ब्रिथ एनलाइजर के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। स्पीड रडार चेकिंग में ब्रिथ एनलाइजर ड्रिंक एंड ड्राइव के 7 स्पीड रडार ओवर स्पीडिंग के 3 कुल 13000 रूपये के चालान किये गये निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध स्पीड रडार के द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निम्न कार्यवाही की गयी है।

# एविधवा की पुत्रियों को आये दिन उक्त लोगों द्वारा छेड़छाड़ कर परेशान करने का प्रार्थना पत्र दिया





**छिबरामऊ कन्नौज ।** सीमा पत्नी स्वर्गीय अल्लाहरक्खा निवासिनी मो0 बिरतिया कस्बा व थाना छिबरामऊ प्रभारी निरीक्षक संबोधित लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया ।

लिखित प्रार्थना पत्र में प्रार्थिनी सीमा पत्नी स्वर्गीय अल्लाहरक्खा निवासिनी मो0 बिरतिया कस्बा व थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज की है । दिनॉक 21ध्08ध्2025 को सुबह के समय प्रार्थिनी अपने घर में घरेलू कार्यों में व्यस्त थी तभी मोहल्ले के ही रफीकउददीन उर्फकरिया पुत्र कमरूद्दीन एवं मुस्तफा हीरोए फिरोज पुत्रगण रफीकउददीन दरवाजे पर आकर मां बहन की गाली देने लगे प्रार्थिनी की पुत्रियों को आये दिन उक्त लोगों द्वारा छेड़छाड़ कर परेशान करते थे प्रार्थिनी विधवा है प्रार्थिनी के यहां कोई पुरुष नहीं है प्रार्थिनी किसी तरह से अपने बच्चों का पालन पोषण करती है। उक्त लोग प्रार्थिनी व उसकी बच्चियों को परेशान करते हैं। जब प्रार्थिनी ने इन सभी बातों को विरोध किया तो उक्त लोगों ने प्रार्थिनी को घर में घुसकर जान से मारने की नियत से लाठी डण्डे व लोहे के पाइप से प्रार्थिनी को मार मारकर घायल कर दिया। प्रार्थिनी के सिर पर व सीधे हाथ पर गम्भीर चोटे आयी और हाथ व शरीर पर गम्भीर चोटे आयी जिस कारण वह बेहोश हो गई। प्रार्थिनी की बड़ी बेटी चिल्लायी तब मोहल्ले के लोगों ने बचाया उक्त आरोपी छोड़कर भाग गए। प्रार्थिनी किसी तरह से कोतवाली आयी है प्रार्थिनी उक्त लोगों से इनके आतंक से भयभीत है। कानूनी कार्रवाई करने की मांग की समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सका।

# जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और माँग की किसानों की समस्याओं का निस्तारण किया जाए पूर्व विधायक



**कन्नौज ।** धरना प्रदर्शन कर यूरिया खाद की क़िल्लत को देखते हुए किसानों की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और माँग की किसानों की समस्याओं का निस्तारण किया जाए ।

छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कन्नौज जिला अधिकारी को ज्ञापन सोपा किसानो की समस्या के लेकर और पूर्व विधायक अरविंद यादव ने कहा इस समय जिले में खाद को लेकर बहुत किल्लत का सामना आ रहा है गत वर्ष भी यह हालत थी जब जिलाधिकारी से जब हमने कहा तब उन्होंने कहा कि छः बोरी खाद मिल रही है विधायक ने कहा ये किसानों तक नहीं पहुंच रही है उत्तर प्रदेश की सरकार ने वादा किया था कि किसानों की समस्या हल करेंगे लेकिन धोखा दे रही है किसानों का आलू भी फेंका जा रहा है जब किसानों को बुवाई करने के लिए खाद लेने जा रहे हैं तब समिति पर लाठी खा रहे जिला अध्यक्ष कलीम खान ने कहा खाद अगर सही समय से नहीं मिलेगी तो हम लोग जिला अधिकारी कार्यालय पर घिराव करेंगे जब किसानों की समस्या हल नहीं होगी तब तक किसानों की समस्या हल नहीं तब तक समाजवादी पार्टी उनके लिए खड़ी है इस मौके पर पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरी जयकुमार तिवारी इंजीनियर अनिल पाल हबीब हसन राजेंद्र सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख नेम सिंह यादव जिला महासचिव सुषमा डर आकाश साथ काकू चौहान नजीब खान रजनीकांत अंकुर सिंह आदिल परवेज अर्पित शुक्ला अमन खान राजू यादव ।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**इकदिलए इटावा।** आगरा.कानपुर नेशनल हाईवे पर मानिकपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। थाना चौबिया के गांव नगला सिंघ के रहने वाले उमेश यादव ;37द्ध पुत्र राम नाथ गुरुवार देर रात साढे आठ बजे पैदल नेशनल हाईवे पार कर रहा था। तभी मानिकपुर मोड़ के पास कानपुर की तरफसे आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार घायल कर दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चचेरे भाई राहुल ने बताया मृतक युवक दो भाईयों में घर का बड़ा बेटा था वह तीन साल से इटावा में ही किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। । अपने पीछे पत्नी रूबीए तीन पुत्र एक बेटी के साथ माता प्रयागश्री देवी को रोते बिलखते छोड़ गया है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया पंचनामा की कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम कराया गया।

## आदर्श स्कूल इकदिल में अभिभावक गोष्ठी संपन्नए बच्चों को संस्कारवान बनायें-डॉ सुशील

इकदिलए इटावा! आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबन्धक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया । गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक बंधुओं ने उपस्थित होकर शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया । गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विचार विमर्श कर अपने अपने सुझाव दिए । इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉण्सुशील सम्राट ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना बहुत ही जरूरी है । उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह शिक्षा के साथ.साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहयोग करें और घर पर भी बच्चों को समय दें स इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारीए सुमन चौहानए स्वेच्छा राजपूतए दामिनी शुक्लाए सुशीला देवीए अंजली शाक्यए प्रियांशीए अलफ़िशाए प्रियंका भदौरियाए दीप्तिए आँचल गुप्ताए प्रियंका यादवए छाया राजपूतए शिखा भारतीए नीतूए स्रष्टि तिवारी आदि स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु भी उपस्थित थे द्य

# क्रॉप सर्वे को लेकर पंचायत सहायकों का धरना खंड विकास अधिकारी से हुई नोकझोंक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज विकासखंड में तैनात 118 पंचायत सहायकों ने आज क्रॉप सर्वे के आदेशों के विरोध में खंड विकास अधिकारी कार्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन किया। पंचायत सहायकों का कहना है कि मात्र 6000 रुपए मानदेय में उनसे पंचायत से जुड़े कार्यों के अलावा सचिव और प्रधान द्वारा अतिरिक्त काम कराया जाता है। अब कृषि विभाग का क्रॉप सर्वे भी जबरन कराने के आदेश दिए गए हैं जिससे वे परेशान हैं।



**फर्रुखाबाद।** धरना दे रहे पंचायत सहायकों का ज्ञापन लेते खंड विकास अधिकारी त्रिलोचक शर्मा।

धरना प्रदर्शन के दौरान पंचायत सहायकों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपते हुए मांग कि पंचायत कार्यों के लिए उन्हें उच्च क्षमता वाले मोबाइल फोन और इंटरनेट सुविधा दी जाए। साथ ही दुर्घटना होने की स्थिति में 10 लाख रुपये का बीमा व प्रोत्साहन राशि उनके परिजनों के लिए सुनिश्चित की जाए।

पंचायत सहायकों ने यह भी कहा कि यदि उनसे अन्य विभागीय कार्य कराए जाते हैं तो उसके अनुरूप मानदेय बढ़ाया जाए।

धरने के दौरान खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा और पंचायत सहायकों के बीच नोकझोंक भी हुई। सहायक विकास अधिकारी ने कहा कि कई पंचायत सहायकों का मानदेय 8.9 महीने बिना कार्य किए ही जारी किया गया है ऐसे में धरना देना उचित नहीं है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि पंचायत सहायकों की मांगों से जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा ।

# भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने तहसील में धरना दे एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना के नेतृत्व में तहसील कायमगंज में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

दिए गए ज्ञापन में फर्रुखाबाद की सीमा पर बसे गांव धीमर नगला केरई रायपुर और बहबलपुर मिस्तनी से 8 किलोमीटर पश्चिम में गंगा नदी का बंधा अराजकतत्वों ने काट दिया था।जिससे गंगा नदी का बहाव 60 फीसदी किसानों के खेतों में आ जाने से तहसील कायमगंज क्षेत्र के नदी किनारे बसे गांवों और फसलें पूरी तरह डूब चुकी हैं।घरों में पानी भर गया है।लोग पलायन कर रहे हैं। पशुओं के चारे का अभाव हो चुका है।



**फर्रुखाबाद। एसडीएम को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारी।**

किसाने की फसले पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं।बाढ़ समाप्त होने के बाद इनका आकलन कर मुआवजा दिया जाए और जिन किसानो के घर बाढ़ से गिर गए हैं। उनको घर गिरी का मुआवजा दिया जाए।

गंगा नदी की बाढ़ रोकने के लिए बहबलपुर मिस्तनी से लेकर ढाईघाट शमसाबाद तक गंगा नदी के दक्षिणी किनारे पर बंधा बनवाया जाए। बदायूं के उत्तरी क्षेत्र गंगा नदी रामगंगा के दोआब क्षेत्र में अटैना घाट गंगा नदी पर बंधा बना है इसी तरह गंगा नदी व राम गंगा नदी का दोआब क्षेत्र गंगा नदी के दक्षिणी क्षेत्र में बंधा बनवाया जाए।जिससे प्रति वर्ष किसानों की धान मक्का बाजारएसब्जी आदि फसलों को डूबने से बचाया जा सके।

गंगा नदी की ओर जाने वाली सभी पुलियो को ऊंचा किया जाए।जिससे बाढ़ और बरसात के कारण आवागमन में परेशानी ना हो साथ ही स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चों की परेशानी दूर हो सके।खाद्य सुरक्षा अधिकारी की अनदेखी से कस्बा कायमगंज सहित पूरे जनपद में मिलावटी व एक्सपायरी वस्तुएं बिक रही हैं।

चाय बिस्कुटनमकीन ब्रेड दाल खाद्य तेल वनस्पति घी रिफाइंड दूध देसी घी मक्खन दही सब एक्सपायरी बिक रहे हैं काली दाल काले रंग से रंगी मिल रही है।बोतल बंद सरसों तेल में क्रूड पाप ऑइल को सरसों का तेल बनाकर बेचा जाता है। आटा में सरकारी चावल पीसकर बेचा जा रहा है। श्री सक्सेना ने बताया कि यूरिया खाद की कालाबाजारी हो रही है?।266 की बोरी 300 रुपए में साथ में 100 रूपए की जिंक अलग से देते हैं।जो सरासर गलत है।धान मक्काएबाजाराए सब्जी के लिए खाद की जरूरत है।जांच कराकर तत्काल कार्रवाई की जाए। उपलब्धता बढ़ाई जाए इस मौके पर रामलाल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष मंजेश यादव जिला महामंत्री प्रताप सिंह गंगवार जिला उपाध्यक्ष विपिन ठाकुर जिला उपाध्यक्षएविनीत कुमार जिला मीडिया प्रभारीए रामवीर जाटव जिला संगठन सचिवए राजाराम शर्मा प्रदेश सचिव बिंदु गंगवार जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मानेंद्र कुमार सिंह ब्लाक अध्यक्ष अर्जित सिंह ब्लाक अध्यक्ष रक्षपाल नन्हे सिंह सोशल मीडिया प्रभारी अनुज सक्सेना सुखराम चरनसिंह आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 33 हजार केवीए की लाइन का तार विद्यालय पर गिरा बड़ा हादसा टला

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के निकट गौसपुर क्रॉसिंग पर स्थित राम श्याम इंटर कॉलेज में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा होते.होते टल गया। विद्यालय परिसर के ऊपर से निकली 33000 केवीए बिजली की लाइन का तार अचानक टूटकर कॉलेज के फील्ड में गिर गया। उस समय कक्षा 10 के करीब 37 विद्यार्थी फील्ड में टेस्ट दे रहे थे। गनीमत रही कि छात्र तार की चपेट में नहीं आए अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



अचानक तार गिरने से विद्यालय परिसर में अफरा.तफरी मच गई। प्रबंधक जितेंद्र राजपूत ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी जिसके बाद विद्युत आपूर्ति रोकी गई। मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तार को हटाकर लाइन को दुरुस्त किया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि पहले विद्यालय के ऊपर से 11000 केवीए की लाइन गुजरी थी? जिसके विरोध में कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया। बावजूद इसके लगभग 20 दिन पहले ही 33000 केवीए की नई लाइन विद्यालय के ऊपर से निकाल दी गई।

विद्यालय प्रबंधन ने आरोप लगाया कि सांसद मुकेश राजपूत ने भी पत्र के माध्यम से बिजली विभाग को विद्यालय के ऊपर से लाइन न निकालने की सिफारिश की थी परंतु विभागीय कर्मचारियों ने अनदेखी करते हुए लाइन खींच दी।

विद्यालय प्रशासन ने घटना को गंभीर लापरवाही बताते हुए उच्चाधिकारियों से मांग की है कि विद्यालय के ऊपर से गुजरी उच्च क्षमता की विद्युत लाइन को हटाया जाए ताकि भविष्य में किसी अनहोनी से बचा जा सके।

# 27 अगस्त 2025 दिन बुधवार को विराजमान होंगे श्री गणेश जी

**छिबरामऊ कन्नौज।** जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ कन्नौज के सौजन्य से संचालित होने वाला श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम हर वर्ष की बात इस बार भी 11वीं बार बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न किया जाएगा



श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु जय बालाजी सेवा समिति व विश्व सनातन शक्ति महासंघ के सभी सदस्य कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों की एक बैठक का आयोजन अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी जी के निज निवास पर किया गया जिसमें सर्वसम्मति से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11वीं बार श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किए जाने का निर्णय हुआ इस बार भी बैंड बाजे व कलश यात्रा के साथ 27 अगस्त को प्रातः 8रू00 बजे विराजमान होंगे कलश यात्रा काली मठिया ताजपुर रोड से प्रारंभ होकर फर्रुखाबाद चौराहे से इंदिरा आवास कॉलोनी श्री गणेश चौक कार्यक्रम स्थल तक संपन्न होगी विघ्नहर्ता श्री गणेश भगवान जी प्रतिदिन आरती प्रातः 8रू00 बजे व महाआरती शाम 8रू00 बजे से प्रारंभ होगी तथा रात्रि 9रू00 बजे से 11रू00 तक जीवंत झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन किया जाएगा 2 सितंबर 2025 दिन मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ रात्रि 9रू00 बजे से प्रारंभ होगा 56 भोग एवं दिव्य देव आरती दिनांक 4 सितंबर 2025 दिन गुरुवार को रात्रि 8रू00 बजे से श्री गणेश भोग एवं विशाल भंडारे का आयोजन दिनांक 5 सितंबर 2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 2रू00 बजे से प्रारंभ होगा विशाल श्री गणेश विसर्जन यात्रा दिनांक 6 सितंबर 2025 दिन शनिवार प्रात 9रू00 बजे से प्रारंभ होकर श्री गणेश चौक इंदिरा आवास कॉलोनी से चलकर फर्रुखाबाद चौराहे होते हुए पश्चिमी बाईपास होकर कोतवाली छिबरामऊ के सामने मुख्य बाजार सौरिख रोड मां कालिका देवी मंदिर होकर ककरारी तालाब पर संपन्न होगी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं अपना और अपने परिवार आपकी सहभागिता से ही कार्यक्रम की भव्यता बढ़ेगी आए हुए सभी सदस्यों पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर आंसू शाक्य अनामिका चौहान सरोज ठाकुर मीरा चौहान दिनेश चंद शुक्ला राजू गुप्ता स्पर्श तिवारी यश तिवारी यशिका रानी मीना मिश्रा हरिओम मिश्रा पवन अंकित कश्यप नारायण शुक्ला प्रशांत वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे

# 10 दिन से गंगा पार क्षेत्र की बिजली गुल बाढ़ प्रभावित लोगों की बढ़ी दुश्वारियां

-पीड़ित लोगों का जिले के अधिकारी नहीं उठा रहे हैं फोन कैसे हो समस्या का समाधान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर की सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित गंगा पार की तहसील क्षेत्र में 10 दिनों से बिजली नहीं आ रही है जिससे यहां हाहाकार मचा हुआ है ।

बाढ़ से जुड़े राजस्व विभाग के जिले के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व यहां के नागरिकों के फोन भी नहीं उठा रहे हैं बिजली विभाग के उच्च अधिकारी भी मौन धारण किए हुए हैं जनप्रतिनिधि भी एक कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि हमारी अधिकारी सुन नहीं रहे हैं रहे हैं। निरीह जनता अब भगवान भरोसे है जनजीवन पर आधारित बिजली के न होने से यहां के लोग पूरी रात भर जाग रहे हैं विषैला कीड़ों और फिर चोरों के भाई से नींद नहीं आ रही है।

बीते चार हफ्तों से गंगा पार क्षेत्र लगातार बाढ़ का दंस झेल रहा है। गंगा एवं रामगंगा नदियों में भयानक सैलाब की स्थिति बनी हुई है। इस क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं। जहां के लोग अब रोजी.रोटी के लिए तरस रहे है।अनेकों समस्याएं इस क्षेत्र के लिए मुँह बाये खड़ी है। इन्हीं सब में एक गंभीर समस्या बिजली विभाग ने भी पैदा कर दी है। बाढ़ का दंस झेल रहे ग्रामीण क्षेत्र के लोग अब बिजली विभाग की कार्यशैली को लेकर निराशा की स्थिति में चल रहे हैं। काम धंधे पहले से ही ठप हो चुके थे। अब बीते 10 दिनों से लगातार बिजली न आने के कारण काम करने की गति प्रभावित हुई है। आटा चक्की ई रिक्शा चार्जिंग मोबाइल चार्जिंग इलेक्ट्रॉनिक की दुकाने पूर्णतया बंद हो चुकी हैं। घरों में अंधेरा है और इस भीषण गर्मी में जीना मुश्किल हो चुका है। बिजली विभाग शायद अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वाहन नहीं कर पा रहा है। जब से अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल किया गया बिजली की दुर्दशा होती चली गई। अधिशासी अभियंता एवं अवर अभियंता गंगा पार क्षेत्र की बिजली की समस्याओं को दूर करने में असफल होते जा रहे हैं। इस क्षेत्र के पांच सैकड़ा से अधिक गांव अंधेरे में डूब चुके हैं। बीते कई दशकों से इस क्षेत्र में बाढ़ आती रही परंतु बिजली की दुर्दशा ऐसी कभी नहीं हुई जैसी स्थिति इस वर्ष देखने को मिली। सन 2010 में भी बाढ़ भयानक रूप से इस क्षेत्र में फैली हुई थी। लेकिन फिर भी अमृतपुर कस्बे की सप्लाई चालू रही। इस वर्ष नवागंतुक अधिकारियों की लापरवाही के चलते 10 दिनों से लगातार गंगा पार क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है । कभी फाल्ट कभी लोकल फाल्ट कभी खंबे कभी पावर हाउस में समस्या और सबसे अधिक समस्या इन अधिकारियों ने पैदा कर दी। अब इस स्थिति से दो.चार होने के लिए ना तो कोई जनप्रतिनिधि आगे आ रहा है और ना ही कोई उच्च अधिकारी। कई बार लोगों ने इसकी शिकायत अवर अभियंता से की और इस समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई। सोशल मीडिया पर भी इस समस्या को लेकर हाय तौबा मची लेकिन परिणाम पॉजिटिव नहीं हो सके। इस क्षेत्र के रहने वाले हरि ओम राघव पूरनलाल दीनदयाल राजेश कल्लू फूलमती राज रानी देवकी सुनीता घनश्याम मोहन प्रदीप वासुदेव अनोखेलाल राम प्रसाद रामनाथ आदि सैकड़ो उपभोक्ताओं ने बिजली सुधार की समस्या को लेकर जिलाधिकारी से मांग की है कि वह इस तरफभी ध्यान दें जिससे बाढ़ का दंस झेल रहे गंगा पार के बाढ़ पीड़ित कम से कम दोहरी मार से तो बच सके। शाम ढलने के बाद चारों तरफपानी और अंधेरा दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में उजाले की सख्त जरूरत पड़ती है। लेकिन घरों सड़कों के अंधेरे ने अब जीवन में भी अंधेरा घोल दिया है। बिजली विभाग की सुस्ती के चलते प्रत्येक उपभोक्ता परेशान हो चुका है। अगर ऐसी ही समस्या बनी रही तो इन उपभोक्ताओं का सब्र टूट कर सड़कों पर आ सकता है और फिर इसे संभालना अधिकारियों के बस में नहीं होगा क्योंकि यह समस्या एक दो गांवो की नहीं बल्कि सैकड़ो गांवो की है। इस अंधकार में हजारों उपभोक्ता परेशान हो चुके हैं। बिजली विभाग को चाहिए कि वह अपना संपूर्ण योगदान देकर इस समस्या का समाधान स्थाई तौर पर करें। नए कानून और नए नियम उपभोक्ताओं पर जबरिया थोपने की कोशिश कतई ना करें। बिजली रात ही नहीं दिन में भी दी जाए।

# राष्ट्रीय मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम ने मरीजों का किया उपचार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** गंगा पार क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्रामीण अंचलों में बीमारियों की रोकथाम और समय पर इलाज करने के लिए अंबरपुर गांव में मेडिकल सिविल आयोजित किया गया जिसमें 105 मरीज का उपचार कर दवाईयां दी गई मेडिकल कैंप में 58 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयाँ उपलब्ध कराई गई।इसके साथ ही राष्ट्रीय मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से राजेपुर ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर 105 मरीजों की जांच की गई। इनमें डायरिया के 13 बुखार के 24 आंख कान संबंधी 17 त्वचा रोग से पीड़ित 30 अन्य दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित 10 मरीज पाए गए इसके अलावा 11 मरीजों को ओआरएस पैक वितरित किए गए।



ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में डायरिया त्वचा रोग और वायरल बुखार जैसी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं मरीजों को मौके पर ही मुफ्त जांच परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लगातार बदलते मौसम और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए विशेष टीमों को गांव.गांव भेजकर मरीजों की जांच की जा रही है।

## डीएम की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

इटावा! जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त कीए जिस पर जिला एवं अर्थ संख्या अधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल परियोजना 502 पूर्ण परियोजना 115 बची हुई परियोजना 44 जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने सभी परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। जनपद में जिला कारागार में 102 मीण् पुरानी मैन बाल का पुनः निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराया जाए। उन्होंने जल निगम के कार्य को लेकर 31 अगस्त तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि अर्बन डेवलपमेंट कार्य सैफई का समय से पूरा कराया जाए। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाए। विकासखंड महेवा के ग्राम बहेड़ा में अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के कार्य को लेकर समीक्षा कीए इस पर उन्होंने कहा कि सी एम आई एस पोर्टल पर कार्य की प्रगति फीड कराए जाने हेतु निर्देश दिए। जिला संयुक्त चिकित्सालय अग्निशमर व्यवस्था के कार्य की समीक्षा में उन्होंने कहा कि कार्य समय से पूरा कराया जाए। पर्यटन विभाग द्वारा नगला तोर बलरई स्थित प्राचीन मां ब्रह्माणी मंदिर का कार्य जल्द से जल्द कराए जाने हेतु निर्देश दिए साथ ही पक्का तालाब के निकट ऐतिहासिक भवन विक्टोरिया मेमोरियल हॉल का सौंदरीकरण का कार्य जल्द से जल्द कराया जाए। शिव मंदिर ग्राम विक्रमपुर के कार्य को लेकर उन्होंने कहा कि कार्य को ठीक कराया जाए एवं कार्य सही तरीके से होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत अमिताभ बच्चन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैफई में स्वच्छ पेयजल की सुविधा आदि कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के अंतर्गत पैरामेडिकल कैंपस में एमएलडीआर एमबीआर का उच्चीकरण का कार्य पूर्ण कराया जाए साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के अंतर्गत अस्पताल के गेट का कार्य 2026 तक अवश्य पूर्ण करा दिया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के सभी कार्यों को लेकर जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतमए जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रमेश चंद्रए जिला प्रोबेशन अधिकारीए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा ने निकाली पीडीए साईकिल जन जागरण यात्रा

## साईकिल यात्रा का उद्देश्य भाजपा के तानाशाही रवैये को समाप्त करना : देवी प्रसाद चौधरी





**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में सपाजनो ने पीडीए साईकिल जन जागरण यात्रा निकाली। यह यात्रा कचहरी लोहिया ट्रस्ट से शुरू होकर कचहरी, सिविल लाईन, फ्तहां स्थित झुरी बिन्द के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात पीडीए साईकिल जन जागरण यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस जिला कार्यालय पर समाप्त हुई। साईकिल यात्रा का दर्जनों स्थान पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जगह-जगह कार्यकर्ता वोट चोर गद्दी छोड़, किसानों को खाद दो, बिजली दो, पानी दो आदि नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा यह यात्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित की जा रही है। इसके माध्यम से पार्टी अपना संदेश जनता तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए काम कर रही है।

2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में किसान, नौजवान, गरीब, मजलूम, व्यापारी व समाज के सभी वर्ग सरकार की तानाशाही रवैये से परेशान है। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि साईकिल यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नीतियों व कार्यो को जन-जन तक पहुंचाना है। साइकिल यात्रा इस बात का प्रतीक है कि भाजपा की वोट चोर की नीति अब काम नही आयेंगी। हम समाजवादी लोग साईकिल चलाकर वोट चोर गद्दी छोड़ के लिये भाजपा सरकार को मजबूर करेंगे।

साईकिल यात्रा में पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, मुन्नी यादव, राजेश भारतीय, आदर्श यादव, संतोष गोयल, डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव, सुभाष पटेल, विशाल यादव, सतीश मिश्रा, चन्दन यादव, मेवालाल प्रजापति, श्याम अचल यादव, प्रिन्स राव, परवीन बानो, वन्दना गुप्ता, अरशद अली, अतीक खाँ आदि लोग उपस्थित रहें।वहीं छानबे में लालगंज, हलिया, छानबे क्षेत्रों में पीडीए साईकिल जन जागरण यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर कीर्ति कोल, दिलीप शर्मा, मुकुन्द लाल यादव, संग्राम बिन्द, गायत्री पटेल, सियाराम जैसल, जुम्मन खाँ, कमला पटेल, हरिशंकर यादव, अशोक मिश्रा, गणेश सिंह, संजय सिंह, शिव नरायन बिन्द, शहनवाज खाँ आदि उपस्थित रहें। कहा गया कि महंगाई, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार, किसानों की दुर्दशा, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, छात्रों की फीस वृद्धि, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार और महिला सुरक्षा जैसे जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सड़क से लेकर सदन तक समाजवादियों का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

इसी क्रम में मझवां में विकास खण्ड सिटी, विकास खण्ड मझवां, विकास खण्ड पहाड़ी, नगर पंचायत कछवां क्षेत्रों में पीडीए साईकिल जन जागरण यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर झल्लू यादव, भोलानाथ यादव, दामोदर प्रसाद मौर्या, लाल बहादुर यादव, सौरभ सिंह, कन्हैया लाल, राजेन्द्र प्रसाद यादव, जीत बहादुर पाल, सुरेश सिंह पटेल, निजाम राईन, विजय यादव आदि उपस्थित रहें।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस डबल इंजन की सरकार में लोग महंगाई, बेरोजगारी से बहुत परेशान हैं। बीते सात सालों में स्वास्थ व्यवस्था गर्त में चली गई है। आवारा पशु किसानों की फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रदेश में महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही है। लगातार बिजली कटौती और सड़कों पर गड्ढे से जनता परेशान है। इसी क्रम में चुनार में विकास खण्ड नरायनपुर, विकास खण्ड जमालपुर, विकास खण्ड सीखड़, नगर पालिका चुनार क्षेत्रों में पीडीए साईकिल जन जागरण यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, राजेन्द्र सिंह पटेल, राणा प्रताप सिंह, रवि प्रकाश त्रिपाठी, सूर्यकान्त सिंह, दिनेश यादव, महिपाल सिंह, कान्हा प्रताप यादव, दिनेश पटेल, शिवपूजन यादव, सदानन्द यादव, विजय पटेल, शोले बियार, सुनील पटेल, निजाम भाई आदि उपस्थित रहें।

कहा कि यह यात्रा भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए है। जातियों का भेदभाव समाप्त होना चाहिए। आबादी के साथ ही जातियों को उनका अधिकार भी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार ने जातीय जनगणना करके एक उदाहरण पेश किया है। अन्य राज्यों में भी इसका पालन होना चाहिए। अभी तक प्रदेश में धान खरीद शुरु नहीं हुई है। गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हो पाया है। इसी क्रम में मड़िहान में विकास खण्ड राजगढ़, विकास खण्ड पटेहरा, विकास खण्ड जमालपुर आंशिक, नगर पालिका अहरौरा क्षेत्रों में पीडीए साईकिल जन जागरण यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर रविन्द्र बहादुर सिंह, सुरेन्द्र पटेल, गणेश केशरी, जमुना यादव, विजय कुमार यादव, मुमताज अहमद, रामजी मौर्या, निराला कोल, संजय यादव, रणजीत यादव आदि उपस्थित रहें।

## सपा कार्यकर्ताओ ने निकाली वोट चोर गद्दी छोड़ साइकिल यात्रा



**हलिया (मिर्जापुर)।** समाजवादी पार्टी का वोट चोरी के विरोध में शुक्रवार को हलिया के बरी गांव स्थित पेट्रोल पंप से समाजवादी पार्टी के जिला सचिव संजय सिंह व अशोक मिश्रा के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के हलिया ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने साइकिल यात्रा निकालते हुए वोट चोर गद्दी छोड़ के नारा लगाते हुए साइकिल यात्रा को हलिया बाजार से होते हुए भटवारी पुल पर पहुंचकर समाप्त किया। सपा कार्यकर्ताओ ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारों पर काम कर रहा है। वोट चोरी को लेकर सपा कार्यकर्ताओ ने बरी पेट्रोल पंप से भटवारी पुल तक साइकिल यात्रा निकालते हुए वोट चोर गद्दी छोड़ के नारा लगाते हुए साइकिल यात्रा को समाप्त किया है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मुकुंद लाल यादव, पिंटू पांडेय, शिवधनी कोल, शांति कोल, रमेश यादव, रविन्द्र कोल, वाहिद पठान, कासिम खान, श्याम बहादुर पाल, अंकित सिंह, रत्नाकर सिंह, संगम मौर्य, राजेन्द्र मौर्य, एकलाख खान, रामजी तिवारी, शिव प्रसाद तिवारी आदि सहित सपा के कार्यकता मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत बरी व बसुहरा में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने सुनी समस्याएं




**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड क़े ग्राम पंचायत बरी व बसुहरा गांव में शुक्रवार को शासन के निर्देश पर आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प,किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन की मांग ग्रामीणों ने रखी। ग्राम पंचायत बरी क़े पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी सुशील कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। जिसमे हैंडपम्प, शौचालय आवास व वृद्धा पेंशन के मांग की समस्या को रखा एडीओ एसटी ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया है। ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार् ग्राम पंचायत बसुहरा के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी सुशील कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जिसमें पेंशन, आवास,हैंडपम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय चक रोड की मांग को ग्रामीणों ने रखी। जिसमे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यो का सचिव ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया की ग्राम पंचायत बरी व बसुहरा में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय,राशन कार्ड, हैंडपम्प मरम्मत की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान ग्राम प्रधान बरी विजय प्रकाश सिंह उर्फ बाबा, बसुहरा रामाश्रय निषाद,सचिव बाल कृष्ण पंचायत सहायक मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन पर दिव्यांग ट्रॉली पथ बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत मऊ।**मुहम्मदाबाद गोहना मेंदिव्यांग कल्याण सेवा ट्रस्ट कलेक्ट कैंपस मऊ के लोगों ने शुक्रवार को मुहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन पर दिव्यांग हेतु ट्रॉली पथ बनाने के संबंध में दिव्यांगों ने एसडीएम एवं रेलवे स्टेशन मास्टर को रेलवे स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए ट्राली पथ बनाने के लिए एक ज्ञापन पत्र देकर इन सभी सुविधाओं की मांग किया। दिव्यांगों ने अपने व्हीलचेयर तथा पैदल चलकर तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर उपजिलाधिकारी अभिषेक गोस्वामी एवं रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर स्टेशन अधीक्षक सूर्यनाथ गोंड को दिव्यांगों ने ज्ञापन सौंपा । दिव्यांगों द्वारा दिए गए ज्ञापन पत्र में इस बात का उल्लेख है कि मुहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1 से 2 एवं 3 पर जाने के लिए ट्रॉली पत्र बनाने की आवश्यकता है, ताकि दिव्यांग बुजुर्ग एवं बीमार व्हील चेयर से प्लेटफार्म नंबर 1 से 2 और 3 पर जा सकें । मुहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन पर टिकट बुकिंग पर जो रैंप बनाया जा रहा है उस पर आसानी से दिव्यांग लोग नहीं जा सकते हैं। इसके लिए रेलवे प्रशासन कृपया रैंप दिव्यांगों के सुविधा अनुसार बनाया जाए। ज्ञापन देने वालों में दिव्यांग कल्याण सेवा ट्रस्ट के प्रबंधक गिल्लूराम, अनीता चौहान, दुर्गेश कुमार, नीतू, शैलेश, राम विलास, प्रज्ञा दीप, आरती, अनिरुद्ध आदि दिव्यांग साथ रहे।

## श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने दो किशोर को दुकान पर कार्य करने पर दुकानदार को दी नोटिस

**हलिया (मिर्जापुर)।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश रंजन ने हलिया बाजार में शुक्रवार को दुकानों का औचक निरीक्षण कर दुकानदारों को नोटिस दिया।

शुक्रवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने हलिया बाजार के दो दुकानों पर किशोर को कार्य करते समय नोटिस दी है कस्बा स्थित एक मिष्ठान की दुकान पर औचक पहुंचे जहां 17 वर्ष के एक किशोर द्वारा दुकान पर कार्य करता मिला जिस पर दुकान दार को नोटिस देकर कार्यवाही की बात कही वहीं बाजार स्थित एक बाइक रिपेयर की दुकान पर पहुंचे जिसमें वहां भी एक किशोर द्वारा कार्य करता मिला जिसे नोटिस दी गई। अधिकारियों के आने की भनक लगते ही अन्य दुकानदारों ने अपना शटर गिरा दिया। जिससे बाजार में दो घंटे सन्नाटा पसरा रहा।

## विकासपरक योजनाओं में प्रगति में सुधार लाने का निर्देश, लापरवाही पर तय होगी कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन तहसील सभागार में शुक्रवार को एसडीएम राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो की समीक्षा को लेकर नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, पटल सहायक की बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करना और विकासात्मक गतिविधियों को गति देना रहा। बैठक में तमाम बिंदु जैसे राइट ऑफ वें, सीएम कृषक दुर्घटना, ई खसरा, आय, जाति, निवास,आरसीसीएमएस डैशबोर्ड, एंटी भू माफिया,वसूली, स्वामित्व डैशबोर्ड,आईजीआरएस,फॉर्मर रजिस्ट्री, न्यायालय में लंबित पत्रावलियां आदि बिंदुओं पर तमाम समीक्षा कर रैंकिंग में जल्द से जल्द सुधार करने की बात कही गई। वहीं इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए सम्बन्धित को आगाह करते हुए कहा कि वे दायित्व के साथ कार्य करके लक्ष्यों को पूरा करें। ताकि रैंकिंग में अपेक्षित सुधार आ सके। वहीं उन्होंने कहा कि यदि पुनः समीक्षा के दौरान जिन उदासीन विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रैंकिंग खराब पायी गई, तो निश्चित ही उनके विरुद्ध अब जवाब देही तय करते हुए कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। जिसके लिए वे स्वयं उत्तदायी होंगे। इस दौरान नायब तहसीलदार गौरव प्रताप सिंह, राजस्व निरीक्षक योगेंद्र यादव, राजीव सिंह, रामाशीष सहित समस्त कानूनगो व लेखपाल मौजूद रहें।


**सूचना**

मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम कुसुम लता कटियार दर्ज है, जबकि कुछ में त्रुटि बस कुसमा दर्ज हो गया है, उपरोक्त दोनों नाम मेरे हैं इसे सही वा सत्य माना जाए। कुशमा पत्नी विश्वनाथ नि0 विकास नगर सिकंदरा कानपुर दे0 ।(32)

सी.आर.-1101/K-32

**सूचना**

आधार कार्ड संख्या 480688957778 में मेरे पुत्र का नाम शुभ गुप्ता एवं जन्मतिथि 01. 01.2009 भूलवश अंकित हो गई जबकि हमारे समस्त शैक्षिक अभिलेख व जन्म प्रमाणपत्र में नाम शुभम गुप्ता एवं जन्मतिथि 25.10. 2009 दर्ज है जिसे हमारे सभी शैक्षिक अभिलेख में पढ़ा और लिखा जाए। सुजीत कुमार पुत्र विश्वनाथ नि. गदनपुर बडडू मकरंद नगर तहसील व जिला कन्नौज। (48)

सी.आर.-1101/K-48

**सूचना**

मैने अपने पुत्र ध्रुवकुमार के चालचलन से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है उसके किसी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार ना होगा। राकेश कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद नि. ग्राम धौरहरा थाना अरौल तहसील बिल्हौर कानपुर नगर। (35)

सी.आर.-1101/K-35


## अघोराचार्य बाबा कीनाराम का 426वां जन्मोत्सव कार्यक्रम

**स्वतन्त्र भारत दिलदारनगर (गाजीपुर)।** स्थानीय क्षेत्र के देवल गांव स्थित बाबा कीनाराम मठ पर शुक्रवार को अघोराचार्य बाबा कीनाराम का 426 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। बाबा के धूनी स्थल पर पूजन अर्चन कर श्रद्धालु निहाल हो गए। वही क्रीं कुंड वाराणसी के पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी महाराज ने मठ परिसर में बाबा कीनाराम की मूर्ति का पूजन अर्चन अघोर परंपरा से कर प्राण प्रतिष्ठा किया।हर हर महादेव व बाबा कीनाराम के जयकारे से वातावरण गूंजता रहा।इसके बाद बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई।प्रसाद ग्रहण कर गांव नगर सहित दूर दराज सहित बिहार से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर निहाल हो गए।रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ भक्त रात पर भक्ति गीत पर झूमते रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक ओमप्रकाश सिंह,नरेंद्र प्रताप सिंह,सन्नी सिंह,रविकांत सिंह,रंगनाथ सिंह, दिनेश प्रधान,पूर्व विधायक सुनीता सिंह,सिंघासन सिंह,साधु ओम राम, अभिनव सिन्हा

## जिला अपराध निरोधक कमेटी ने जिला कारागार में शिविर का किया आयोजन

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** खबर गाजीपुर जिले से है । जहां उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिला अपराध निरोधक कमेटी गाज़ीपुर के बैनर तले महर्षि विश्वामित्र स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आनन्द मिश्रा के सहयोग से जिला कारागार गाज़ीपुर में आज दिन शुक्रवार को डा. अनुकृति सिंह के साथ डॉ. संतोष कुमार यादव , रोहित प्रकाश वर्मा (फार्मासिस्ट) , जेल के डॉ. संतोष जायसवाल , भुवनेश कुमार (फर्मासिस्ट) चर्मरोग (त्वचा रोग) शिविर का आयोजन किया गया था । जिसमें कुल 676 कैदीयों के मौजूदगी में 170 त्वचा रोग से ग्रसित बन्दी पाए गए इस मौके पर जिला अपराध निरोधक समिति के (जिला सचिव) अभिषेक कुमार सिंह सहित सुजीत कुमार सिंह, विनीत चौहान मौजूद रहे । इस कार्यक्रम के अंत में (जेल अधीक्षक) जगदंबा प्रसाद दुबे ने जिला अपराध निरोधक कमेटी गाजीपुर के सदस्यों को भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए, बधाई दिया ।

# आकांक्षी ब्लॉक के सूचकांकों में सुधार लाने के लिए बीडीओ ने विभागों के साथ किया समीक्षा बैठक



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड सभागार में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लॉक के समस्त सूचकांकों की प्रगति बढ़ाने हेतु विभागो के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य एव पोषण,शिक्षा,पंचायती राज,कृषि और पशुपालन विभाग,ग्रामीण विकास विभाग,नमामी गंगे एवं ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में खंड विकास अधिकारी ने संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अपने अपने विभाग से सम्बन्धित त्रुटि वाले डेटा में सुधार करें और अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करे। जिससे आकांक्षी ब्लॉक के रैंक प्रदेश में शीर्ष स्थान पर रहे। इस अवसर पर सीएम फेलो गौरव सिंह,प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार,खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चन्द्र यादव,बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रवेश प्रजापति,सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, एडीओ आईएसबी हरिओम बिंद,यूनिसेफबी एम सी अंकित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## घर में सेंध लगाकर सत्तर हजार नकदी सहित आभूषण चोरी

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में पक्के मकान में सेंध लगाकर चोर घर के भीतर रखा सत्तर हजार रूपए नकद व आभूषण उठा ले गए।शुक्रवार सुबह आठ बजे घर का दरवाजा खोलकर गृहस्वामी राम आसरे शर्मा ने देखा कि बाक्स का ताला टूटा पड़ा है और कपड़े बिखरे हुए हैं। बाक्स में रखा सत्तर हजार रुपए व आभूषण गायब देख होश उड़ गए। पीड़ित ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान व पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई। गृहस्वामी ने शुक्रवार दोपहर अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।दी गई तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया कि पक्के मकान के पीछे से गुरुवार की देर रात दीवार में सेंध लगाकर घर के भीतर घुसे चोर बाक्स का ताला तोड़कर उसमें रखा सत्तर हजार रुपए नकद व चांदी के आभूषण कर्णफूल, चांदी का छह नग लच्छा उठा ले गए। पीड़ित तहरीर देकर घटना का खुलासा किए जाने की मांग की है।


**अदालती सूचना**

बअदालत सिविल जज (सी.डि.) फास्ट ट्रैक, फतेहपुर
वाद संख्या– 38 सन् 1999
शिवगोपाल दीक्षित बादहू श्रीमती प्रभा दीक्षित आदि बनाम–जयनारायण दीक्षित बादहू आशीष पाण्डेय आदि (01) श्रीमती प्रभा दीक्षित आयु करीब 75 वर्ष पत्नी स्व. शिवगोपाल दीक्षित निवासिनी– बर्रा 02 प्लाट नं. 02, 80 फिट कानपुर नगर व अन्य
बनाम – 03/01. श्रीमती दीप्ती मिश्रा वयस्क पुत्री सरला पाण्डेय पत्नी विशाल मिश्रा निवासिनी– 47 एमआईजी विवेक विहाल बर्रा – 05 कानपुर नगर 03/02. श्रीमती त्र्प्ती बाजपेई वयस्क पुत्री सरला पाण्डेय पत्नी नीरज बाजपेई निवासिनी– मकान नं. 127/610 एस. ब्लाक बिनोबा नगर जूही डिपो कानपुर नगर। हाल मुकाम– 58/86 ए. बिरहाना रोड कानपुर नगर।
हरगाह वादीगण मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख़ माह सन् ई. बनाम मुद्दाअलेह से रुजू की थी, जो बाद में फौत हो गया और हरगाह मुद्दाअलेह मजकूर ने एक दरख्वास्त इसअदालत में गुजरानी है, जिसमें वह लिखता है कि आप मुतदफ्ती मजकूर के क़ायम मुक़ाम क़ानूनी हैं और चाहता है कि आप बजाये उसके मुद्दई बनाये जाये लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख़ 28 माह 08 सन् 2025 ई. बवख़्त 10 बजें दिन इस अदालत में हाजिर होकर मुक़दमा की जवाबदेही करिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुक़दमा बगैर हाजिर आपके मुसमूआ फैसला होगा। बसख़्त मेरे दस्तख़त और मोहर अदालत के आज बतारीख़ 20.08.2025 ई. को जारी किया गया। मुंसरिम, न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) फास्ट ट्रैक, फतेहपुर।

सी.आर.-1101/K-CN

**अदालती सूचना**

इत्तिलानामा बनाम रेस्पॉन्डेन्ट मुशहर इत्तिला तारिख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाये (आर्डर 41 कायदा 14)
न्यायालय श्रीमान जिला जज कानपुर नगर
लघुवाद निगरानी सं. 75/2025
गोविन्द प्रसाद उम्र लगभग 62 वर्ष पुत्र स्व. रामचरन नि. प्लाट नं. 69 मेन रोड बर्रा–2 कानपुर नगर...निगरानीकर्ता
बनाम– सुनील कुमार कटियार उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व. गया प्रसाद कटियार नि. प्लाट नं. 69 मेन रोड बर्रा–2 पोस्ट बर्रा कानुपर नगर ...उत्तरदाता
मुत्तिला हो कि अपील बनाराजी डिगरी मुकदमा मन्दराजा वाला मैने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने दिनांक 25.08.2025 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर स्वयं आप या आपका वकील कोई और व्यक्ति जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजिर में सवाल जवाब करने का मामला हो हाजिर न आयेगा तो उनकी समाअत और तदवीज आपकी गैरहाजिरी में की जायेगी। आज दिनांक 23.07.2025 ई. को मेरे हस्ताक्षर और मुहर अदालत में जारी किया गया। आज्ञा से, सदर मुंसरिम जिला जज कानपुर नगर।

सी.आर.-1101/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय रसूलाबाद कानपुर देहात
मुकदमा नंबर 17/2025
वादी –निर्मल कुमार बनाम ईश्वर नारायन आदि साकिन केशीपुर
धारा 32/ 2 यूपी आरसी
तलबी पक्ष– 1. किरन पत्नी ईश्वर नारायन 2. शिव नारायन पुत्र विष्णु नारायन 3. भगवती शंकर पुत्र राजा राम 4. जयंती पत्नी विष्णु नारायन 5. अखलेश पुत्र ईश्वर नारायन समस्त निवासीगण ग्राम गाऊपुर परगना तहसील रसूलाबाद कानपुर देहात।
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 20.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1101/K-CN

**सूचना**

मै सपना एच. शाह पत्नी हिमांशु शाह पता हाल फ्लैट नं. 401 शंकेश्वर अर्पाटमेन्टस नं. 77 सर्पनटाइन रोड (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के सामने) बेंगलौर (कर्नाटक) पिन–560020, भवन सं. 127/45 ब्लाक 'एस' जूही कानपुर नगर की विधिक स्वामिनी हूँ उक्त भवन के मूल दस्तावेज कहीं खो गए उसका कोई दीगर व्यक्ति दुरूपयोग करता है तो वह विधि विरूद्ध होगा। दस्तावेज खोने के बावत मेरे द्वारा आन लाइन शिकायत/एफ.आई.आर. भी पोर्टल पर दिनांक 22.08.2025 को दर्ज करा दी गयी है। दिनांक– 22.08.2025 सूचना कर्ता (सपना एस. शाह)

सी.आर.-1101/K

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, औरैया**

पत्रांक. 2039/8ए/2025 दिनांक : 18.08.2025

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

1 .महामहिम राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में सुसंगत श्रेणी में "भवन कार्य" हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है :–
2.

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्यकानाम | लागत (लाख में) जी0एस0टी0 छोडकर | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | प्रा0ख0 औरैया | जिलाधिकारी कार्यालय मुख्यालय, ककोर परिसर में अनुरक्षण का कार्य। | 1.95 | 0.20 | (500.00+75.00)+ 18% GST=679.00 | 01 माह | 'ए'बी,सी,डी,ई |

बिड डॉक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 25.08.2025 से 30.08.2025 (दोपहर 12:00 बजे) तक उपलब्ध हैं जो कि वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं, भरे हुए बिड डाक्यूमेन्ट ऑनलाइन द्वारा उक्त वेबसाइट पर दिनांक 30.08.2025 को दोपहर 12.00 तक अपलोड किये जा सकते हैं। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 30.08.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित समस्त नियम व शर्तें http://etender.up.nic.in एवं Prahari Software Website http://wms.uppwd.gov.in पर उपलब्ध है।

(अमर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, औरैया

उ0प्र0 237068 दिनांक– 22.08.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



**स्वतंत्र भारत**

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96
कानपुर, शनिवार, 23 अगस्त, 2025

# खत्म हो सकता है गाजा शहर : इजरायल

**यरूशलम।** युद्ध विराम वार्ता के बीच इस्राइल के रक्षा मंत्री ने हमास को चेतावनी दी है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा अगर हमास इजरायल की शर्तों को

### हमास को दी शर्तें मानने की चेतावनी

नहीं मानता है तो गाजा शहर को नष्ट किया जा सकता है। इजरायल इस क्षेत्र में बड़े आक्रमण की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सेना को गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए अधिकृत करने की घोषणा के एक दिन बाद रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने चेतावनी दी कि गाजा का सबसे बड़ा शहर राफा और बेत हनून में बदल सकता है। काट्ज़ ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि गाजा में हमास के हत्यारों और दुष्कर्मियों के सिर पर जल्द ही नरक के द्वार खुल जाएंगे। जब तक कि वे युद्ध समाप्त करने के लिए इजरायल की शर्तों पर सहमत नहीं हो जाते।



उन्होंने इस्राइल की युद्धविराम की मांगों को दोहराया। इसमें सभी बंधकों की रिहाई और हमास का पूर्ण निरस्त्रीकरण शामिल है। हमास ने कहा है कि वह युद्ध समाप्त करने के बदले में बंदियों को रिहा कर देगा, लेकिन फलस्तीनी राज्य के निर्माण के बिना निरस्त्रीकरण को अस्वीकार करता है। इजरायली सेना ने बताया कि देश के रक्षा मंत्री ने गाजा सिटी के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में नई कार्रवाई को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 60,000 नए रिजर्व सैनिकों को बुलाया जाएगा और 20,000 पहले से तैनात रिजर्व सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ाई जाएगी। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, गाजा सिटी के उन हिस्सों में अभियान चलाया जाएगा जहां अब तक इजरायल ने जमीनी कार्रवाई नहीं की है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य हमास का भूमिगत सुरंग नेटवर्क है।

## थाईलैंड के पूर्व पीएम शाही मानहानि मामले से बरी

**बैंकॉक।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को शाही मानहानि मामले में बड़ी राहत मिली है। पूर्व पीएम शिनावात्रा ने कहा कि शुक्रवार को एक अदालत ने उन्हें मानहानि के मामले में बरी कर दिया। उनके वकील विन्यात चैटमोंट्री ने भी बरी किये जाने के फैसले की पुष्टि की। 76 वर्षीय थाकसिन मुस्कुराते हुए अदालत कक्ष से बाहर निकले और उन्होंने सबसे पहले फैसला सुनाया तथा पत्रकारों के सवालों का जवाब एक ही शब्द में दिया कि खारिज। अदालत ने कहा कि गवाह और साक्ष्य दोषसिद्धि के लिए बहुत कमजोर थे।

## एक नज़र

### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में उनकी गिरफ्तारी हुई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को कोलंबो में क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) ने पूर्व राष्ट्रपति को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे शुक्रवार को एफसीआईडी के सामने पेश हुए थे। यहां पर वह अपना बयान दर्ज कराने के लिए पहुंचे थे। अधिकारियों का कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति की गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा। विक्रमसिंघे जुलाई 2022 में गोटाबाया राजपक्षे के शेष कार्यकाल के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति बने थे। कथित भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के विरोध में महीनों तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद गोटाबाया राजपक्षे ने अपना पद छोड़ दिया था। श्रीलंका में साल 2022 में देश में आए सबसे बुरे वित्तीय संकट के लिए राजपक्षे को ही जिम्मेदार माना जाता है। विक्रमसिंघे सितंबर में अपनी पुनः चुनावी बोली हार गए थे।

### कोलंबिया : दो हमलों में 17 की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में हुए बड़े हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई है। एक हमले में विस्फोटक से भरी कार से एक सैन्य स्कूल के पास धमाका किया गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं एक दूसरे हमले में पुलिस के हेलीकॉप्टर को निशाना बनाया गया, जिसमें 12 पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने दोनों घटनाओं में उग्रवादी संगठन रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस ऑफ कोलंबिया को जिम्मेदार ठहराया है। इस गुट को फार्क के नाम से भी जाना जाता है। राष्ट्रपति पेत्रो ने सोशल मीडिया पर साझा एक बयान में कहा कि हेलीकॉप्टर में सवार पुलिसकर्मी एंटीक्वा इलाके में कोका पत्ती की फसल को तबाह करने जा रहे थे। कोका पत्ती कोकीन ड्रग्स के लिए कच्चे माल की तरह इस्तेमाल किया जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि जिस कोकीन को पुलिसकर्मी जब्त करने जा रहे थे, वह फार्क की ही थी।

### मनीलॉड्रिंग मामले में घिरे ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो मनी लॉड्रिंग मामले में घिर गए हैं। पुलिस ने उन पर मार्च 2023 और फरवरी 2024 के बीच 50 लाख डॉलर का लेनदेन करने के आरोप लगाए हैं। वहीं बोल्सोनारो ने कहा कि राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा की सरकार उन्हें राजनीतिक रूप से प्रताड़ित कर रही है। बोल्सानारो एक जनवरी, 2019 से 31 दिसंबर, 2022 तक ब्राजील के राष्ट्रपति रहे। उन पर तख्तापलट की साजिश करने का भी आरोप है। इस मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों का एक पैनल सजा सुनाएगा। वे दो से 12 सितंबर के बीच अपना फैसला सुनाएंगे। अगर अटॉर्नी जनरल उन पर न्याय में बाधा डालने का आरोप लगाने का निर्णय लेते हैं तो पूर्व राष्ट्रपति को एक और मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है।

### दक्षिण अमेरिका में 8 की तीव्रता से कांपी धरती

**वॉशिंगटन।** दक्षिण अमेरिका में शुक्रवार सुबह (स्थानीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके ड्रेक जलमार्ग में आए। इसकी तीव्रता रिक्ट पैमाने पर 7.4 से 8 के बीच बताई गई। इसे लेकर इलाके में सुनामी की चेतावनी भी जारी कर दी गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, 7.4 तीव्रता का भूकंप समुद्र में आया। इसका केंद्र 36 किलोमीटर गहराई में था। हालांकि, अमेरिकी एजेंसियों ने भूकंप की तीव्रता आठ बताई।

### गिनी में बारिश व भूस्खलन से 11 की मौत

**कोनाक्री (गिनी)।** पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी की राजधानी कोनाक्री से 50 किलोमीटर दूर कोयाह प्रांत में भारी बारिश के कारण भूस्खलन में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अनुसार भूस्खलन कोयाह प्रांत के ग्रामीण क्षेत्र मानेह में हुआ। स्थानीय निवासी कोने पेपे ने बताया, कल शाम करीब सात बजे बारिश हो रही थी। मैंने देखा कि अचानक पहाड़ टूटकर तलहटी में बने घरों पर गिर गया। इसके मलबे में घर दफन हो गए। कोई भी जीवित नहीं बचा।

### कर्नाटक विधानसभा में डीके शिवकुमार ने गाया आरएसएस का गान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार राज्य विधानसभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का गान गाकर विवादों में घिर गए। शिवकुमार द्वारा आरएसएस की संघ प्रार्थना, नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि गाते हुए एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हालांकि, शिवकुमार ने स्पष्ट किया है कि उनकी भाजपा में शामिल होने की कोई योजना नहीं है और वह जन्म से लेकर जीवनपर्यंत कांग्रेसी हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार ने बृहस्पतिवार को राज्य विधानसभा में चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ पर चर्चा के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रार्थना की कुछ पंक्तियां गाकर सबको चौंका दिया। आईपीएल में आरसीबी की जीत के बाद आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। शिवकुमार को उस समय आरएसएस की शाखाओं में की जाने वाली प्रार्थना 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' की शुरुआती कुछ पंक्तियां गाते देखा गया जब भाजपा विधायक उन पर 'भगदड़ के दौरान उकसाने' का आरोप लगा रहे थे।

## अब अमेरिका में ट्रक नहीं चला पाएंगे विदेशी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर की गलती और तीन लोगों की मौत के बाद बड़ा ऐलान कर दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर कहा है कि तत्काल प्रभाव से कमर्शियल ट्रक ड्राइवर्स के लिए वर्कर वीजा पर रोक लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में विदेशी ट्रक ड्राइवरों की संख्या बहुत ज्यादा हो गई है। इनसे अमेरिकियों कके जीवन को खतरा है और अमेरिकी ड्राइवरों की रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

## जेलेंस्की के फैसले पर टिका संघर्ष विराम

**वॉशिंगटन।** अलास्का में यूक्रेन के साथ युद्ध विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ चर्चा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर

### पुतिन ने ट्रंप के सामने रखीं तीन शर्तें

पुतिन ने तीन अहम शर्तें रखी हैं। इसमें डोनबास क्षेत्र में यूक्रेन का आत्मसमर्पण, नाटो सदस्यता पाने की कोशिश और पश्चिमी देशों की सैनिकों की तैनाती न करने मांग शामिल है। ट्रंप ने पुतिन की इन मांगों के बारे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की है। संघर्ष विराम अब जेलेंस्की के फैसले पर टिक गया है। अगर



जेलेंस्की मॉस्को की इन शर्तों को मान लेते हैं तो तीन साल से चल रहा युद्ध समाप्त हो सकता है। बीते हफ्ते अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद सोमवार को ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक की। ट्रंप ने इस बैठक के दौरान साफ किया कि वे किसी तरह के संघर्ष विराम को लागू करने की जगह सीधा शांति समझौते की तरफ जाना चाहते हैं। शीर्ष अधिकारियों ने बताया कि अलास्का में बैठक के दौरान पुतिन ने साफ तौर पर तीन मांगे रखी हैं। पुतिन ने जून 2024 में की गई मांग को दोहराते हुए कहा कि यूक्रेन डोनबास के उन हिस्सों से पूरी तरह हट जाए जिन पर अभी भी उसका नियंत्रण है। इसके बदले में रूस दक्षिणी क्षेत्र के जापोरिज्जिया और खेरसॉन में मौजूदा अग्रिम मोर्चे को रोक देगा।

## 'रूस के लिए लॉन्ड्री सर्विस है भारत'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने रूसी तेल खरीद को लेकर एक बार फिर

### ट्रंप के सलाहकार का बड़ा हमला


भारत पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत क्रेमलिन के लिए लॉन्ड्रोमैट (सेल्फ लॉन्ड्री सर्विस) बन गया है। नवारो ने कहा कि रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे परिष्कृत कर ऊंचे दामों पर बेचने की प्रक्रिया से यूक्रेन युद्ध में परोक्ष रूप से वित्तीय मदद मिल रही है। नवारो का यह बयान उस समय आया है जब कुछ ही दिन पहले उन्होंने एक लेख में भारत पर रूस और चीन दोनों से करीबी संबंध रखने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि भारत अपनी नीतियों पर पुनर्विचार नहीं करता तो अगले हफ्ते अमेरिकी टैरिफ दोगुने हो सकते हैं। उन्होंने भारत को टैरिफ का महाराजा करार दिया है। वाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में नवारो ने कहा, यह कहना बकवास है कि भारत को अपनी घरेलू अर्थव्यवस्था चलाने के लिए रूसी तेल की जरूरत है। जब फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, तब भारत लगभग 1 प्रतिशत भी तेल रूस से नहीं खरीदता था। लेकिन युद्ध शुरू होते ही अचानक भारत की खरीद बढ़ गई।

## टैरिफ तनाव के बीच अमेरिकी सांसदों से मिले भारतीय राजदूत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की। भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी सांसदों से

### व्यापार समेत कई मुद्दों पर हुई बात

द्विपक्षीय व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की। भारतीय राजदूत ने सीनेटर बिल हेगर्टी को भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए निरंतर और मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों के लिए जारी द्विपक्षीय चर्चाओं के बारे में उन्हें जानकारी दी। उन्होंने सीनेटर हेगर्टी के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हाइड्रोकार्बन में भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते व्यापार पर भी अपना दृष्टिकोण साझा किया। इसके अलावा क्वात्रा




ने कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन के साथ भी बातचीत की और उन्हें द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। इससे पहले क्वात्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी और साइबर उपसमिति, हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के रैंकिंग सदस्य प्रतिनिधि जोश गोटेहाइमर से मुलाकात की। क्वात्रा ने उनसे तेल और गैस में दोतरफा व्यापार और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों पर चर्चा की।

## एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का लंदन में निधन

**लंदन।** प्रमुख एनआरआई उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का बृहस्पतिवार शाम (स्थानीय समयानुसार)

### 94 की उम्र में ली अंतिम सांस

लंदन में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह 94 साल के थे। हाल ही में बीमार पड़ने के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में अंतिम सांस ली। ब्रिटेन स्थित कैपारो ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक पॉल का जन्म पंजाब के जालंधर में हुआ था। 1960 के दशक में वह अपनी



छोटी बेटी अंबिका के कैंसर के इलाज के लिए ब्रिटेन गए थे। लेकिन बेटी की चार साल की उम्र में मृत्यु हो गई, जिसके बाद पॉल ने एक धर्मार्थ ट्रस्ट के रूप में अंबिका पॉल फाउंडेशन की स्थापना की। इस संस्था ने शिक्षा और स्वास्थ्य पहलों के माध्यम से दुनिया भर के बच्चों और युवाओं के कल्याण के लिए लाखों डॉलर का दान किया।

### पीएम मोदी ने व्यक्त की संवेदना

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, श्री स्वराज पॉल जी के निधन से गहरा दुख हुआ। ब्रिटेन में उद्योग, परमार्थ कार्यों और जनसेवा में उनके योगदान और भारत के साथ घनिष्ठ संबंधों के लिए उनके अटूट समर्थन को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा, मुझे हमारी कई मुलाकातें याद आती हैं। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति।

## इमरान खान का भांजा लाहौर से अगवा

**लाहौर।** पाकिस्तान में इन दिनों सियासी पारा अपने चरम पर है। कारण है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-

### सेना की आलोचक रही हैं पूर्व पीएम की बहन अलीमा

ए-इंसाफ (पीटीआई) ने उनके भांजे शाहरेज खान को अगवा किए जाने का आरोप लगाया है। शाहरेज, इमरान की बहन अलीमा खान के बेटे हैं। पार्टी के वकील राणा मुदस्सर उमर ने बताया कि अब तक किसी भी केस में शाहरेज का नाम नहीं आया है और न ही वे राजनीति से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि शाहरेज खान को लाहौर स्थित उनके घर से सादे कपड़े पहनकर आए लोगों ने अगवा कर लिया। पार्टी के मुताबिक शाहरेज



ऑस्ट्रेलिया की एक बड़ी लिनेन कंपनी के रीजनल हेड और ट्रायथलीट हैं। उन्हें घर से जबरन उठाया गया। घरेलू सहायकों के साथ मारपीट हुई और शाहरेज को उनके दो बच्चों के सामने प्रताड़ित भी किया गया। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि एक दिन पहले उन्हें अपनी पत्नी के साथ लाहौर एयरपोर्ट से यात्रा करने से रोका गया था। उन्हें जबरन फ्लाइट से उतार दिया गया था।

## भारत और चीन के बीच टैरिफ गेम पर ट्रंप को चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने पर विशेषज्ञों ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है। विशेषज्ञों का

### विशेषज्ञों ने कहा संबंधों पर पड़ेगा असर

### विदेश नीति में बताया सबसे मूर्खतापूर्ण कदम

कहना है कि रूस से तेल खरीदने पर भारत पर टैरिफ लगाने और चीन को बचाने से अमेरिका को ही नुकसान हो सकता है। भारत पर टैरिफ लगाने से दोनों देशों के संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा। भू-राजनीतिक और आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के खिलाफ इस हमले का भारत-अमेरिका संबंधों पर



दूरगामी और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। ट्रंप की सहयोगी निक्की हेली ने एक लेख में कहा कि चीन को पछाड़ने के अमेरिकी विदेश नीति के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अमेरिका और भारत के बीच संबंधों को पटरी पर लाने से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ और नहीं है। भारत से मूल्यवान स्वतंत्र और लोकतांत्रिक साझेदार की तरह व्यवहार किया जाना चाहिए, न कि चीन जैसे प्रतिद्वंद्वी की तरह। भू-राजनीतिक विशेषज्ञ फरीद जकारिया ने अमेरिका भारत संबंधों को खराब करने के लिए ट्रंप की आलोचना की। जकारिया ने कहा कि ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए दंडात्मक टैरिफ अमेरिका की सबसे बड़ी विदेश नीति गलती थी। अगर ट्रंप अपना रुख बदल भी देते हैं, तो भी नुकसान हो चुका है। अमेरिकी अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के ट्रंप के कदम की आलोचना करते हुए कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ब्रिक्स के महान एकीकरणकर्ता हैं। उन्होंने टैरिफ को अमेरिकी विदेश नीति में सबसे मूर्खतापूर्ण रणनीतिक कदम कहा। वरिष्ठ अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने भी भारत पर टैरिफ लगाने के लिए ट्रंप की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि टैरिफ से वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच मजबूत साझेदारी बनाने के लिए दो दशकों से अधिक समय से किए जा रहे सावधानीपूर्वक कार्य को खतरा है। हमारे बीच गहरे रणनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच संबंध हैं। चिंताओं का समाधान हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप पारस्परिक सम्मान के साथ किया जाना चाहिए।




## प्यारे फरी फ्रेंड्स के साथ खूबसूरत रिश्ते!



डॉग्स सिर्फ पेट्स नहीं होते, ये हमारे दोस्त, तनाव कम करने वाले और निःस्वार्थ प्यार देने वाले साथी भी होते हैं। इस इंटरनेशनल डॉग डे पर, एण्डटीवी के आपके पसंदीदा सितारों ने अपने इन प्यारे दोस्तों के साथ अपने रिश्ते और उनके होने से मिली खुशियों के बारे में बात की। पारस अरोड़ा ऊर्फ आगामी शो 'घरवाली पेड़वाली' के जीतू ने कहा, ''मेरे एक करीबी दोस्त के घर पर दो कुत्ते हैं, डस्टी और ऑरियो और मैं उन्हें बहुत पसंद करता हूँ। उनके प्यार और एनर्जी से मेरे दिन की थकान तुरंत दूर हो जाती है।'' गीतांजलि मिश्रा, जोकि ''हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ''डॉग्स हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहे हैं, और मेरा बम बम मेरे लिए एक बच्चे जैसा है। उसकी मौजूदगी घर में पॉज़िटिविटी भर देती है और चाहे दिन कितना भी थका देने वाला हो, वह हमेशा मेरा मनोबल बढ़ा देता है। इस इंटरनेशनल डॉग डे पर मैं यही संदेश देना चाहती हूँ कि इन नन्हे और बेजुबान जीवों के प्रति करुणा रखने से दुनिया और दयालु बन सकती है।'' विदिशा श्रीवास्तव यानी 'भाबीजी घर पर हैं' की 'अनीता भाबी' बताती हैं, मेरा डॉग फॉक्सी सिर्फ पेट नहीं है, बल्कि मेरा सबसे अच्छा दोस्त और परिवार का हिस्सा है।

## सागर पारेख ने अपना सपना किया सच!



हर कलाकार का सपना होता है बड़ा मुकाम हासिल करना, लेकिन उस सपने को सच करने के लिए लगती है लगातार मेहनत, अनगिनत घंटे सेट पर बिताना और दर्शकों का मनोरंजन करने का अटूट जज़्बा। ज़ी टीवी के शो 'जागृति - एक नई सुबह' में आकाश का किरदार निभा रहे सागर पारेख के लिए अब ज़िंदगी का एक गर्व भरा पल आया है। बरसों की मेहनत और दिल जीत लेने वाले अभिनय के बाद सागर ने खुद को अपनी दूसरी लग्ज़री एसयूवी गिफ्ट की है। यह गाड़ी उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से खरीदी है, और यही बात उनके जुनून, मेहनत और कला के प्रति लगन को और खास बनाती है। मालूम हो कि 'जागृति - एक नई सुबह' रोज रात 11 बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है। इस बार सागर ने हाल ही में लॉन्च हुई नई एसयूवी घर लाई है, जो उनकी कारों के शौक के साथ साथ मुंबई की उबड़ खाबड़ सड़कों और भारी ट्रैफिक में आराम और स्पेस भी देती है। उनके लिए यह सिर्फ एक और लग्ज़री गाड़ी जोड़ने की बात नहीं है, बल्कि उनके अब तक के सफर का जश्न है। यह उनकी निजी जीत है, जो और भी मीठी इसलिए लगती है क्योंकि हर मुकाम उन्होंने अपनी लगन, अनुशासन और परिवार के अटूट सहयोग से हासिल किया है। बचपन में जब मैं सड़क पर ऐसी कारें देखता था तो मन ही मन सपना देखता था कि एक दिन यह मेरी होगी, और आज वो सपना मेरे गैराज में खड़ा है।

## भारत के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे : चीन

**नई दिल्ली।** भारत में चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है और इसे और बढ़ाने की धमकी भी दी है। उन्होंने कहा कि

### कहा चुप्पी से धौंस जमाने वालों का हौसला बढ़ता है

चीन इसका कड़ा विरोध करता है, और कहा कि चुप्पी से धौंस जमाने वालों का हौसला बढ़ता है और चीन भारत के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग न केवल उनके विकास के लिए, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए भी आवश्यक है- इतने बड़े आकार के दो पड़ोसी देशों के लिए, एकता और सहयोग ही साझा विकास प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। हम एशिया में आर्थिक विकास के दोहरे इंजन हैं।



भारत और चीन की एकता से पूरे विश्व को लाभ होता है। शू फेइहोंग ने कहा कि अमेरिका लंबे समय से मुक्त व्यापार से लाभान्वित रहा है, लेकिन अब टैरिफ को सौदेबाजी का हथियार मान रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है और इससे भी ज़्यादा टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि चुप रहने से धौंस जमाने वालों का हौसला बढ़ेगा और उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि चीन भारत के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

बाजार दर्पण

